
रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 20 अक्टूबर 2019






**रायपुर।** बरसों से अपनी परंपराओं को जीवंत रखने आज भी कुम्हार मिट्टी की दीये को गढ़ रहे हैं शायद इन्हीं मिट्टी के दीयों से हर घर को रौशन करने संकल्पित कुम्हार परिवार दिन-रात इन दीयों को गढ़ने में जुटा हुआ है। इस दिवाली हम भी मिट्टी के दीये से अपने घर को रौशन करें ताकि कुम्हार का परिवार भी हमारे साथ दिवाली की खुशियां बांट सके। **फोटो : राजेश जंघेल**




**रायपुर।** शासन-प्रशासन के नाक तले राजधानी रायपुर में सुप्रीम कोर्ट के गाइड लाइन की धज्जियां उड़ाते हुए कई वाहनों को देखा जा सकता है छोटे-मोटे बाइक और ऑटो चालकों के ऊपर कार्यवाही करते तो पुलिस नजर आती है लेकिन इन रईसों के ऊपर आखिर कब होगी कार्यवाही ?

# मंत्री शिव के हाथों सायकल और सुरक्षा उपकरण पाकर श्रमिकों के खिले चेहरे

## चार करोड़ के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

**पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर**
www.dailypioneer.com



नगरीय प्रशासन और श्रम मंत्री शिवकुमार डहरिया ने न्यू कृषि उपज मंडी परिसर में श्रम विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री असंगठित कर्मकार योजना और सुरक्षा उपकरण योजना के तहत हितग्राहियों को सायकल और सुरक्षा उपकरण वितरित किया। उन्होंने आरंग सहित आस-पास के गांवों में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में लगभग 4 करोड़ रूपए के विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

इनमें आरंग अतंर्गत राजीव गांधी उद्यान में सौन्दर्यीकरण, शेड निर्माण, बोट, ओपन जिम एवं खेलकूद उपकरण, चबूतरा एवं मंच निर्माण, महिला मानक भवन निर्माण, सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 82 लाख 27 हजार और सीसी रोड टॉप लेयर कार्य, नाली निर्माण, सामुदायिक भवन आदि निर्माण के लिए 75 लाख 54 हजार रूपए का भूमिपूजन तथा पारागांव में 2 करोड़ 40 लाख रूपए का विकास कार्य शामिल है। डहरिया ने इस मौके पर विश्वकर्मा श्रमिक दुर्घटना सहायता योजना के तहत श्रमिक सागर बंजारे के मृत्यु पर श्रीमती गीताजंलि बंजारे को एक लाख 5 हजार रूपए के सहायता राशि का चेक प्रदान किया।

डहरिया ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में गरीबों, किसानों सहित सभी वर्गो के हित में सामाजिक समरसता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मजदूरों के सुरक्षा एवं विकास के लिए जन्म से लेकर मृत्यु तक संचालित योजानाओं का लाभ लेने अपील की।

डॉ. डहरिया जनप्रतिनिधियों और राज्य शासन के योजनाओं का लाभ ले चुके हितग्राहियों को अन्य लोगों को भी योजनाओं के संबंध में जागरूक करने की अपील की। डॉ. डहरिया ने बताया कि अब कोई भी श्रमिक मात्र 30 रूपए भुगतान कर सुविधा केन्द्रों में पंजीयन करा सकते है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महात्मा गांधी के बताये हुए रास्ते पर चल रही है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा के अनुरूप गांवों को समृद्ध करने के लिए नरवा, गरूवा, घुरवा और बाड़ी योजना शुरू की है। पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी ने महिलाओं को आधिकार और सम्मान दिलाने का काम किया। राजीव गांधी जी ने पंचायतीराज व्यवस्था लाकर महिलाओं को आरक्षण लाकर उनका अधिकार दिलाया।

डहरिया ने कहा कि प्रदेश और देश के विकास के लिए हम सब की सहभागिता जरूरी है। कार्यक्रम में रायपुर जिला पंचायत की अध्यक्ष शारदा वर्मा, नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष करूणा तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रमिक और नगरवासी शामिल थे।

### शराबबंदी पर मंत्री लखमा का विवादित बयान बोले

# शराब पीकर खुश रहते हैं आदिवासी

- गृहग्राम नागारास में भैंस की बलि प्रथा को एक बार फिर से प्रारंभ करवाएंगे

**पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर**
www.dailypioneer.com

प्रदेश सरकार के शराबबंदी के वादे पर आबकारी मंत्री ने विवादित बयान दिया है। अक्सर बयानों के कारण चर्चा में रहने वाले प्रदेश के आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने कहा है कि बस्तर के आदिवासी शराब पीकर खुश रहते हैं और सरकार ने शराबबंदी का वादा कर दिया था। आबकारी मंत्री ने भैंसे की बलि देने की प्रथा फिर से शुरू करने की भी बात कही।

पुलिस और नक्सलियों के बीच फंसे हैं बस्तर के आदिवासी दरअसल, लोगों के हंगामे और जगह-जगह हो रहे प्रदर्शन को देखते हुए विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने सत्ता में आने पर शराबबंदी का वादा किया था। हालांकि, सरकार के नौ माह बीतने के बावजूद अभी तक इस दिशा में कुछ खास कदम नहीं उठाए गए हैं। इसके चलते सरकार लगातार विपक्ष के निशाने पर है। ऐसे में अब आबकारी मंत्री का बयान काफी चौंकाने वाला है। मीडिया से बात करते हुए आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि बस्तर के आदिवासी शराब पीकर खुश रहते हैं। आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि बस्तर के आदिवासी परेशान हैं।

यहां के लोग पुलिस और नक्सलियों के बीच फंसे हुए हैं। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन भी दिया कि, वे अपने गृहग्राम नागारास में भैंस की बलि प्रथा को एक बार फिर से प्रारंभ करवाएंगे। यह पहली बार नहीं है जब मंत्री कवासी लखमा का विवादित बयान सामने आया है। इससे पहले भी स्कूली बच्चों को नेता बनने का रास्ता बताने के दौरान एसपी और कलेक्टर का कॉलर पकड़ेने की सलाह दी थी।



### भाजपा प्रवक्ता के खिलाफ थाने में शिकायत

भाजपा प्रवक्ता के बयान से नराज कांग्रेस नेताओ ने मोर्चा खोला आपत्तिजनक कोटो डालने पर पुलिस में शिकायत दर्ज धरना प्रदर्शन की तैयारियां भाजपा इस मामले में अपने आप को अलग कर सकती है हिंदू संस्कृति का मज़ाक उड़ाते मंत्री लखमा को लेकर बनाये करवाचौथ के फूहड़ मीम पर बस्तर के कोंटा थाने में रायपुर के भाजपा नेता के विरुद्ध जुर्म दर्ज कर लिया गया है, हिंदू संघटनों और आदिवासी समाज ने इसे लेकर सख्त आपत्ति दर्ज की थी।

### यातायात के बेहतर संचालन के संबंध में बस ऑपरेटरों की ली गई बैठक

**रायपुर।** प्रदेश में यातायात के बेहतर संचालन के लिए मंत्रालय महानदी भवन में परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव मनोज पिंगुआ ने राज्य भर के बस ऑपरेटर यूनियन के प्रतिनिधियों की बैठक ली। उन्होंने बस ऑपरेटरों को यातायात में यात्रियों की सुविधा को विशेष रूप से ध्यान रखने के लिए सख्त निर्देश दिए। साथ ही इन्हें परमिट के अनुसार बसों का समय पर संचालन सुनिश्चित करने के लिए भी कहा। प्रमुख सचिव श्री पिंगुआ ने इस दौरान बस ऑपरेटरों को सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए बस स्टॉपजों में रैम्प अथवा व्हीलचेयर की व्यवस्था सुनिश्चित करने आवश्यक निर्देश दिए। इसके प्रथम चरण में प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों के बस स्टॉपजों में परिवहन विभाग के साथ बस ऑपरेटर यूनियनों को तत्परता से इसकी कार्रवाई सुनिश्चित करने के संबंध में निर्देशित किया। श्री पिंगुआ ने इस दौरान बस ऑपरेटरों की समस्याओं से संबंधित आवेदनों पर तत्परता से कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। बैठक में बस ऑपरेटरों, शासन की विभिन्न योजनाओं तथा उपलब्धियों का बसों पर बोर्ड तथा होर्डिंग्स आदि के माध्यम से दूरदराज इलाकों तक व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए।

# राजिम के अनमोल ने अंचल का गौरव बढ़ाया

**पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर**
www.dailypioneer.com



नगर के चिरंजीव अनमोल शर्मा ने नई दिल्ली के शास. लाल बहादुर शास्त्री विवि में सहायक प्राध्यापक पद पर नियुक्ति प्राप्त कर समूचे अंचल को गौरवान्वित किया है। उन्होने भारत वर्ष के समस्त प्रतिभागियों के बीच कठिन प्रतिस्पर्धा में यह पद पाया है। मात्र दो पदों पर नियमित नियुक्ति में से एक पद पर उनकी नियुक्ति होने पर पूरे नगर एवं प्रदेश में हर्ष व्याप्त है। विदित हो कि उन्होने स्थानीय टीबीएस स्कूल से मीडिल की परीक्षा पास करने के बाद पूज्य श्री रमेश भाई ओझा जी के सांदीपनी विद्या निकेतन पोरबंदर से हायर सेकेण्डरी की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान जयपुर से शास्त्री एवं आचार्य की उपाधि प्राप्त करने के बाद जम्मू कश्मीर के हरि नारायण तिवारी जी के मार्गदर्शन में श्ध्वनि स्थापने व्याकरण दर्शनशास्त्रयोरवदानमश् विषय में पीएचडी की डिग्री हासिल की। साथ ही अनमोल शर्मा ने उच्च शिक्षा संस्थानों में अध्यापन की पात्रता परीक्षा नेट जो कि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होती है उसमें पूरे देश भर में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए उन्होने जूनियर रिसर्च फेलोशीप भी प्राप्त की जिसके लिए मानव संसाधन मंत्रालय ने उन्हें सम्मानित भी किया। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली संस्कृत भाषा वाद विवाद प्रतियोगिताओं में तीन बार प्रथम स्थान प्राप्त कर उन्होने संस्कृत स्वर्ण शलाका भी प्राप्त किया। श्रीमद भागवत गीता सहित अनेक ग्रंथ उन्हें कंठस्थ हैं। केन्द्र सरकार प्रवर्तित लाल बहादुर शास्त्री संस्कृत विवि भारत वर्ष का लब्ध प्रतिष्ठित संस्थान है। यहां पर संस्कृत के 21 विषयों के विभिन्न विभाग हैं जहां अध्ययन अध्यापन का कार्य सुचारू रूप से संचालित हो रहा है। विभिन्न विषयों पर नियमित नियुक्ति के लिए निकले विज्ञापन में हजारों प्रतिभागियों के बीच 142 प्रतिभागी साक्षात्कार के लिए साहित्य विभाग में बुलवाए गए थे। जिसमें से दो का चयन किया जाना था जिसमें एक पद पर अनमोल शर्मा की नियुक्ति होने पर अंचल में हर्ष व्याप्त है। अनमोल नगर के पं. ब्रम्हदत्त शास्त्री के सुपुत्र एवं भारतीय सेना में मेजर गोवर्धन शर्मा के भतीजे हैं। ब्रम्हदत्त शास्त्री ने बताया कि चिरंजीव अनमोल का इस पद पर चयन प्रभुकृपा ,प्रतिभा, परिश्रम व प्रारब्ध का अद्भुत संयोजन है नियंक्ति की पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता व पवित्रता को सर्वोपरी स्थान दिये जाने के कारण यह संभव हुआ।

# कांग्रेस के पक्ष में विधायक विकास उपाध्याय ने किया प्रचार



**पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर**
www.dailypioneer.com

राजधानी रायपुर पश्चिम के विधायक विकास उपाध्याय ने चित्रकोट विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की जीत निश्चित करने अपनी पूरी ताकत लगा दी है।

संगठन और कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में जोरदार प्रचार कर रहे उपाध्याय ने अलग-अलग बूथों में बैठकर लेकर बूथ कार्यकर्ताओं को बकायदा प्रशिक्षण भी दिया है। बूथ कार्यकर्ताओं की बैठक लेने के पश्चात विधायक विकास उपाध्याय लगातार सक्रिय बने हुए हैं। कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता से प्रत्यक्ष मुलाकात और आवश्यक दिशा-निर्देश के साथ ही वे कांग्रेस प्रत्याशी राजमन बेंजाम के साथ लगातार आमजनों से प्रत्यक्ष मुलाकात कर कांग्रेस के पक्ष में वोट करने की अपील कर रहे हैं। उपाध्याय ने कहा कि चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के पक्ष में बेहतर माहौल है। आम मतदाताओं में भी राजमन बेंजाम के साथ दिखाई दे रहे हैं। पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने पिछले कई सालों में जो काम नहीं किया, वह अल्पसमय में प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल ने कर दिखाया है। इससे जनता में कांग्रेस के प्रति विश्वास और बढ़ा है।

### बाल आयोग की कार्यशाला में शामिल हुई इंदिरा जैन

**रायपुर।** 15 और 16 अक्टूबर को मुंबई में राष्ट्रीय बाल आयोग एनसीपीसीआर और राज्य बाल आयोग एससीपीसीआर की दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई जिसमें पाक्सो, बालश्रम,जे.जे. एक्ट, आनलाइन साइबर इम पर व्यापक विचार विमर्श हुआ, जिसमें देशभर से 20 राज्यों से 70 से अधिक चेयरमेन व स द स्य प्रतिनिधियों एंव राष्ट्रीय बाल आयोग क े चेयरपर्सन व सदस्य उपस्थित थे। इस कार्यशाला में छ.ग. राज्य बाल आयोग की सदस्य इंदिरा जैन ने कहा बालश्रम रोकने अवेयरनेस प्रोग्राम चलाने की महती आवश्यकता है, एंव उनके स्किल प्रोग्रामिंग भी चलाये जाने चाहिए,चौक चौराहो पर जो बच्चे समान बेचते है एवं भीख मॉगते हैं उनके लिए भी ठोस कार्य योजना कि आवश्यकता है क्योकि यही बच्चे बड़े होकर अपराधिक गतिविधियों में संल्गन हो जाते हैं। छ.ग. से मीनाक्षी तोमर, श्यामा दुबे, दिलीप कौशिकभी ने वहां अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



# ईद मिलादुन्नबी पर शराबबंदी की मांग

**पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर**
www.dailypioneer.com

पैगम्बर साहब की पैदाइश मुबारक के मौके पर शराबबंदी को लेकर मुस्लिम समुदाय ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को ज्ञापन सौंपा। मुस्लिम समुदाय ने मुख्यमंत्री से मांग की ईदमिलादुन्नबी अमन का पर्व है और पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है । अतः इस पर्व के दिन प्रदेश सरकार मुस्लिम समुदाय की भावनाओं और आस्था को दृष्टिगत रख शराबबंदी करे। अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व जिला अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक ने बताया कि पूर्व की भाजपा सरकार से भी विगत कई वर्षों से यह मांग की जा रही थी जो कि पूरी नहीं हुई । वर्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यशैली व जनसमर्पण को देखकर मांग पूरी होने के लिए समुदाय आश्वस्त है। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रुप से कांग्रेस प्रभारी महामंत्री गिरीश देवांगन, पूर्व प्रदेश चेयरमेन अल्पसंख्यक विभाग एवं प्रदेश सचिव कांग्रेस कमेटी शारिक रईस खान, वरिष्ठ नेता इदरीस गांधी, मनीष दयाल, असलम खान,अरशद अली,समीर खान,अमजद खान,गुड्डा सेठी, शामिल थे।



# पेंशन योजना की बैठक में शामिल हुआ कैट

**पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर**
www.dailypioneer.com



श्रम विभाग द्वारा सुबोध कुमार सिंह, श्रम सचिव, की अध्यक्षता में बैठक रखी गई थी जिसमें श्रम विभाग से एस जांगड़े डिप्टी कमिश्नर, सविता मिश्रा डिप्टी कमिश्नर,डी,पी, तिवारी सहायक श्रम आयुक्त उपस्थित थे। उपरोक्त बैठक में कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंड़िया ट्रेड़र्स कैट सीजी चैप्टर का एक प्रतिनिधिमंडल अमर परवानी के नेतृत्व में शामिल हुआ। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर परवानी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मगेलाल मालू, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, प्रदेश महामंत्री जितेंद्र दोशी, प्रदेश कार्यकारी महामंत्री परमानंद जैन, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, प्रदेश संयोजक कन्हैया गुप्ता एवं प्रदेश प्रवक्ता राजकुमार राठी ने बताया कि प्रदेश में व्यापारियों एवं स्वरोजगारियों हेतु संचालित राष्ट्रीय पेंशन योजना के क्रियान्वयन को लागू करने के लिए यह बैठक बुलाई गई थी।

### सूचना का अधिकार आम जनता की भलाई के लिए-सूचना आयुक्त पवार

# प्रशासन को जवाबदेही बनाना सूचना का अधिकार अधिनियम का मूल उद्देश्य : राउत

**पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़**
www.dailypioneer.com



राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त एम के राउत ने आज कलेक्टोरेट के सभाकक्ष सृजन में सूचना का अधिकार विषय पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रशासन को पारदर्शी और जवाबदेही बनाना सूचना का अधिकार का मूल उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि आवेदक को जानकारी उपलब्ध नहीं कराने से नुकसान संबंधित जनसूचना अधिकारी को होता है। उन्होंने कहा कि ज्ञान बाँटने से ही ज्ञान बढ़ता है। द्वितीय अपील में प्रकरण आने के बाद आवेदक को जानकारी उपलब्ध नहीं कराए। आयोग के पत्रों का जवाब अवश्य दें और आयोग के निर्णय का पालन करते हुए जवाब अवश्य दें। मुख्य सूचना आयुक्त श्री राउत ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम आम जनता की भलाई के लिए बनाया गया है। नागरिकों के द्वारा शासकीय योजनाओं, कार्यक्रमों और कार्यों की जानकारी मांगने पर निर्धारित समय सीमा में आवेदक को जानकारी उपलब्ध कराने का दायित्व जनसूचना अधिकारी का है। उन्होंने कहा कि शासकीय कार्यों, दस्तावेजों और कार्यक्रमों को विभागीय वेबसाईट में प्रदर्शित करें, ताकि आम नागरिक को सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत आवेदन लगाने की जरूरत ही ना पड़े। इस अवसर पर राज्य सूचना आयोग के सचिव संजय दीवान, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कटारा, सीईओ जिला पंचायत सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी, सहायक कलेक्टर संबित मिश्रा, संयुक्त संचालक धनंजय राठौर भी उपस्थित थे। राज्य सूचना आयुक्त मोहनराव पवार ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 आम जनता की भलाई के लिए है। उन्होंने कहा कि सरकारी गतिविधियों को पूर्णतः पारदर्शी बनाना है और आवेदक को समय-सीमा के भीतर जानकारी दें अन्यथा निर्धारित समय-सीमा 30 दिन के बाद आवेदक को निःशुल्क जानकारी देनी होगी।पवार ने कहा कि सूचना आयोग पेनाल्टी लगाने वाली संस्था नहीं है, लेकिन जानबूझकर जानकारी नहीं देने अथवा गलती करने पर जनसूचना अधिकारी पर पेनाल्टी लगाना जरूरी हो जाता है। ऐसी स्थिति से जनसूचना अधिकारी को बचना चाहिए।

# अविनाश स्मार्टसिटी की लॉन्चिंग आज

**पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर**
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की विश्वसनी यरियल एस्टेट कंपनी अविनाश ग्रुप अपन ेरेसिडेसिंयल प्रोजेक्ट अविनाश स्मार्टसिटी की भव्य लाचिंग आज।अविनाश स्मार्ट सिटी की ये परियोजना सेजबहार रायपुर रिंगरोड 1 से लगी हुइ है।

जिससे वह रायुपर के फास्टलाईफ स्टाईल से कनेक्टेड है।इस संदर्भ मे अविनाश ग्रुप के प्रबंध संचालक आनदं सिंघानिया ने प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए बताया की अविनाश स्मार्टसिटी अपने आप मे विशेष है क्योंकि इस प्रोजेक्ट में ऐसे अनेक सुविधाएं दी जाएगी जो कि रायपुर के अन्य परियोजना से इसे अलग बनाते है जैसे चारो तरफ साइकल ट्रैक, 4 सेक्टर मे 355 आवसिय प्लॉट की परियोजना है अविनाश स्मार्टसिटी में वर्ल्ड कॉल्स सुविधाएं जैसे की सेक्टरबेस्ड व ऐप बस्ड इंटीग्रेटेड टाउनशिपव पोल्यूसन फ्री ग्रीन लिविंग टाउनशिप होगी। जिसमे शानदार स्मार्ट कल्ब व अन्य सुविधा जैसस्वीमिंगपुल, इन्डोर बोर्डगेम, जीम, योगा हाल टेबल टेनिस, 2 इन्डोर बैडमेन्टन कोर्ट व कम्युनीटी हाल की सुविधा दीजारही। अविनाश स्मार्टसिटी अपने प्राइम लोकेशन की वजह से लॉन्चिंग के पहले से लोगो के बिच बहुचर्चित हो चूका है।



2 **राजधानी**
मंत्री शिव के हाथों सायकल और सुरक्षा उपकरण...

6 **अभिमत**
सच्चा भारतीय कौन है?

10 **न्यायधानी**
गांधीजी के विचारों को आत्मसात कर देश हित...

11 **संस्कारधानी**
शहरी मिठाई वालों पर विभाग मेहरबान, खाद्य एवं...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 20 अक्टूबर 2019 पृष्ठ-12 वर्ष-04, अंक-65 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### धनतेरस को नवा रायपुर में होगा मंत्री और विधायकों के आवास का भूमिपूजन

**रायपुर।** नया रायपुर में मुख्यमंत्री, मंत्री, राज्यपाल और विधायकों के लिए आवास बनाया जाएगा. आवास के लिए भूमिपूजन की तारीखों का एलान सरकार की ओर से कर दिया गया है. धनतेरस के दिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नवा रायपुर में बनने वाले आवासों का भूमिपूजन करेंगे. उन्होंने कहा कि 6000 करोड़ की राशि वहां खर्च हो चुकी है इसलिए नवा रायपुर में बसाहट जरूरी है. आपको बता दें नया रायपुर के सेक्टर 19 में सीएम हाउस, राजभवन के साथ ही मंत्री, विधायकों और उच्च अधिकारियों के लिए बंगले बनाए जाएंगे।

### कुलपति के लिए मैनें कोई आवेदन नहीं दिया : अमृता सिंह

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सियासी हलके में कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति के नाम को लेकर शुक्रवार को हलचल तेज हो गई। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की पत्नी अमृता सिंह का नाम सामने आने के बाद तरह-तरह की चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। बताया जा रहा है कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनीतिक गुरु ➢शेष पेज 8 पर

## बाजार.भाव

| | | |
|---|---|---|
| 39,240 | सोना | +11 |
| 49,200 | चांदी | +400 |

## इनसाइड स्टोरी

**बया में सहकारी बैंक खुलने से पहले श्रेय लेने नेताओं...**

पेज-04

### गढ़कलेवा 30 से हो जायेगा बंद, यदि नहीं मिला नया वर्क आर्डर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्वाद देने वाले केन्द्र गढ़कलेवा 30 अक्टूबर से बंद हो जायेगा। अब तक छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि बाहर प्रांतों से आने वाले लोग भी फरा चीला चौसेला अइरसा बबरा जैसे कितने व्यंजनों का स्वाद न केवल चखते रहे,बल्कि अब तो वे नियमित इसे अपने खान-पान का हिस्सा बना चुके हैं। लोगों की मांग पर छत्तीसगढ़ी थाली भी यहां मिलना शुरू हो गया था। तीज त्यौहार के अलावा शादी ब्याह में गढ़कलेवा के ➢शेष पेज 8 पर

### मोदी को 370 याद है लेकिन संवैधानिक दायित्व नहीं : कांग्रेस

**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने की बात खूब याद रहती है लेकिन जनता के प्रति उनका संवैधानिक दायित्व क्या है,इसकी उनको कोई फिक्र ही नहीं है। कांग्रेस प्रवक्ता कपिल सिब्बल ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 'मोदी-शाह' की जोड़ी को चुनावी सभाओं में 370 खूब याद आ जाता है और इसको लेकर प्रचार भी कर रहे हैं लेकिन देश की असली स्थिति को छिपाया जा रहा है।



फोटो- राजेश जंघेल

# यह दिवाली छत्तीसगढ़िया रंग में भूपेश पहुंचे दीये खरीदने बाजार

## गौठान के गोबर के दीयों से रोशन होगा मुख्यमंत्री निवास

पायनियर संवाददाता ⋖ रायपुर
www.dailypioneer.com

इस दिवाली गौठान के गोबर के दीयों से रोशन होगा मुख्यमंत्री निवास। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज बस्तर प्रवास से लौटने के बाद दीपावली की खरीदी करने सीधे राजधानी रायपुर के तेलीबांधा तालाब पहुंचे। यहां परिक्रमा पथ पर छत्तीसगढ़ माटीकला बोर्ड, छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन-बिहान और देवभोग के स्टॉल लगाए गए हैं। इन स्टॉलों में छत्तीसगढ़ के कुम्हारों, हस्तशिल्पियों, स्व सहायता समूह की महिलाओं एवं अन्य कारीगरों द्वारा बनाये गए दीये, सजावट की वस्तुएं, उपहार, छत्तीसगढ़ी व्यंजन सहित



अन्य सामग्रियां प्रदर्शन और विक्रय के लिए रखी गयी हैं। बिहान के स्टॉल में महिला समूहों द्वारा गौठानों के गोबर से बनाए गए दीये और अन्य सजावटी वस्तुएं खरीददारी के लिए उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने यहां पहुंचकर दीपावली के लिए मिट्टी और गौठानों के गोबर से बने दीये, देवभोग द्वारा उत्पादित मिठाइयां तथा दूध से बनी अन्य सामग्री एवं महिला समूहों द्वारा तैयार छत्तीसगढ़ी व्यंजन के साथ अन्य वस्तुओं की खरीदी की। उन्होंने महिला समूहों और कारीगरों से सामग्रियों के निर्माण के सबंध में जानकारी भी ली और उनका उत्साहवर्धन किया ।मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पाटन के कुम्हारों द्वारा निर्मित 5 हजार दीये भी उपस्थित लोगों को वितरित किये। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से दीपावली सहित ➢शेष पेज 8 पर

**रायपुर।** इस तस्वीर को देख आप ही बयां कर सकते है कि छत्तीसगढ़ के राजनीतिक तस्वीर अब कैसी है। एक समय सीताफल की टोकरियां उन्हीं के घर पहुंच जाती थी अब सीताफल के लिए सड़क पर खड़ा होना पड़ रहा है। यह वाक्या चित्रकोट चुनाव प्रचार से लौटते हुए डॉ. रमन सिंह की है जो रायपुर लौटते समय अचानक सीताफल खरीदने अपने आप को रोक नहीं पाएं।



## सरकार का काम अर्थव्यवस्था को संभालना है, कोई कॉमेडी सर्कस चलाना नहीं : प्रियंका

वार्ता ⋖ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने शनिवार को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि सरकार का काम अर्थव्यवस्था को संभालने है, कोई कॉमेडी सर्कस चलाना नहीं। दरअसल, पीयूष गोयल ने नोबेल विजेता अर्थशास्त्री अभिजीत बनर्जी को वामपंथी विचारधारा की तरफ झुकाव रखने वाला बताया था। गोयल ने शुक्रवार को कहा था कि अभिजीत



बनर्जी कांग्रेस की न्याय योजना का समर्थन करते हैं, जिसे भारतीय मतदाताओं ने लोकसभा चुनाव में अस्वीकार कर दिया था। ऐसे में वह क्या सोचते हैं? उसे स्वीकार करने की आवश्यकता नहीं है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के घोषणा पत्र में न्याय योजना मुख्य आकर्षण थी। प्रियंका ने केंद्रीय मंत्री के बयान पर कहा कि भाजपा नेता अपना काम करने के बजाए लोगों की उपलब्धियों को झूठा साबित करने में लगे रहते हैं।

## पाकिस्तान को पानी जाने नहीं देंगे, नशा आने नहीं देंगे : मोदी

वार्ता ⋖ मल्लेकां (सिरसा)
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि हम पाकिस्तान को पानी जाने नहीं देंगे तथा नशे को आने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि भारत के सिंचित जल से पाकिस्तान के खेत लहलहाएं और हमारे देश के किसान के खेत सूखे यह नहीं चलेगा। पाकिस्तान भारत में नशा भेजकर युवाओं के भविष्य को तबाह करना चाहता है। प्रधानमंत्री आज सिरसा के गांव मल्लेकां स्थित अनाज मंडी में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सिरसा



को पीर फकीरों की धरती पुकारते हुए नमन किया और कहा कि संगठन में काम करते समय किसी वक्त मैं यहां आया था तथा आज पुराने लोगों को देखकर खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि गुरू नानक देव जी की 550 वीं जयंती पर्व की तैयारी चल रही है। हिंद-पाक बंटवारे के बाद हमारे लोग करतारपुर साहिब के दूरबीन से ही दर्शन करते रहे। कांग्रेस सरकार इस चार किलोमीटर के फासले को दूर नहीं कर सकी। भाजपा सरकार कारिडोर का निर्माण कर इस दूरी को खत्म कर रही है।

## राज्यपाल सुपेबेड़ा जाए उनका स्वागत है : बघेल

### एम्स के विशेषज्ञों ने लगाया विशेष जांच शिविर

पायनियर संवाददाता ⋖ रायपुर
www.dailypioneer.com

सुपेबेड़ा में 19 अक्टूबर को रायपुर मेडिकल कॉलेज और एम्स के विशेषज्ञों द्वारा क्रॉनिकल किडनी डिसीज पर विशेष जांच शिविर लगाया गया। जांच के बाद इस रोग से पीड़ित लोगों का इलाज डीकेएस और एम्स में किया जाएगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने सुपेबेड़ा में किडनी रोग से पीड़ितों को तत्काल इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। श्री सिंहदेव ने 2 अक्टूबर को अपने सुपेबेड़ा प्रवास के दौरान वहां विशेषज्ञ एमडी चिकित्सक की नियुक्ति की घोषणा की थी। इसके तहत आज पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर के विशेषज्ञों द्वारा सुपेबेड़ा में एक दिवसीय विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है, जिसमें लोगों की क्रॉनिकल किडनी डिसीज की जांच की जा रही है।

ज्ञात हो कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा देवभोग में एमडी मेडीसिन की पदस्थापना की गई है, वहीं रायपुर के डीकेएस अस्पताल और एम्स में भी सुपेबेड़ा के लोगों के उपचार की व्यवस्था की गई है। हालांकि इससे पहले सुपेबेड़ा में आज विशेष जांच शिविर लगाकर लोगों की जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद पीड़ितों का इलाज ➢शेष पेज 8 पर

**चित्रकोट विधानसभा उपचुनाव**

## अंतिम दिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने किया धुआंधार प्रचार

पायनियर संवाददाता ⋖ रायपुर/बस्तर
www.dailypioneer.com

चित्रकोट उपचुनाव के लिए शनिवार को चुनाव प्रचार थम गया। अन्तिम दिन दिन सीएम भूपेश बघेल ने 2 स्थानों पर चुनावी सभाओं को संबोधित किया। लोहंडीगुड़ा के मारडूम ग्राम और कुरेंगा में उन्होने कांग्रेस प्रत्याशी राजमन बेंजाम के लिए जनता से वोट मांगा। सभाओं में सीएम ने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी चित्रकोट में अच्छे बहुमत से चुनाव जीतेगी। दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह ने घूम-घूमकर जनसम्पर्क किया। मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होने कहा कि कांग्रेस प्रशासन का राजनीतिकरण




कर रही है। खरीद.फरोख्त की राजनीति को बढ़ावा दिया जा रहा है। निगम चुनाव में जनता का अधिकार छीना जा रहा है। 10 महीनों की सरकार जनता से दूर होती जा रही है।

### सोमवार को होगा मतदान

चित्रकोट विधानसभा उपचुनाव के लिए 21 अक्टूबर को मतदान होगा। परिणाम दो दिन बाद 24 अक्टूबर को घोषित होगा। प्रमुख रुप से यहां कांग्रेस के राजमन बेंजाम और बीजेपी के लच्छूराम कश्यप के बीच मुकाबला है। इसके अलावा जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के बोमडाराम मंडावी, निर्दलीय प्रत्याशी रितिका कर्मा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के हिमोराम मंडावी, अंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया के लखेश्वर कवासी भी चुनाव मैदान में है। गौरतलब है किं छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2018 में चित्रकोट सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी दीपक बैज को जीत मिली थी। इसके बाद लोकसभा चुनाव 2019 में दीपक बैज को कांग्रेस ने बस्तर सीट से प्रत्याशी बनाया और वे जीत गए सांसद बनने के बाद दीपक ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद से सीट खाली है।

**अयोध्या मामला**

## हिंदू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में 'मोल्डिंग ऑफ रिलीफ' दायर किया

एजेंसी ⋖ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय हिंदू महासभा समेत दूसरे हिंदू पक्षों ने शनिवार को सुप्रीम कोर्ट में 'मोल्डिंग ऑफ रिलीफ' दायर किया। कोर्ट को सीलबंद लिफाफे में सौंपे गए इस नोट में कहा गया है कि कोर्ट विवादित संपत्ति के प्रबंधन को लेकर निर्देश जारी कर सकता है।

अयोध्या भूमि विवाद मामले में 40 दिन तक चली सुनवाई 16 अक्टूबर को पूरी हुई थी। तब 5 जजों की संविधान पीठ ने सभी पक्षकारों से तीन दिन के भीतर मोल्डिंग ऑफ रिलीफ पर लिखित नोट देने के लिए कहा था। मोल्डिंग ऑफ रिलीफ यानी मालिकाना हक किसी एक या दो पक्ष को मिल जाए तो बचे हुए पक्षों को क्या वैकल्पिक राहत मिल सकती है।



- **अयोध्या विवाद को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 40 दिन चली सुनवाई 16 अक्टूबर को पूरी हुई थी**

सुप्रीम कोर्ट संविधान के अनुच्छेद 142 और सीपीसी (सिविल प्रोसिजर कोड) की धारा 151 के तहत इस अधिकार का इस्तेमाल करता है। खासतौर पर संपत्ति के मालिकाना हक यानी टाइटल सूट डिक्री के मामलों में 'मोल्डिंग ऑफ रिलीफ' का प्रावधान है।

**मनी लॉन्ड्रिंग**

## दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन के 12 ठिकानों पर ईडी के छापे

- **आतंकी दाऊद के सहयोगी रहे इकबाल मिर्ची के खिलाफ जांच के सिलसिले में कार्रवाई**
- **ईडी सनब्लिंक रिएल एस्टेट कंपनी के मिर्ची से लेन-देन की जांच कर रहा**

एजेंसी ⋖ मुंबई
www.dailypioneer.com

प्रवर्तन निदेशालय ने दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) और इससे जुड़ी कंपनियों के 12 ठिकानों पर शनिवार को छापे मारे। अंतरराष्ट्रीय आतंकी दाऊद इब्राहिम के सहयोगी रहे इकबाल मिर्ची के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के सिलसिले में ये कार्रवाई की गई।

**ईडी को शक-डीएचएफएल का पैसा सनब्लिंक के जरिए मिर्ची तक पहुंचा-** ईडी सनब्लिंक रिएल एस्टेट कंपनी से इकबाल मिर्ची के लेन-देन की जांच कर रहा है। डीएचएफएल ने सनब्लिंक को 2,186 करोड़ रुपए का कर्ज दिया था। ईडी को शक है कि यह रकम सनब्लिंक के जरिए मिर्ची और उसके साथियों के खाते में ट्रांसफर की गई। डीएचएफएल आरोपों से इनकार कर चुका है। ईडी के अधिकारियों ने बताया कि दस्तावेजों में मनी लॉन्ड्रिंग के सबूत तलाशे जा रहे हैं।

**इस साल अब तक की स्थिति में कुछ सुधार आया है**

# आरटीआई से खुलासा : 31 फीसदी मेल, 33 प्रतिशत पैसेंजर गाड़ियां रहीं लेट!

एजेंसी ⋖ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारतीय रेल का मूलमंत्र 'संरक्षा, सुरक्षा और समय पालन' है, मगर समय पालन के मामले में हालत अच्छी नहीं है. बीते साल (2018-19) एक्सप्रेस-मेल गाड़ियों में से 31 फीसदी और पैसेंजर गाड़ियों में लगभग 33 प्रतिशत अपने तय समय पर नहीं चलीं. यह खुलासा एक आरटीआई आवेदन के जरिए हुआ है।



### आंकड़े बता रहे कहानी

रेल मंत्रालय की तरफ से उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, तीन सालों में बीते साल मेल-एक्सप्रेस व पैसेंजर गाड़ियों समय पालन के मामले में फिसड्डी रही हैं। वहीं इस साल अब तक की स्थिति में कुछ सुधार आया है। मध्य प्रदेश के नीमच जिले के आरटीआई कार्यकर्ता चंद्रशेखर गौड़ ने भारतीय रेल के समय पालन के संदर्भ में रेल मंत्रालय से ब्योरा मांगा था। मंत्रालय की तरफ से उन्हें उपलब्ध कराए गए ब्योरे के अनुसार, विभिन्न श्रेणियों की मेल-एक्सप्रेस, पैसेंजर, राजधानी, शताब्दी, गरीबरथ और सुविधा रेल में से कोई भी रेलगाड़ी ऐसी नहीं है, जो समय पालन के मामले में खरी उतरी हो।

### राजधानी की हालत भी खराब

भारतीय रेल की सबसे बेहतर और सुविधा संपन्न गाड़ियों राजधानी और शताब्दी भी समय पालन के मामले में कमजोर साबित हो रही हैं। राजधानी एक्सप्रेस गाड़ियों वर्ष 2016-17 में 68.55 प्रतिशत, वर्ष 2017-18 में 69.99 प्रतिशत और वर्ष 2018-19 में 76.58 प्रतिशत ही समय पर चलीं। वहीं इस वर्ष सितंबर तक यह प्रतिशत सुधर कर 81.43 हो गया। शब्तादी एक्सप्रेस का हाल भी ऐसा ही है। वर्ष 2016-17 में 85.96 प्रतिशत, वर्ष 2017-18 में 82.30 प्रतिशत और वर्ष 2018-19 में 86.93 प्रतिशत ही समय पर चली हैं। इस साल सितंबर तक हालांकि यह आंकड़ा 90. 94 प्रतिशत रहा।

# बया में सहकारी बैंक खुलने से पहले श्रेय लेने नेताओं में मची होड़

## लम्बे समय से चल रहा प्रयास, चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री ने की थी बैंक खोलने की घोषणा

पायनियर संवाददाता ‹ कसडोल
www.dailypioneer.com

कसडोल विकास खण्ड के ग्राम बया में अभी जिला सहकारी बैंक की शाखा खुली ही नहीं है और न ही इस सम्बंध में कोई आदेश निर्देश आया है फिर भी नेताओं में श्रेय लेने की होड़ मची हुई है। कसडोल तहसील अंतर्गत 12 प्राथमिक साख सहकारी समितिया है और 02 केंद्रीय जिला सहकारी बैंक है जो कसडोल एवम टुंड्रा में स्थित है। वनांचल क्षेत्र में बयां में एक बैंक की मांग काफी लंबे समय से की जा रही है। किंतु अभी भी लंबित मांग को पूरा नही किया गया है। वर्ष 2011में जिला पंचायत रायपुर की कृषि स्थायी समिति की सभापति श्रीमती मीरा संतोष दीवान द्वारा सामान्य सभा व कृषि स्थायी समिति की बैठक में आम सहमति से प्रस्ताव पारित किया था एवं सहकारी समिति बया ए सहकारी समिति देवरी नागेड़ी, सहकारी समिति थर गांव को शामिल करने की बात कही थी। पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने विधानसभा चुनाव के ठीक पहले घोषणा भी की थी कि रायपुर जिला सहकारी बैंक के अधीनस्थ क्षेत्र में जिला सहकारी बैंक खोलने जिसमे बलौदाबाजार जिले वटगन, सुहेला,मुड़पार, बयां, खरतोरा का भी नाम था परन्तु बैंक खुल नहीं पाया और सरकार बदल गयी। सरकार बदलते ही बैंक खुलवाने हेतु प्रयास तेज करते पुनः मुख्यमंत्री,सहकारिता मंत्री, राज्य सभा सांसद छाया वर्मा को बया समिति के अध्यक्ष संतोष दीवान ने आवेदन देकर बया में जिला सहकारी बैंक खोलने की मांग की है और उन्होंने आश्वासन दिया है कि वनांचल क्षेत्र की मांग को पूरा किया जाएगा। बया में जिला सहकारी बैंक की शाखा खोलने की कवायद शासन द्वारा कई सालों से की जा रही है लेकिन बैंक खोले जाने संबंधी शासन स्तर से कोई आदेश निर्देश जारी ही नहीं हुआ है और क्षेत्र के कुछ तथाकथित नेताओं में श्रेय लेने की होड़ मची हुई ह। बैंक खुलने की अफ वाह को लेकर आजकल फेसबुक,व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया में तरह तरह की चर्चाएं छिड़ी हुई है। सोशल मीडिया में वायरल हो रही खबरों में कुछ नेतागण बया में बैंक खोले जाने संबंधी विज्ञापन देकर इसके लिए क्षेत्र के वर्तमान विधायक के प्रति बकायदा आभार जताया जा रहा है। बया में बैंक खोले जाने के संबंध में जिला सहकारी बैंक कसडोल के शाखा प्रबंधक जे आर लहरी से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि बया में बैंक खोलने से सम्बंधित कोई आदेश अभी तक प्राप्त नही हुआ है। यदि कोई आदेश शासन से जारी होता है तो शाखा में प्राप्त होगा।

## क्विक न्यूज

### पंचायत चुनाव के लिए वार्डों का प्रारंभिक प्रकाशन, दावा-आपत्तियां आमंत्रित

**बलौदाबाजार।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को ध्यान में रखते हुए जिला पंचायत, जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत वार्डों के निर्वाचन क्षेत्र एवं प्रवर्ग आरक्षण का निर्धारण करके 18 अक्टूबर को प्रारंभिक प्रकाशन कर दिया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि संयुक्त जिला कार्यालय जिला पंचायत कार्यालयएसम्बन्धित अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, तहसीलदार, जनपद पंचायतों और ग्राम पंचायतों में प्रकाशन की प्रतियां सहज रूप दर्शनीय स्थलों पर चस्पा की गई हैं। इनका अवलोकन करके इच्छुक व्यक्ति दावा.आपत्ति जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 4 में निर्धारित तिथि तक कर सकते हैं। जिला पंचायत और जनपद पंचायतों के निर्वाचन क्षेत्र के लिए दावा.आपत्ति 25 अक्टूबर तक उपर्युक्त कक्ष में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है। ग्राम पंचायतों के वार्ड और प्रवर्ग आरक्षण की दावा.आपत्ति 23 तक स्वीकार की जाएगी। निर्धारित तिथि के बाद मिले दावा.आपत्ति और सुझावों के आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### सिकासेर के पानी के लिए किसान एकजुट, कहा-नहीं हटेंगे पीछे

**महासमुंद।** सिकासेर जलाशय से बेकार बह जाने वाले पानी को बागबाहरा और महासमुंद विधानसभा क्षेत्र में लाने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। गांव.गांव में किसान बैठक लेकर तेजी से लामबंद हो रहे हैं। विगत 14 अक्टूबर को भी ग्राम नरतोराए गोड़पाली और जोबा में किसानों की पंचायत जुटी। जल संसाधन अभियान में अपनी भूमिका निभा रहे किसान नेता हितेश चन्द्राकर, संचालक सदस्यगण खेमराज बघेल, छबिन्द्र पटेल, प्रकाश चन्द्राकर, निर्भय नायक, धनेश्वर चन्द्राकर, सोहन दीवान बैठक में उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि सिकासेर जलाशय से बेकार बह जाने वाले पानी को नहर के माध्यम से बागबाहरा.महासमुंद लाने में कोई दिक्कत नहीं है। ऐसा होने पर किसानी और किसान दोनों की तकदीर संवर जाएगी।

### मुरारी ने श्रम मंत्री व धनेंद्र साहू से की सौजन्य मुलाकात

**डोंगरीडीह।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत करदा निवासी कांग्रेस कार्यकर्ता मुरारी साहू ने विगत दिनों क्षेत्र की समस्याओं को लेकर नगरी प्रशासन, श्रम एवं उद्योग मंत्री शिव कुमार डहरिया एवं अभनपुर विधायक धनेन्द्र साहू से सौजन्य मुलाकात की।



। नेता मुरारी साहू ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से मंत्री एवं विधायक को अवगत कराया, जिस पर मंत्री ने समस्या दूर करने का आश्वासन दिया। मुरारी साहू ने बताया कि मंत्री से मुलाकात करने के बाद अभनपुर विधायक धनेंद्र साहू से भी सौजन्य मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से रूबरू कराए जाने की बात कही। अभनपुर विधायक ने इस पर सार्थक पहल की दिशा में कदम उठाने बात कही। मुरारी साहू के साथ उनके अन्य साथीगण भी मौजूद रहे। मुरारी साहू लगातार क्षेत्र की समस्याओं पर संघर्ष कर रहे हैं। साथ ही जनहित की कार्यों में हमेशा उत्कृष्ट योगदान देते आ रहे हैं। ग्रामीण की हर समस्याओं को शासन प्रशासन के समक्ष रखकर निदान करवाने की दिशा में सार्थक पहल कर रहे हैं। मुरारी साहू विगत 15 वर्षों से जनहित के कार्यों में जुड़कर समाजहित कार्यों में अपनी योगदान देते आ रहे हैं।

# पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए संयंत्र विस्तारण पर प्रबंधन व ग्रामीणों की सहमति

## अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों की उपस्थिति में जनसुनवाई

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

ईमामी सीमेंट संयंत्र रिसदा के ग्राम ढनढनी में संयंत्र विस्तारण सह अन्य कार्य हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा ग्राम ढनढनी में जन सुनवाई का आयोजन पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधिकारी डॉ एसके उपाध्याय, अपर कलेक्टर जोगेन्द्र नायक, जिला व्यापार उद्योग केन्द्र प्रबंधक सत्येन्द्र सिंह बघेल, एसडीएम लवीना पाण्डेय, एसडीओपी भाटापारा केबी द्विवेदी की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान अधिकांश प्रवक्ताओं ने पर्यावरण, स्थानीय युवकों की बेरोजगारी आदि मुद्दों को लेकर अपने विचार व्यक्त किया। प्रवक्ताओं ने क्षेत्र के विकास हेतु पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए संयंत्र की स्थापना पर अपनी सहमति दर्ज करायी।

गौरतलब है कि ईमामी सीमेंट संयंत्र रिसदा द्वारा ग्राम ढनढनी में संयंत्र विस्तारण कार्य किया जाना हैए जिसमें संयंत्र की क्लिंकर उत्पादन क्षमता 3.2 से 5.5 मिण्टनए सीपीपी 30 मेगवाट से 45 मेगावाट, डब्ल्यू एच आर एस 15 मेगावाट से 27 मेगावाटए स्टैण्ड बाय बायलर 100 टीपीएच व डीजी सेट 2180 किलोवाट स्थापित



किया जाना है, इस संबंध में आयोजित पर्यावरण संबंधी जनसुनवाई को संबोधित करते हुए विधायक प्रमोद शर्मा ने कहा कि वे क्षेत्र में संयंत्रों के स्थापना के विरोधी नहीं है, अपितु प्रबंधन को यह ध्यान रखना होगा कि स्थानीय बेरोजगार को संयंत्र में उनकी योग्यता के अनुरूप पर्याप्त नौकरी प्रदान की जायेण् वहीं क्षेत्र के पर्यावरण को बचाने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण का लक्ष्य पूर्ण किया जायेगा।

राज्य सभा सांसद छाया वर्मा ने कुछ बातों पर असहमति व्यक्त करते हुए क्षेत्रहित में संयंत्र स्थापना को आवश्यक बताया, पूर्व विधायक जनकराम वर्मा ने कहा कि संयंत्रों में भारी वाहन के आवक होने के चलते ट्रक यार्ड का विस्तारीकरण भी आवश्यक है, इसके अलावा संयंत्र परिसर के समीप लगे हुए खैरवारडीह जंगल के पर्यावरण की सुरक्षा हित प्रबंधन को विशेष प्रयास करना चाहिएण् इसके अलावा स्थानीय बेरोजगार युवकों को प्रशिक्षण देकर संयंत्रों में ही नौकरी देने का विशेष प्रयास करना चाहिए, क्योंकि संयंत्र और ग्रामीण एक.दूसरे के पुरक है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में स्थापित सभी सीमेंट संयंत्रों के प्रबंधन को संयंत्र की परिधि से लगे ग्रामों की चिकित्सा व शिक्षा व्यवस्था को और अधिक उन्नत करने की दिशा में प्रयास करना चाहिएण् यदि संयंत्र पर्यावरण संबंधी सभी नियमों का पालन करती है तो क्षेत्र के विकास एवं युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना को देखते हुए वे भी संयंत्र विस्तार के पक्षधर है् पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष परमेश्वर यदु व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि संयंत्र के सीएसआर का रूपया आश्रित संबंधित ग्रामों में ही अधिकाशंतरू व्यय किया जाना चाहिए ताकि ग्रामों में पर्याप्त विकास कार्य दिखाई दें, महामंत्री प्रदेश किसान कांग्रेस राकेश वैष्णव ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण योजना नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी में सीएसआर मद की राशि का प्रयोग किया जाये तो स्थानीय लोगों को रोजगार प्राप्त हो सकेगाण् वहीं पर्यावरण सुधार की दिशा में भी यह महत्वपूर्ण साबित होगा, इसके अलावा सरपंच ढनढनी पाकदास मानिकपुरी, रिसदा उमेंद साहू, नगर पालिका पार्षद गंभीर सिंह ठाकुर,कांग्रेस नेता धीरज बाजपेयी, जनपद सदस्य प्रमिला वर्मा, छग क्रांति सेना के भूपेन्द्र सेन, तनू वर्मा, कृष्णा अवस्थी, परेश वैष्णव,समाज वादी पार्टी प्रदेश पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ अध्यक्ष के के वर्मा आदि ने भी अपने विचार रखे।

वहीं आयोजित सुनवाई के दौरान उस समय हंगामें की स्थिति निर्मित हो गयी, जब अपने विचार रखते हुए अजय चकौले द्वारा संयंत्र के संबंध में कुछ आपत्तिजनक तथ्य रखे गये। जबकि अधिवक्ता दीनबंधु देवांगन द्वारा अपशब्दों का उपयोग किये जाने से कुछ देर कसमकस की स्थिति बनी रहीण् कार्यक्रम में वक्ताओं के द्वारा अपने विचार रखने के पश्चात् ईमामी सीमेंट संयंत्र प्रबंधन यूनिट हेड अनंत महोबे से आपत्तियों के संबंध में एक.एक कर जवाब प्रस्तुत करते हुए कहा कि संयंत्र सदैव पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जागरूक है।

इस हेतु व्यक्तिगत तौर पर भी वे आवश्यक दिशा निर्देश देते रहते हैंण् ट्रक यार्ड के संबंध में उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्य हुए हैं। निश्चित ही आगामी दिनों एक ट्रक यार्ड भी संयंत्र द्वारा पृथक से निर्मित किया जायेगा मुख्य मार्ग के संबंध में उन्होंने कहा कि संयंत्र जर्जर मार्ग के निर्माण के लिये भी चिंतित है।

इसलिए वर्ष में 5.6 अवसरों पर सड़क के संधारण का कार्य किया जाता ह, विभिन्न वक्ताओं की स्थानीय युवकों को नौकरी के संबंधी चिंता पर उन्होंने कहा कि वे इस हेतु पूर्णतरू प्रयास करेंगे कि स्थापित होने वाले नवीन संयंत्र में क्षेत्र के स्थानीय बेरोजगार युवकों को योग्यता अनुसार रोजगार उपलब्ध कराया जा सके,उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में रिसदा स्थित संयंत्र में 90 प्रतिशत कामगार स्थानीय है।

# मरीजों को मिलेंगी और भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

पायनियर संवाददाता ‹ महासमुंद
www.dailypioneer.com

- चिकित्सा व्यवस्था सुधारने कलेक्टर ने दिए निर्देश
- बेहतर चिकित्सा व्यवस्था के साथ अच्छा व्यवहार भी जरूरी : कलेक्टर

चिकित्सा सुविधाओं को लेकर प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल महासमुंद में गुरुवार को कलेक्टर सुनील कुमार जैन की अध्यक्षता में चिकित्सकों की बैठक आहूत की गई। इस दौरान कलेक्टर जैन ने जिला अस्पताल खरोरा में उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा.निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि चिकित्सकों को चाहिए कि वह ड्यूटी रोस्टर चार्ट का नियम से पालन करें एवं नियत समय पर सेवाएं उपलब्ध कराने पहुंचे। विशेषकर ऐसे मरीज जो ग्रामीण अंचल से आते हैं एवं बीमारियों सहित आर्थिक अन्य समस्याओं से जूझ रहे हैं, उन सभी के साथ हमें अच्छे से अच्छा व्यवहार करना चाहिए।

ध्यान रहे कि निःशुल्क प्रदाय की जा रही सुविधाओं में कोई कमी न हो। पूर्ण जांच, परामर्श व उपचार की सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहेंए ताकि मरीजों को पंजीयन कराने से लेकर डिस्चार्ज होने तक किसी भी विसंगति अथवा परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि यदि सुरक्षा संबंधी कार्यों में अव्यवस्था महसूस कर रहें हों तो होमगार्ड के अलावा निजी संस्थानों से भी सुरक्षा गार्ड इत्यादि कर्मचारियों की व्यवस्था भी की जा सकती है। दूसरी ओर चिकित्सकीय अमले में कर्मचारियों में कमी को लेकर उन्होंने जीवनदीप समिति के माध्यम से वार्ड बॉय जैसे स्वास्थ्य कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उपाय भी बताए, जिससे आने वाले समय में भी मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं को लेकर निजी संस्थानों का रुख ना करना पड़े और शासन द्वारा प्रदत्त चिकित्सा सुविधाओं की छवि में और तेजी से सुधार हो। इसके लिए विभाग के समस्त कर्मचारियों को टीम.वर्क फ ॉलो कर बेहतर परिणाम देने के लिए वचनबद्ध होना होगा।

यदि संसाधनों की कमी है या सेवाएं प्रदान करने में किसी भी तरह की असुविधा हो रही हो, तो स्वास्थ विभाग के मुखिया एवं जिला प्रशासन को वस्तुस्थिति से अवगत कराया जा सकता है। उनके द्वारा समस्याओं का त्वरित निराकरण हेतु आश्वस्त भी किया गया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ रवि मित्तल, सिविल सर्जन डॉ आर के परदल, आर एम ओ डॉ नागेश्वर राव जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप ताम्रकार, अस्पताल सलाहकार डॉ निखिल गोस्वामी सहित अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सक एवं चिकित्सकगण उपस्थित थे।

# भाजपा मंडल का चुनाव 23 को

पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

प्रदेश भाजपा संगठन के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर जिला भाजपा के चुनाव अधिकारी मोतीलाल साहू और भाजपा जिलाध्यक्ष रामकुमार साहू के निर्देशानुसार भाजपा मंडल अध्यक्ष पांडुका का चुनाव अधिकारी कुंजबिहारी बेहरा और भागीरथी मांझी सह अधिकारी सहमति से मंडल का चुनाव 23 अक्टूबर को गायडबरी वन विश्राम गृह में 11.30 से शुरू होना सुनिश्चित किया गया। इस चुनाव में स्थानीय बुथ समिति के अध्यक्ष और सक्रिय सदस्य के उपस्थिति में संपन्न होगा। भाजपा मंडल संगठन चुनाव में परिवेक्षक के रूप श्वेता शर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष गरियाबंद उपस्थित रहेगी। चुनाव



कार्यक्रम का मतदाता सूची और सक्रिय सदस्यों का प्रकाशनकर दिया गया है जिसका अवलोकन नागेंद्र साहू मंडल महामंत्री पांडुका के व्यसायिक दुकान में किया सकता है। चुनाव कार्यक्रम की समस्त अधिसूचना जारी कर दिया गया है। उक्त कार्यक्रम की जानकारी भाजपा मंडल पांडुका अध्यक्ष प्रीतम सिन्हा ने दिया।

# एटीएम चोरी, खाते से 15 हजार रुपए आहरित

**महासमुंद।** पिथौरा बस स्टैंड के समीप दिनदहाड़े अज्ञात ने महिला के पर्स से एटीएम कार्ड व पिन नंबर चोरी कर एटीएम से रुपए आहरण कर लिया। महिला ने इसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई है। झलप निवासी पुष्परेखा पति सुनील कुलदीप (44) के मुताबिक वह मंगलवार अपरान्ह 3.20 बजे पिथौरा बस स्टैंड के पास इंसाफ सिम्बल फाइनेस बैंक पहुंची थीं। इस दौरान उनके थैले से एटीएम कार्ड चोरी हो गई। उन्होने बैंक में रकम जमा कराई, कुछ देर बाद 15 हजार रुपए आहरण हो गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# विद्युत विभाग ने 620 बकायादारों के काटे कनेक्शन, 303 से वसूले 67 लाख

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

## 44 लोगों के खिलाफ बिजली विभाग ने बनाया प्रकरण

विद्युत विभाग द्वारा सब डिविजन के अंतर्गत 12 वितरण केन्द्र के बकायादारों पर वसूली के लिए किए जा रहे धुआंधार कार्यवाही से उपभोक्ताओं में दहशत फैला हुआ है। विगत 15 दिनों में 620 बकायादारों के विद्युत कनेक्शन काटे गए हैं, जिनका 2 करोड़ 16 लाख बिजली बिल बकाया है।

कार्यवाही के डर से 303 उपभोक्ताओं ने 67 लाख 15 हजार रूपये जमा भी किए हैं. वहीं 44 विद्युत चोरी एवं अवैध कनेक्शन के भी प्रकरण बनाए गए हैं। विद्युत विभाग से मिली जानकारी अनुसार कनेक्शन काटे जाने के बाद अवैध रूप से पुनरू कनेक्शन जोड़ने वाले के खिलाफ विद्युत प्रकरण अधिनियम की धारा 138 के तहत 30 एवं बिजली चोरी के खिलाफ धारा 135 के तहत 14 प्रकरण बनाए गए हैं।

इनमें से वितरण केन्द्र गढ़फुलझर में धारा138 के 6, सलडीह में 138 के 3 एवं 135 के 8, सरायपाली शहर में 138 के 4 एवं 135 के 2, पिरदा में 138 के 19 एवं 135 के 4 प्रकरण बनाए गए हैं।

अधिक बकायादारों के काटे गए कनेक्शनों में सरायपाली शहर वितरण केन्द्र के 57 उपभोक्ता शामिल हैं, जिनका 6 लाख 87 हजार रू बकाया है. इसी तरह ग्रामीण में 47 उपभोक्ताओं के 10 लाख 81 हजार, छुईपाली के 3 उपभोक्ताओं के 1 लाख 9 हजार, बलौदा के 17 उपभोक्ताओं का 4 लाख 23 हजार, पिरदा के 25 उपभोक्ताओं का 7 लाख 75 हजार, सागरपाली के 58 उपभोक्ताओं का 55 लाख 66 हजार, बसना ग्रामीण के 163 उपभोक्ताओं का 45 लाख 68 हजार, सांकरा के 39 उपभोक्ताओं का 6 लाख 12 हजार, गढ़फुलझर के 110 उपभोक्ताओं का 44 लाख 65 हजार, सलडीह के 101 उपभोक्ताओं का 33 लाख 45 हजार रूपये बिजली बिल बकाया है. कार्यवाही के डर से राशि जमा किए गए उपभोक्ताओं में से 15 दिनों में सरायपाली शहर के 32 उपभोक्ताओं से 11 लाख 7 हजार रू, सरायपाली ग्रामीण के 41 उपभोक्ताओं से 8 लाख 30 हजार, भंवरपुर के 4 उपभोक्ताओं से 39 हजार, पिरदा के 24 उपभोक्ताओं से 15 लाख 7 हजार, सागरपाली के 12 उपभोक्ताओं से 78 हजार, बसना ग्रामीण के 87 उपभोक्ताओं से 11 लाख 79 हजार, बसना शहर के 37 उपभोक्त ाओं से 13 लाख 55 हजार, सांकरा के 26 उपभोक्ताओं से 86 हजार, गढ़फुलझर के 20 उपभोक्ताओं से 4 लाख 26 हजार एवं सलडीह के 20 उपभोक्ताओं से 1 लाख 8 हजार रूपये की वसूली की गई है। इस तरह कुल 303 बकायादारों ने 67 लाख 15 हजार रूपये जमा किया है।

### कोर्ट में भी भेजे गए हैं 14 प्रकरण

इसी सप्ताह धारा 135 एवं 138 के 14 प्रकरण कोर्ट में प्रस्तुत किए गए हैं. बिजली विभाग द्वारा बड़े बकायादारों से राशि वसूली की कार्यवाही निरंतर जारी है. प्रतिवर्ष दीपावली के बाद इस तरह की कार्यवाही देखी जाती थी लेकिन इस बार दीपावली पूर्व ही विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में बकायादारों पर कार्यवाही की जा रही है।

## महीनों से अधेंरे में था एनाशर के ग्रामीण

# जनपद सभापति के प्रयास से ग्रामीणों को मिला अंधेरे से छुटकारा

पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

विधायक डमरूधर पुजारी के गृह ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम एनाशर में विगत कई माह से बिजली ट्रांसफ ार्मर में खराबी आने के चलते यह गांव अधेंरे में डुबा रहा इस गांव के ग्रामीण कई बार इस समस्या से क्षेत्रीय विधायक डमरूधर पुजारी को अवगत करा चुके थे लेकिन अब तक बिजली ट्रांसफार्मर में सुधार कार्य नही होने से ग्रामीण अंधेरे में जीवन यापन करने मजबूर हो रहे थे यहा के ग्रामीण लगातार बिजली व्यवस्था मे सुधार कराने की मांग को लेकर कई बार ज्ञापन आवेदन देकर थक चुके थे क्षेत्र के जनसम्पर्क में पहुचे जनपद पंचायत मैनपुर के सभापति स्मृति ठाकुर को ग्राम एनाशर के ग्रामीणों ने बिजली ट्रांसफ



ार्मर मे खराबी आने की समस्या से अवगत कराया जिस पर सभापति स्मृति ठाकुर ने गांव की गंभीर समस्या को देखते हूए इस मामले से कलेक्टर श्याम धावडे एंवं बिजली विभाग के अधिकारियो को अवगत कराया जिस पर तत्काल दो दिनो के भीतर ग्राम एनाशर में बिजली का नया ट्रासफ ार्मर लगाकर बिजली व्यवस्था बहल किया गया मिली जानकारी के अनुसार 17 अक्टुबर को नया ट्रांसफार्मर लगाकर इस गांव मे बिजली व्यवस्था बहल की गई जिस पर ग्रामवासियो ने जनपद पंचायत के सभापति स्मृति ठाकुर के प्रति आभार व्यक्त किया है ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत मटिया के आश्रित ग्राम मुनगापदर क्षेत्रीय विधायक डमरूधर पुजारी के गृह ग्राम है और इसी ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम एनाशर भी है जंहा पिछले दो महीना से बिजली व्यवस्था चरमरा गई थी।

### सभापति ने कलेक्टर के प्रति जताया आभार

जनपद पंचायत मैनपुर के सभापति स्मृति ठाकुर ने बताया कि ग्राम एनाशर में पिछले तीन माह से ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से गांव में बिजली बंद हो गई थी और यहा गांव अंधेरे में डूबा हुआ था पिछले दिनों जब वे जनसम्पर्क में पहुचे थे तो ग्राम एनाशर के ग्रामीणो ने उन्हें ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी दी। ठाकुर ने बताया कि इस समस्या से गरियाबंद जिला के कलेक्टर को अवगत कराया गया गरियाबंद जिला के कलेक्टर एंव बिजली विभाग के अधिकारियो द्वारा तत्काल गांव में नया ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली व्यवस्था सुचारू किया गया है जिसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन और बिजली विभाग के अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# क्षत्रिय युवाओं ने किया महासभा में शस्त्रपूजन

पायनियर संवाददाता ‹ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

राजपूत क्षत्रिय चौहान युवा महासभा विगत दिनों प्रदेश कमेटी एवं युवा संगठन के द्वारा आयोजित समरसता महासभा सफ लता पूर्वक सम्पन्न हुआ। जिसमें युवाओं ने आपसी तालमेल बैठाकर कार्य करने का निर्णय लिया।

प्रदेश कमेटी के कोषाध्यक्ष ठाकुर घनश्याम सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के सभी परिवार से आपस में सामंजस्य स्थापित कर एकजुटता लाना है। ठाकुर सिंह ने बताया सामाजिक समरसता लाने व समाज को विकसित करने के लिए शिक्षा रोजगार और अपनी क्षत्रिय संस्कृति का ज्ञान होना अति आवश्यक है। प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर बलराम सिंह व प्रदेश कमेटी की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदेश युवा कमिटी का



गठन कर युवा पदाधिकारियों का भी चयन किया गया।

दशहरा के उपलक्ष्य में शस्त्र पूजन का भी हुआ। समरसता महासभा में अनेक विषयों पर युवाओं ने परिचचीय की जसमें मुख्य रूप से प्रदेश युवा कमेटी की गठन, युवा संगठन का विस्तार, समाज में शिक्षा का महत्व, युवाओं की बढ़ती बेरोजगारी, जैसे विषयों पर चर्चा की गई। अंत में ठाकुर बंटी सिहं ने उपस्थित सामाजिक बंधुओं का आभार व्यक्त किया। महासभा में उपस्थित प्रदेश कमेटी ठाकुर बलराम सिंह, अध्यक्ष अवध सिंह उपाध्यक्ष, घनश्याम सिंह कोषाध्यक्ष, शैलेश सिंह सचिव, भुवाल सिंह सलाहकार, बालमुकुंद सिंह,सगंठन मंत्री एवं गणेश सिंह, मनुसिंह, कल्याण सिंह, ओमाकाश सुनील, टिकेंद्र, राजेश, लेखू, बंटी, संदीप, मुकेश, पकंज,गुमान, भुषण, तरूण, जुगनू, संतोष, अनिल, कैलाश, संजय, तुसार, रिकुं, पुरन, हेमंत, अमित, दिलीप,कपिल प्रिंस, नीरज, हष, सुरज महासभा में विभिन्न जिलों से क्षत्रिय समाज के युवाओं ने अपनी उपस्थिति दी।

## अतिथियों का स्वागत डीएवी के बच्चों ने मार्च पास्ट स्वागत गीत व नृत्य प्रस्तुत कर किया

# दो दिवसीय खेल महाकुंभ में 410 प्रतिभागी बच्चे दिखाएंगे प्रतिभा







पायनियर संवाददाता ◀ किरंदुल
www.dailypioneer.com

डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल में 18 अक्टूबर से 2 दिवसीय नेशनल मीट 2019 क्लस्टर लेवल 3 जोन ए खेल का भव्य आयोजन किया गया । स्थानीय फुटबाल ग्राऊण्ड में आयोजित कार्यक्रम में एनएमडीसी महाप्रबंधक ए.के. प्रजापति के मुख्य आतिथ्य में सुबह 6 बजे ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सीएसआर डीजीएम पर्सनल धर्मेंद्र आचार्य एसकेएमएस यूनियन सचिव राजेश संधू व अन्य अतिथियों का स्वागत डीएवी के बच्चों ने मार्च पास्ट स्वागत गीत व नृत्य प्रस्तुत कर किया। व्यायाम शिक्षक मनोज सिंह ने बताया कि खेलों के इस महाकुंभ में 15 विद्यालयों की 130 छात्रायें एवं 280 छात्रों सहित कुल 410 विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रथम दिन 2 सौ मीटर दौर में डीएवी किरंदुल के छात्र चेतन ठाकुर प्रथम नगरनार के जुगरु भागल द्वितीय गौरव साहू तृतीय रहा। बालिका वर्ग में डीएवी किरंदुल के छात्रा गीतिका नाग प्रथम गरिमा मंडावी दितीय नेहा खुरा तृतीय रही।प्रतियोगिता के लिए एनएनडीसी लिमिटेड किरन्दुल कॉम्प्लेक्स द्वारा शिक्षक शिक्षिका समस्त खिलाडियों के लिए आवास एवं भोजन की व्यवस्था की गई है।

# मध्यान भोजन की गुणवत्ता की जांच करने 14 संकुलों की हुई भोजन बनने की प्रतियोगिता





- कुआकोंडा के पोटाकेबिन में हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ नकुलनार/किरंदुल
www.dailypioneer.com

स्कुलों की मध्यान भोजन की गुणवत्ता जांच के लिए कुआकोंडा के 14 संकुलों के बीच अच्छा खाना बनने की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें अच्छा खाना बनने वाले संकुलों को बीईओ ,बीआरसी द्वारा पुरस्कृत किया गया। कुआकोंडा में शुक्रवार को हुई इस प्रतियोगिता में श्यामगिरि संकुल प्रथम स्थान पर रहा जिसे खण्ड शिक्षा अधिकारी बीणा सिंह के द्वारा 3 हजार रुपये से पुरष्कृत किया गया,दूसरे स्थान पर संकुल किरन्दुल शहरी रहा जिसे 2 हजार नगद दिए गए चौथे और पांचवे स्थान पर आने वाले संकुल पोटाली,को भी बीईओ कुआकोंडा द्वारा एक एक हजार दिए गए, सान्त्वना पुरस्कार एक हजार रुपये बीआरसी कुआकोंडा आरके महंती द्वारा भी संकुलों को दिये गए। मध्यान भोजन अच्छा बनाओ इनाम पाओ प्रतियोगिता में श्यामगिरि संकुल समन्वयक सुधिर चौहान, शिक्षक शैलेन्द्र सहित शिक्षक ,शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अंतर्गत

### 21 तक आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ◀ कांकेर
www.dailypioneer.com

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कांकेर द्वारा जिले के शिक्षित बेरोजगार युवक.युवतियों से स्वरोजगार स्थापना हेतु मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2019.20 में ऋण के लिए 21 अक्टूबर तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कांकेर के महाप्रबंधक आरसीएस ठाकुर द्वारा जानकारी दी गई है कि इस योजना की पात्रता रखने वाले इच्छुक आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना चाहिए। आवेदक को आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी तथा शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम आठवी कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। आवेदक की आयु आवेदन दिनांक को 18 से 35 वर्ष के मध्य होना चाहिए। इसके अलावा अनुसूचित जातिए जनजातिए अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला, विकलांग, नक्सल प्रभावित परिवार के सदस्य, सेवानिवृत्त सैनिक हेतु अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी गई है। आवेदक किसी भी राष्ट्रीकृत बैंक, वित्तीय संस्था, सहकारी बैंक से ऋणकर्ता नहीं होना चाहिए।

## सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग परीक्षा 25 को

**कांकेर।** अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यार्थियों के लिए ट्रायबल यूथ हॉस्टल नई दिल्ली में संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग वर्ष 2019.20 हेतु आयोजित प्राक्रयन परीक्षा 25 अक्टूबर दिन शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक पुरूष अभ्यार्थियों के लिए ष प्रयास बालक आवासीय विद्यालय सड्डू रायपुर में एवं महिला अभ्यार्थियों के लिए प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी रायपुर में परीक्षा केन्द्र निर्धारित की गई है, जो अभ्यार्थी ट्रायबल यूथ हॉस्टल नई दिल्ली में संघ सेवा आयोग हेतु आवेदन पत्र जमा किए हैं।

## नेशनल ट्रायबल डांस फेस्टिवल का आयोजन 1 से 15 नवम्बर तक

**कांकेर।** जिले में 01 से 15 नवम्बर तक विकासखण्ड स्तरीय नेशनल ट्रायबल डांस फेस्टिवल का आयोजन विवाह, फ सल कटाई, पारंपरिक त्यौहार एवं अन्य ओपन कैटेगिरी थीम पर किया जाएगा। कलेक्टर केएल चौहान ने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, खण्ड शिक्षा अधिकारी, नगर पालिका अधिकारी एवं मंडल संयोजक को विकासखण्ड स्तरीय नेशनल ट्रायबल डांस फेस्टिवल में परंपरागत पहनावा, नृत्य की मौलिकता, परंपरागत वाद्य यंत्रों के प्रयोग इत्यादि का ध्यान रखते हुए कलाकार दलों का चयन समय.सीमा में करने के निर्देशित किया ह।

## विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए आंकलन शिविर 21 से

**कांकेर।** सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत अध्ययनरत सभी दिव्यांग बच्चों की आवश्यकता का आंकलन करने हेतु स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जिले में 21 से 23 अक्टूबर तक आंकलन शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों के द्वारा एवं निर्देशक क्षेत्रिय संयोजित केन्द्र राजनांदगांव द्वारा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के दिव्यांगता का परीक्षण कर उनकी आवश्यकता का आंकलन किया जाएगा, ताकि चिन्हांकित किए गए बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण उपलब्ध कराया जा सके। आंकलन शिविर 21 अक्टूबर को विकासखण्ड कोयलीबेड़ा के लिए बीआरसीसी भवन कोयलीबेड़ा में, 22 अक्टूबर को विकासखण्ड अंतागढ़, दुर्गूकोंदल और भानुप्रतापपुर के लिए बीआरसीसी भवन भानुप्रतापपुर में और 23 अक्टूबर को विकासखण्ड कांकेर, चारामा और नरहरपुर के लिए बीआरसीसी भवन कांकेर आंकलन शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना

## बुजुर्ग मनकु राम और सोनाई' को घर के नजदीक ही मिली उपचार की सुविधा

- जिले में माह जून से अक्टूबर तक 14 हजार 999 लोगो का किया गया उपचार




पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य सुविधाओं को जन-जन तक पहुंचाना किसी भी कल्याणकारी राज्य का प्रमुख लक्ष्य होता है, क्योंकि स्वास्थ्य, शिक्षा और पीडीएस प्रणाली का सुव्यवस्थित संचालन शासन के प्रति विश्वास का प्रमुख आधार है। इसे देखते हुए अगर स्वास्थ्य सुविधा की बात की जाये तो राज्य शासन की मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना अपने लक्ष्य में खरी उतर रही है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर राज्य शासन के निर्देशानुसार राज्य के समस्त जिलो के प्रमुख हाट-बाजारो में स्वास्थ्य शिविर लगाये जा रहे है जिसका उद्देश्य सुदूर क्षेत्रों में बसे ग्रामीणों को ग्राम के नजदीक ही उपचार कराने की सुविधा को उपलब्ध कराना था, ताकि व्यक्ति स्वंय अथवा अपने परिजनों की मुख्यालय के किसी स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार हेतु लाने के बजाय ग्राम के नजदीक ही अपना उपचार करा सके। इससे न केवल बीमार व्यक्ति को लाने-ले-जाने की स्थिति से हो रही परेशानी से मुक्ति दिलाना था बल्कि तथा कथित झाड़-फुक्र अथवा देशी इलाज करने वाले व्यक्तियों से उन्हें बचाना भी था। ज्ञात हो कि इन शिविरों में न केवल मौसमी बीमारियों, बुखार, उल्टी-दस्त, मलेरिया जैसी बीमारियों की दवा निःशुल्क दी जाती है बल्कि इसके साथ-साथ लोगो में स्वास्थ्य जागरुकता संबंधी परामर्श भी दिए जाते है। इसके अलावा गंभीर रोग होने की स्थिति में मुख्यालय अथवा अन्य बड़े अस्पतालों के लिए रिफर भी किया जाता है। कुल मिलाकर शासन की इस कल्याणकारी योजना का लाभ दूरस्थ ग्राम में बसे हर एक ग्रामीण को मिला है जो स्वास्थ्य केन्द्रों में किसी भी वजह से जाने हेतु असमर्थ था।'' इस क्रम में विकासखण्ड माकड़ी के ग्राम बिंजोली निवासी 78 वर्षीय बुजुर्ग मनकु राम बताते है कि वे कई दिनो से हाथ-पैर के दर्द से परेशान थे और उनका आना-जाना भी दुभर हो गया था परन्तु गांव में ही लगने वाले साप्ताहिक हाट-बाजार में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में उनका न केवल पूरा स्वास्थ्य जांच किया गया बल्कि दवाईयां भी दी गई जिससे उन्हें अब काफी आराम है।

# 19 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



खेल जोन कोण्डागांव में 19 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2019-20 का भव्य आगाज दिनांक 19 अक्टूबर 2019 शनिवार से कोण्डागांव जिला मुख्यालय नगर कोण्डागांव में होने जा रहा है। जिसकी तैयारियां अंतिम रूप ले चुकी है। इस भव्य आयोजन के सफलता के लिए शासकीय अमला की सशक्त टीम विगत एक महीने से मुस्तैदी के साथ विभिन्न मोर्चो पर कार्यरत है। सन 2017 में कोण्डागांव जोन बनने के बाद से अपनी तरह का यह विशेष आकर्षण लिए आयोजन अनूठा इसलिए भी है, कि इसका आगाज तथा समापन सांस्कृतिक विविधताओं से परिपूर्ण होगी। उद्घाटन तथा समापन समारोह स्थानीक मौलिक संस्कृति नृत्य प्रदर्शनों से लबरेज होंगे जिसमें गुट्टा पर्रा, माटी मांदरी, गेड़ी नृत्य, हुल्की पर्रा की दलीय प्रस्तुतियां जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थीगण प्रस्तुत करेंगे। स्थानीय आदिम संस्कृति के अनुरूप आभूषण तथा वेशभूषा से सुसज्जित कोण्डागांव की धनी जीवंत सांस्कृतिक छटाएं दिखेंगी । खेल जोन बनने के बाद यह द्वितीय अवसर वार्षिक राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजन होने जा रहा है। जिसको लेकर भारी उत्साह तथा हर्ष का वातावरण निर्मित है। इस आयोजन के प्रमुख आकर्षणों में स्थानीय हस्तशिल्प (गड़बा हस्तशिल्प एवं लौह हस्तशिल्प) निर्मित पदक तथा मोमेन्टोज के अलावा अतिथियों के स्वागत के लिए मृदा हस्तशिल्प तथा सरगीपान निर्मित पात्र प्रमुख हैं। उल्लेखनीय है कि इस आयोजन को नीलकण्ठ टेकामजिलाधीश कोण्डागांव के मंशा अनुरूप नैसर्गिक तथा सावयिकी पुट देते हुए विकसित किया गया है। ज्ञातव्य है कि इस आयोजन में सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ से लगभग 01 हजार की संख्या में प्रतिभागी विद्यार्थीगण तथा 120के लगभगकर्मचारीगण सम्मिलित होंगे। तीरंदाजी, मलखम्भ, टेनिस बाल क्रिकेट, थ्रो बॉल के प्रतिस्पर्धाओं का चार दिवसीय (19-22 अक्टूबर 2019) समागम को सफल बनाने हेतु कोण्डागांव जिला के विभिन्न शासकीय विभागों के अनुभवी कर्मचारियों की पर्याप्त संख्या शिक्षा विभाग के नेतृत्व में जुटी हुई है।

जिसका कन्ट्रोल रूम कार्यालय वरिष्ठ खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग इन्डोर स्टेडियम विकास नगर जिला कोण्डागांव में संचालित है।

# चालू सत्र में 6.70 लाख क्विंटल धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर होगी



**भाटापारा।** खरीफ सत्र 2019-20 के लिए समर्थन मूल्य पर इस साल ज़िले में 6 लाख 70 हज़ार मैट्रिक टन धान ख़रीदा जाएगा। जिला विपणन संघ और जिला सहकारी बैंक ने इसके लिए तैयारियां चालू कर दी है। नियमों में फ़िलहाल कहीं कोई बदलाव नहीं किया गया है। वैसे इस बार भी उठा व परिवहन का विशेष ध्यान रहेगा ताकि किसी भी उपार्जन केन्द्र में जाम की स्थिति न बने।5 नवंबर से प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान की ख़रीदी की तैयारियां चालू हो जाएंगी। वास्तविक खेती और फ़सल के रकबे के मिलान का काम भी लगभग अंतिम चरण में पहुंच चुका है। जिला विपणन संघ और जिला सहकारी बैंक ने अपनी सोसायटियों को उपार्जन केन्द्र की साफ़सफ़ाई बिजली आदि ज़रूरी कामों की तैयारी चालू करने के लिए आदेश दे दिए हैं। वैसे ख़रीदी का पूरा सिस्टम बीते खरीफसत्र की ही तरह रहेगा याने किसानों धान लाने की पर्ची जारी होगी फिर किसान अपनी उपज बेच पाएंगे।

**31 तक पंजीयनः** इस बरस ज़िले में किसानों की संख्या में बढ़त की पूरी संभावना बनती दिखाई दे रही है। बीते बरस की तुलना में इस बरस यह आंकड़ा इसलिए बढ़ सकता है क्योंकि नामांतरण बटवारा और किसानों का ऋण माफ़किया जा चुका है। फ़िलहाल पंजीयन के अंतिम आंकड़े नहीं आए हैं।

> ख़रीफ़सत्र 2019-20 में समर्थन मूल्य पर धान की ख़रीदी के लिए ज़रूरी काम चालू किया जा चुका है। नियमों में फ़िलहाल कहीं कोई बदलाव नहीं किया गया है। बीते सत्र की भाँति इस सत्र में भी ख़रीदी की जाएगी।
>
> **-आरपी मिश्रा, जिला विपणन अधिकारी बलौदाबाज़ार**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: ईश्तहार/आधिपत्य की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रं. 197 2019-20
वार्ड का नाम - रानी लक्ष्मी बाई वार्ड क्र. 07

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **रानी लक्ष्मी बाई वार्ड क्र. 07** स्थित भवन/भूमि **01/नया** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती गंगाराम कुम्हार** पिता/पति **छनुवा कुम्हार** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती ललिता शर्मा** पिता/पति **रामायण शर्मा** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1959 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
आयुक्त
नगर पालिक निगम
बीरगांव

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.) जोन क्रमांक 02**
शहीद स्मारक स्कूल, के.के. रोड, रायपुर (छ.ग.)

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रमांक 317/2019-2020
वार्ड का नाम -पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड क्र. 24

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड क्र. 24** वार्ड स्थित भवन / भूमि **24/104/1** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती पुरुषोत्तम अजवानी S/o वासुमल अजवानी, श्रीमति जया अजवानी W/o पुरुषोत्तम अजवानी** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्रीमती जया अजवानी W/o पुरषोत्तम अजवानी** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. -02
नगर पालिक निगम, रायपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.) जोन क्रमांक 02**
शहीद स्मारक स्कूल, के.के. रोड, रायपुर (छ.ग.)

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रमांक 319/2019-2020
वार्ड का नाम -पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड क्र. 24

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड क्र. 24** वार्ड स्थित भवन / भूमि **24/104** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती पुरुषोत्तम अजवानी S/o वासुमल अजवानी, श्रीमति जया अजवानी W/o पुरुषोत्तम अजवानी** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री पुरषोत्तम अजवानी S/o वासुमल अजवानी** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. -02
नगर पालिक निगम, रायपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्र. 5, रायपुर**
ईदगाह भाटा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4045819, E-MAIL :- rmczone5@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र.253/2019-2020
दिनांक 18.10.19
वार्ड का नाम-माधव राव सप्रे वार्ड क्र.-68

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **माधव राव सप्रे वार्ड क्र.-68** वार्ड स्थित भवन/भूमि **68/नया** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती रमेश सिंह ठाकुर पिता स्व. छत्तर सिंह ठाकुर** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती 1. लक्ष्मी मानिकपुरी पति श्री अमर दास मानिकपुरी 2. अमरदास मानिकपुरी पिता श्री ऐवन मानिकपुरी** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. 5
नगर पालिक निगम, रायपुर

## संपादकीय

# अयोध्या पर सुनवाई पूरी, अब फैसले की प्रतीक्षा

**अयोध्या** में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद टकराव एक समय पहचान तथा हिंदू बनाम मुसलमान का मामला था और उसने एक नए विमर्श को जन्म दिया था। इसे देखते हुए 'दक्षिणपंथी' हिंदू ऐतिहासिक दावा करते हुए स्वयं को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का सच्चा वारिस सिद्ध करने का प्रयास कर रहे थे। यह विश्वास ऐतिहासिक प्रमाणों के बजाय कल्पनाओं पर अधिक आधारित था जिसमें माना गया था कि मस्जिद का निर्माण बाबर ने मुगल काल में कराया था। इस प्रकार भाजपा ने स्वयं को स्पष्ट रूप से औपनिवेशिक विरासत से प्राप्त उदारवादी-सेक्युलर विमर्श के विरोध में रखा था। उसने उस नई पीढ़ी के लिए राष्ट्रवाद या भारतीयता को परिभाषित किया जो स्वतंत्रता संघर्ष के समय नहीं थी तथा वैश्वीकृत दुनिया में अपने पैर जमाने का प्रयास कर रही थी। इस रणनीति ने हिंदूवाद के दर्शन को हिंदुत्व के व्यवहार से अलग किया। अब यह चक्र भाजपा की जबरदस्त विजय से पूरा हो गया है जिसने बहुसंख्यकवादी विमर्श को वैधता प्रदान की है। इस प्रकार अब मंदिर को एक प्रकार से आम जनता की स्वीकार्यता मिल गई है। अयोध्या के निवासी भी राजनीतिक उठापटक से थक गए हैं क्योंकि इससे उनकी भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति नहीं हो रही है। हिंदुओं और मुसलमानों की एक पूरी पीढ़ी इस विवाद की छाया में बड़ी हुई है, जबकि वे शिक्षा और रोजगार चाहते हैं। बदली हुई परिस्थिति में अयोध्या का आकर्षण धुंधला हुआ है।

सर्वोच्च न्यायालय की प्रशंसा की जानी चाहिए कि उसने धार्मिक जटिलता को भूमि स्वामित्व तक सीमित कर मध्यस्थता का प्रयास किया है। तीन प्रमुख पक्षों-निर्मोही अखाड़ा, रामलला विराजमान व सुन्नी वक्फ बोर्ड ने अपना दृष्टिकोण मुकदमें में सामने रखा है। निर्मोही अखाड़े का दावा पीढ़ियों से भगवान राम के सेवक होने के नाते है, जबकि सुन्नी वक्फ बोर्ड का दावा इस तथ्य पर है कि 1992 तक बाबरी मस्जिद का अस्तित्व था। लेकिन उसके कुछ सदस्यों ने अपना दृष्टिकोण नरम कर वैकल्पिक मस्जिद की बात इस शर्त पर की है कि किसी अन्य मस्जिद को नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा तथा एएसआई क्षेत्र की अन्य मस्जिदों में नमाज की अनुमति देगी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व जज देवकी नंदन अग्रवाल के उच्च न्यायालय जाने के बाद 1989 में रामलला विराजमान मुकदमे में विधिक रूप से शामिल हुए। अग्रवाल ने रामलला के नाम पर पूरे जन्मस्थान पर दावा किया। अब सर्वोच्च न्यायालय को स्मृति, निरंतरता, विश्वास, परंपरा व ऐतिहासिक प्रमाणों से नतीजा निकालना है। राम मंदिर एक भावनात्मक शक्ति थी जिससे संघ परिवार को भाजपा द्वारा राजनीतिक सत्ता तक पहुंचने का मौका मिला।

अटल बिहारी वाजपेयी युग में गठबंधन राजनीति के कारण शासन में व्यावहारिकता की आवश्यकता थी, जबकि वर्तमान नरेन्द्र मोदी सरकार को ऐसे समझौते की कोई जरूरत नहीं है। संघ परिवार के प्रतिबद्ध केन्द्र की तरह उनसे वैचारिक प्रासांगिकता को कार्यरूप में बदलने की उम्मीद है। पार्टी को उम्मीद है कि वह विधिक दायरे में अयोध्या समस्या का समाधान कर सकेगी। शायद मोदी हिंदुत्व सरोकारों को पूरा करने की जल्दी में हैं जिसमें अनुच्छेद 370, राम मंदिर, आप्रवास व समान नागरिक संहिता शामिल हैं ताकि ये हिंदू राष्ट्र तक पहुंचने में बाधा न बनें। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की बड़ी चिन्ता यह है कि मतदाता आजीविका के मामले पर ठगा अनुभव कर रहे हैं जिसमें शहरी, ग्रामीण व मध्य वर्ग सभी शामिल हैं। अयोध्या विवाद ने देश में विभाजन को बढ़ाया है। ऐसे में वर्तमान समय में ऐतिहासिक अन्याय को दूर करने के प्रयास उचित नहीं कहे जा सकते हैं।

# सच्चा भारतीय कौन है?

## भोपाल गैस त्रासदी के समय सैकड़ों लोगों की जान बचाने वाले गुलाम दस्तगीर तथा नोबेल पुरस्कार विजेता अभिजीत बनर्जी सच्चे भारतीय हैं जो हमें प्रेरित करते हैं।



**अजय कुमार**
(लेखक पूर्व आईपीएस व पूर्व सांसद हैं)



**देश** भर में यात्रा करने का मेरा मनपसंद तरीका ट्रेन की सवारी है। लेकिन ज्यादा व्यस्तता तथा आधुनिक जीवन की तात्कालिकता के कारण मुझे भारतीयों द्वारा यात्रा के इस सुपरिचित तरीके का लाभ उठाने का ज्यादा अवसर नहीं मिलता है। ट्रेन की यात्रा में कुछ खासकर भारतीय है क्योंकि इससे साथी यात्रियों से संपर्क बढ़ाने व चाय पीते हुए बातचीत का मौका मिलता है। ये पंक्तियां लिखते समय मेरे दिमाग में ऐसी ही एक यात्रा की याद आती है। विश्वास है कि पाठकों को भी ऐसा ही अनुभव हुआ होगा।

ट्रेन यात्रा की विशेषता यात्रा के दौरान दिखने वाली विविधता है। हमें अनेक भाषायें व अलग-अलग शैली सुनने को मिलती है, अनेक प्रकार के भोजन की सुगंध आती है तथा विभिन्न दृष्टिकोण सामने आते हैं। इससे मुझे यह सोचने का मौका मिलता है कि आखिर भारतीय होने का क्या अर्थ है।

पाकिस्तान जैसे दूसरे देशों की तरह भारत किसी खास धर्म से परिभाषित नहीं है। कुछ लोग तर्क दे सकते हैं कि हिंदू-बहुसंख्य देश होने के नाते भारत की पहचान मुख्यतः बहुसंख्यकवादी दृष्टिकोण से परिभाषित होती है। लेकिन यह तर्क जमीन पर सही नहीं उतरता है क्योंकि भारत में न केवल अनेक धर्म, बल्कि अनेक जातियां भी हैं। इसलिए हिंदू समुदाय के लगभग 5 प्रतिशत ब्राह्मण हिंदू संभवतः सभी हिंदुओं के प्रतिनिधित्व का दावा नहीं कर सकते हैं। यही बात भाषाओं के बारे में भी सही है।

हिंदी के 'राष्ट्रीय' भाषा होने की हालिया बहस ज्यादा सार्थक नहीं लगती है क्योंकि हमारे देश में अनेक भाषायें बोली जाती हैं। यदि आपको मुझ पर विश्वास नहीं है तो किसी महाराष्ट्रीय या तमिल से पूछे कि 'हिंदी' के राष्ट्रीय भाषा होने पर उसका क्या विचार है। सच्चाई यह है जैसा कि कांग्रेस नेता शशि थरूर ने बहुत स्पष्टता से कहा है- 'भारतीय पहचान विविधता से बनी है और हममें से सभी अल्पसंख्यक हैं।'

लेकिन इससे यह स्पष्ट नहीं होता है कि भारतीय होने का क्या अर्थ है। यह बात गुलाम दस्तगीर की कहानी से स्पष्ट होती है। 2 दिसंबर, 1984 को भोपाल गैस त्रासदी के समय दस्तगीर भोपाल रेलवे स्टेशन पर उप स्टेशन सुपरिंटेंडेंट पद पर कार्यरत थे। यह यूनियन कार्बाइड प्लांट के बहुत निकट होने के कारण जहरीली गैसों से भरा था जिससे उस रास्ते पर आने वाले सभी लोग मर गए।

उस दुर्भाग्यपूर्ण रात जब वीर उप स्टेशन मास्टर प्लेटफार्म पर आए तो उनको गले में खराश तथा आंखों में जलन का अनुभव हुआ। वे फौरन समझ गए कि कुछ गड़बड़ है। वे नहीं जानते थे कि उनके 23 सथी पहले ही गैस लीक के शिकार हो चुके हैं। उन्होंने स्थिति जानने का प्रयास किया तथा निर्देश प्राप्त करने चाहे।

लेकिन कोई नतीजा न निकलने पर दस्तगीर ने सारी जिम्मेदारी स्वयं संभालते हुए वरिष्ठ लोगों को भोपाल आने वाली सभी ट्रेनें रोकने का अनुरोध किया। इसके बाद उन्होंने अपने कर्मचारियों को बुलाया। हालांकि, उनको खड़े होने और सांस लेने में कठिनाई हो रही थी, पर उन्होंने सारे नियम तोड़ते हुए गोरखपुर जाने वाली ट्रेन को 25 मिनट पहले ही वहां से जाने के आदेश दिए। उन्होंने अपने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि वे इसके परिणामस्वरूप होने वाले सभी नतीजे भुगतने को तैयार हैं।

> पाकिस्तान जैसे दूसरे देशों की तरह भारत किसी खास धर्म से परिभाषित नहीं है। कुछ लोग तर्क दे सकते हैं कि हिंदू-बहुसंख्य देश होने के नाते भारत की पहचान मुख्यतः बहुसंख्यकवादी दृष्टिकोण से परिभाषित होती है। लेकिन यह तर्क जमीन पर सही नहीं उतरता है क्योंकि भारत में न केवल अनेक धर्म, बल्कि अनेक जातियां भी हैं।

इस प्रकार दस्तगीर ने सैकड़ों लोगों का जीवन बचाया। वे इतने पर ही नहीं रुके। पूरे भोपाल में आतंक फैलने के साथ ही बड़ी संख्या में प्रभावित लोग गैस चैंबर से बचने के लिए स्टेशन पहुंच गए। दस्तगीर एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाकर पीड़ितों को सांत्वना देते रहे। उन्होंने सभी निकटवर्ती रेलवे स्टेशनों को एंबुलेंस और डाक्टर भेजने के संदेश दिए।

वे स्वयं गैस लीक से बुरी तरह प्रभावित हुए और 2003 में उनका निधन हो गया। उनके जीवन का लंबा समय जहरीली गैसों का इलाज करवाते अस्पताल में बीता। इस त्रासदी में उनका बेटा भी मर गया। लेकिन अपनी वीरता और साहस से उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि सैकड़ों बच्चों के माता-पिता को उन स्थितियों का सामना न करना पड़े जिसके शिकार वे स्वयं बने थे।

दस्तगीर सच्चे भारतीय थे। ऐसे अवसरों पर हम भूल जाते हैं कि उस व्यक्ति का क्या धर्म था, वह किस जाति में पैदा हुआ था या वह कौन सी भाषा बोलता था। हमें केवल इसी बात की चिन्ता होती है और हम यही याद रखते हैं कि इस भारतीय बंधु ने महान बलिदान दिया। वास्तव में भारतीय होने का यही अर्थ है। इसका अर्थ यह स्वीकार करना है कि स्वतंत्रता के समय हमने या भारतीय जनता ने अपने आप से और भावी पीढ़ियों से वादा किया था कि हम सारे विभाजनों को पीछे छोड़ कर एक बेहतर भारत बनाएंगे। दस्तगीर की दिल झकझोर देने वाली कथा हमें यही महत्वपूर्ण मूल्य याद दिलाती है।

भारतीय होने के केन्द्र में एक और महत्वपूर्ण मूल्य है कि हम ज्ञान का सम्मान और प्रशंसा करते हैं। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि जब कोई किताब जमीन पर गिर जाती है तो हम अनजाने ही उसे छूकर अपने माथे पर हाथ लगा कर उसे सम्मान देते हैं। इस महत्वपूर्ण मूल्य ने भारत को अनेक प्रखर विचारक दिए हैं। हमने गणित, साहित्य, तकनीक और दर्शन के साथ अनेक अन्य क्षेत्रों में अग्रणी व्यक्ति पैदा किए हैं। मेरा विश्वास है कि हमारी बौद्धिक शक्ति का एक बड़ा कारण हमारी संस्कृति में ज्ञान तथा उसकी खोज का सम्मान है।

इसका नवीनतम उदाहरण भारतीय मूल के अर्थशास्त्री अभिजीत बनर्जी हैं जो अर्थशास्त्र पर नोबेल पुरस्कार विजेताओं में से एक है। उनकी विजय ने भारतीय विद्वानों की अत्यधिक समृद्ध सूची में योगदान किया है। लेकिन दुःख की बात है कि हमारे कुछ नेताओं ने इन मूल्यों के स्थान पर ऐसे मूल्य स्थापित करने के प्रयास किए हैं जो प्रमुख भारतीय मूल्यों के विरोधी हैं। हमें अब बताया जा रहा है कि अपनी शक्ति के बजाय मतभेदों पर ध्यान केन्द्रित करें तथा हमारे कुछ नेता बार-बार ज्ञान के प्रति घृणा प्रदर्शित करते हुए अंधविश्वास से जुड़ाव प्रदर्शित करते हैं। यह भारत का वह विचार नहीं है जिसे हम प्रेम करते हैं और यह भारतीय होने का अर्थ नहीं है।

मेरे विचार से दस्तगीर की गाथा याद करते समय या अर्थशास्त्र के क्षेत्र में अभिजीत बनर्जी का योगदान याद करते समय हम सब गर्व से भर जाते हैं। हमें सुनिश्चित करना चाहिए कि हम अपने प्रमुख मूल्यों को बनाए रखते हुए दूसरों में गर्व की यही भावना पैदा करने का प्रयास करें। कुल मिला कर भारतीय होने का यही अर्थ है।

# प्रदूषण के विरुद्ध सामूहिक प्रयास आवश्यक

**नवधा मल्होत्रा**
(लेखिका सामाजिक अभियान प्रबंधक हैं)



**दीवाली** का मौसम बहुत से वाद विवाद का कारण बनता है : क्या पटाखों पर प्रतिबंध लगाने से अंतर आ सकता है? क्या हम बेहतर तरीके से तैयार हैं? क्या राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण घटा है? इसे कम करने के लिए दिल्लीवासी क्या कर सकते हैं?

इस वर्ष आम आदमी पार्टी सरकार ने वायु प्रदूषण से निबटने के लिए सिलसिलेवार उपायों की घोषणा की, जिनमें सम-विषम वाहन राशनिंग योजना, पीएम-10 से बचाव के लिए मास्क वितरण, दीवाली के लिए एक सामुदायिक पायरोटेक्निक शो का आयोजन, यांत्रिक सड़क सफाई, वृक्षारोपण अभियान एवं 12 प्रमुख स्थलों के लिए एक प्रदूषण योजना शामिल हैं। सितम्बर में, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पिछले चार वर्षों के वायु गुणवत्ता आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में प्रदूषण का स्तर 25 प्रतिशत घटा है। यद्यपि आंकड़ों का परीक्षण अभी भी जारी है, यह स्वच्छ दिल्ली की दिशा में एक सकारात्मक कदम का संकेत है।

अतीत में, राजधानी में लागू की गई सम-विषम योजना को लेकर कई दावे और प्रतिदावे किए गए हैं। जबकि कुछ अध्ययनों ने संकेत दिया है कि यह सफल रहा, अन्यों का दावा है कि इसका कोई असर नहीं पड़ा, और फिर भी अन्यों की दलील है कि दिल्ली के आंकड़ा समुच्चयों से वाहनजनित प्रदूषण को पृथक करना असंभव है। हालांकि, एक चीज जिस पर सभी अध्ययन सहमत हैं वो यह कि सम-विषम योजना दमदार सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था एवं भारी वाहनों व दोपहिया वाहनों पर प्रतिबंध लगाए बगैर सफल नहीं होगी, जिनकी संख्या दिल्ली के यातायात में सबसे ज्यादा है।

अतीत में, योजना ने दुपहिया व तिपहिया वाहनों, ट्रकों, टैक्सियों एवं अति विशिष्ट व्यक्तियों द्वारा प्रयुक्त कारों को इससे छूटी दी थी। इन रियायतों तथा सम-विषम योजना के सीमित घंटों ने इस परियोजना की सफलता को कठिन बना दिया, खासकर इसलिए क्योंकि दोपहिया वाहनों का उत्सर्जन स्तर सर्वाधिक है। इस क्षण, दिल्ली मेट्रो और बसों के बेड़े यात्रियों की वर्तमान मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं, वाहनों की राशनिंग के दिनों में पैदा होने वाली मांग की बात तो दूर की है। हालांकि, इस योजना के एक लाभ से इनकार नहीं किया जा सकता कि इसके कारण शहर की सड़कों पर वाहनों की सघनता कम हुई थी। इससे नागरिकों द्वारा कार में बिताए जाने वाले घंटों की मात्रा घटती है और सघनता के कारण होने वाले प्रदूषण में कमी आती है। यह योजना सही दिशा में उठाया गया कदम है लेकिन वाहन जनित प्रदूषण की समस्या का समाधान अकेले इसके बल पर नहीं किया जा सकता। इन सरोकारों को देखते हुए, अगला तर्कसंगत समाधान विद्युत वाहन होने चाहिए, और खासकर विद्युत चलित सार्वजनिक परिवहन। देश के इर्दगिर्द बहुत से शहरों ने विद्युत बसों एवं फीडर बसों के प्रति प्रतिबद्धता जताई है और यदि इन उपायों को लागू किया जाता है, तो वे निश्चित रूप से वायु प्रदूषण पर सकारात्मक असर दिखाएंगे। हालांकि, तेलपाइप उत्सर्जनों में कटौती करना अधूरा काम है। जब तक विद्युत वाहन परम्परागत बिजली से ऊर्जा प्राप्त करते रहेंगे, वे जीवाश्म ईंधन उत्सर्जनों में योगदान करेंगे, मगर उस शहर में नहीं जहां वे चलते हैं। विद्युत चलित वाहन सही दिशा में उठाया गया कदम है लेकिन अकेले वे ही वायु प्रदूषण संकट से निबटने के लिए पर्याप्त नहीं है, जब तक भविष्य में वे सौर ऊर्जा चलित नहीं बन जाते हैं। वस्तुतः सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने में ही भलाई है। समस्या के भिन्न-भिन्न स्रोतों की तरह, हमारी वायु गुणवत्ता के मुद्दों के समाधान भी विविधतापूर्ण और जटिल किस्म के हैं। प्रदूषण राज्य व शहर की सीमाओं को नहीं देखता और हमारे समाधान भी इनसे परे होने चाहिए। भारी औद्योगिक एवं वाहन गतिविधियों को शहर से बाहर रखना होगा, पराली जलाने की समस्या के साम्य आधारित पर्यावरणीय समाधान खोजकर जल्द से जल्द लागू करने होंगे, औद्योगिक गतिविधियों को कड़ाई से विनियमित करना होगा और ईंधन उत्सर्जन मानकों का उच्चीकरण करते रहना होगा, और यह सब केंद्र तथा राज्य सरकारों को साथ मिलकर करना होगा। अधिक महत्वपूर्ण रूप से, इस सरकार को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि वायु गुणवत्ता की उचित निगरानी हो और आंकड़ों का साझा किया जाए जिससे सम-विषम योजना जैसी योजनाओं को मूल्यांकन किया जा सके।



इस समय, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का निगरानी संजाल दुखद रूप से अधूरा है, जिसमें बहुत से प्रदूषकों व स्थानों का पता नहीं है। हाल ही में जारी राष्ट्रीय स्वच्छ वायु योजना में बहुत से ऐसे भारतीय शहरों को शामिल नहीं किया गया है जिनके लिए नीतिगत कार्रवाई की आवश्यकता है और इसमें स्थानीय अधिकारियों को दोषियों को दंडित करने एवं शक्ति का उपयोग करने के अधिकार नहीं दिए गए हैं। जहां तक नागरिकों की बात है, तो वे प्रत्येक वर्ष अंतराल के बाद सही प्रत्याशी को वोट देने के अलावा और कुछ नहीं कर सकते। एयर प्यूरीफायर लगाना, भौतिक गतिविधियां सीमित करना एवं मास्क पहनना केवल उनके लिए संभव है जो इन चीजों का खर्च वहन कर सकते हैं और इससे वायु प्रदूषण से राहत तो मिलती है मगर यह कोई समाधान नहीं है।

प्रत्येक व्यक्ति कुछ सक्रिय कदम उठा सकता है : कारपूलिंग एवं सार्वजनिक परिवहन के उपयोग से वाहन उत्सर्जन कम होता है।

## फरमाया



**सार्वजनिक** क्षेत्र बैंकों का सबसे बुरा समय तब था जब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री व रघुराम राजन आरबीआई गवर्नर थे।

**– निर्मला सीतारमण**
वित्त मंत्री



**सरकार** विरोधियों को दोषी ठहराने की आदी है। वह अर्थव्यवस्था पुनर्जीवित करने का रास्ता तलाशने में विफल है।

**– मनमोहन सिंह**
पूर्व प्रधानमंत्री



**कांतिलाल** भूरिया और मैं अवकाश लेने की आयु में आ गए हैं। नौजवानों के आगे बढ़ने का समय आ गया है।

**– दिग्विजय सिंह**
वरिष्ठ कांग्रेस नेता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## एक सलाह अपनों के लिए

**टेलीविजन** चैनलों की स्वनियामक संस्था समाचार प्रसारण व नियामक प्राधिकरण ने सभी टीवी समाचार और कार्यक्रम प्रसारित करने वाले चैनलों को परामर्श जारी कर कहा है कि उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन श्री राम जन्मभूमि - बाबरी मस्जिद केस में रिपोर्टिंग करते हुए अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए तथा तनाव उत्पन्न करने वाली भड़काऊ बहसों से बचा जाना चाहिए। एनबीएसए ने सलाह दी है कि इस तरह के मामलों में चैनल किसी भी तरह की अटकलबाजी से बचा जाए और खबर पूरी तरह प्रामाणिक हो तथा उसमें किसी तरह का पक्षपात या पूर्वाग्रह न दिखाई दे। एनबीएसए. पूर्व में भी कई परामर्श खबरिया चैनलों को जारी कर चुका है लेकिन बाजार से संचालित और टी. आर. पी. की होड़ में शामिल चैनलों को लगता है कि अब पत्रकारिता के आदर्शों से बहुत ज्यादा वास्ता नहीं रह गया है। आज चैनलों में प्रतिस्पर्धा में की आड़ में उपभोक्ताओं को ख़बरों के नाम पर अटकलबाजी परोसी जा रहीं हैं। कॉरपोरट घराने के चैनलों में तटस्थता, निष्पक्षता, वस्तुपरकता को उपभोक्ताओं की पसंदगी के नाम पर बलि चढ़ाया जा रहा है। मुनाफा बाकी धंधों की भांति इस पेशे में भी प्राथमिकता की पराकाष्ठा में रहता है।

– **बिजेंद्र कुमार,** दिल्ली विविद्यालय

## वामपंथी बेईमान

**बौद्धिक** स्तर पर भारतीय वामपंथ की बेईमानी देखकर विस्मय होता है। राखीगढ़ी के नरकंकालों के डीएनए टेस्ट ने प्रमाणित किया कि वे मध्य-एशिया के न होकर भारत के ही थे, अर्थात आर्य आक्रमण का सिद्धांत आधार-हीन है, किन्तु वामपंथी मानने को तैयार नहीं। ये परीक्षण कई संस्थानों में करवाया गया, जिनमे दुनिया के सर्वाधिक जाने-माने डीएनए वैज्ञानिक, हार्वर्ड विवि के प्रो डेविड रिच भी थे। किन्तु विज्ञान के निष्कर्ष को ठुकराकर अपनी अलग डफली बजाने में वामपंथी मग्न हैं। याद रहे तीस साल पहले 1988-89 में जब ताजमहल के एक दरवाजे की लकड़ी के कार्बन-डेटिंग से पता लगा कि वह सन 1340 की है, अर्थात शाहजहां के 300 वर्ष पहले की, उस समय भी उस वैज्ञानिक शोध को दबाने में वामपंथी आगे थे। न्यूयॉर्क के विश्व-प्रसिद्द प्रैट इंस्टिट्यूट में विख्यात वैज्ञानिक मार्विन मिल्स ने ये डेटिंग की थी। किन्तु भारत में वामपंथी बौद्धिक दबदबे के चलते इस वैज्ञानिक निष्कर्ष पर ध्यान देना तो दूर, उस की कहीं चर्चा तक नहीं हुई, और ताजमहल के 1632-48 के बीच शाहजहां द्वारा निर्माण का मिथक पूर्व के समान ही चलता रहा। अयोध्या मामले पर भी वामपंथी वैसा ही कर रहे हैं।

– **पूनम मित्तल,** मेरठ

## पराली पर जागरूकता जरूरी

**विकास** हमेशा विनाश के कंधों पर सवार होकर आता है। जब से मजदूरी ज्यादा होने की वजह से और मशीनों से कटाई आसानी से हो जाने लगी, तब से ही खेतों में अवशेष पराली को किसानों ने जलाना शुरू कर दिया,हाथ से कटाई होती थी तो भूसा बचता था और भूसा इस्तेमाल हो जाता था, अब ऐसा नहीं हो पाता और पराली जलाने से पर्यावरण को कितना ज्यादा नुकसान पहुंच रहा है इसको लेकर पर्यावरणविदों ने अभी से आगाह करना शुरू कर दिया है। दिल्ली, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश की हवा जरूरत से ज्यादा जहरीली हो चुकी है, जिम्मेदारी सरकार की है। यदि किसानों को विधिवत जानकारी दी जाए और समझाया जाए की पराली को बायो कंपोस्ट के जरिए खाद बनाकर खेत में ही पुनः इस्तेमाल कर लें तो अगली फसल बिना कीटनाशक और बिना खाद के भी बहुत अच्छी हो सकती है, इसके लिए सरकार को पहल करनी होगी स्थितियां बद से बदतर हो उसके पहले। अतः किसानों को जागरूक करने पर विशेष ध्यान देना होगा।

– **रमेश माहेश्वरी**, सुल्तानपुर

## क्विक न्यूज

### यूपीएससी तैयारी के लिए कोचिंग प्रवेश पत्र मिलेंगे 21 से

**बालोद।** नई दिल्ली स्थित ट्रायबल यूथ हास्टल द्वारका में रहकर संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए कोचिंग क्लास में प्रवेश हेतु आयोजित परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए जिला स्तर पर आवेदन मंगाए गए थे। आदिवासी विकास विभाग की सहायक आयुक्त माया वारियर ने बताया कि जो अभ्यर्थी संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने के लिए कोचिंग करने के इच्छुक है और जो सहायक आयुक्त आदिवासी विकास बालोद के कक्ष क्रमांक-62 में आवेदन जमा किए हैं ऐसे अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र कार्यालय कलेक्टर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कक्ष क्रमांक-62 में एक पासपोर्ट साईज फोटो के साथ उपस्थित होकर अपना प्रवेश पत्र 21 से 24 तक प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा का आयोजन 25 2019 को रायपुर स्थित प्रयास आवासीय विद्यालय में किया गया है।

### सांसद छाया वर्मा को माता कौशिल्या सम्मान कल

**भिलाई।** अगासदिया का माता कौशिल्या सम्मान समारोह एवं वैचारिक संगोष्ठी 20 अक्टूबर को संध्या 3 बजे है। अगासदिया परिसर आमदी नगर भिलाई में आयोजित सम्मान समारोह के अवसर पर वैचारिक संगोष्ठी का विषय होगा -संस्कृति, भाषा एवं सद्भाव का गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ संगोष्ठी के मुख्य वक्ता एस. राम वर्मा होंगे। डॉ. आर.एस. बारले, डी.पी. देशमुख, सरला शर्मा, संजीव तिवारी विचार रखेंगे। रिखी क्षत्रिय का विशेष प्रदर्शन तथा लोकधरा के कलाकार राजेन्द्र साहू की प्रस्तुति होगी। महंत अंतराम साहेब का गायन होगा। कार्यक्रम में राज्य सभा सासंद श्रीमती छाया वर्मा को 2019 का माता कौशिल्या सम्मान प्रदान किया जायेगा। अरूण वोरा विधायक एवं देवेन्द्र प्रसाद महापौर एवं विधायक अध्यक्ष तथा विशिष्ट अतिथि होंगे।

# ऋण पुस्तिका की किल्लत, किसान हो रहे है हलाकान, रूक रहा है काम

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




ऋण पुस्तिका की किल्लत इन दिनों बेमेतरा क्षेत्र में बनी हुई है जिससे नये किसानों को ऋण पुस्तिका के लिए इधर.उधर भटकना पड़ रहा है।

वही कई नये किसानों को ऋण पुस्तिका नहीं मिलने के कारण कई किसानों को न तो कही ऋण मिल पर रहा है न किसी का जमानत नही ले पा रहे है। जबकि इस संबंध में जानकारी यहां तक मिली है कि ऊंचे कीमतों पर ब्लैक में ऋण पुस्तिका का जुगाड़ कर लिया जाता है। किसानों के लिये ऋण पुस्तिका एक तरह से भू-अधिकार पत्र है जिसके अभाव में किसान चाह कर भी कुछ नहीं कर सकते। ऋण पुस्तिका ही किसानों के लिए सबसे अमूल्य होता है जो इन दिनों बेमेतरा क्षेत्र में किल्लत बनी हुई है क्योंकि जिस अनुपात से क्षेत्र में नये किसानों के द्वारा भूमि की खरीदी की जा रही है उसके अनुपात में ऋण पुस्तिका उपलब्ध नहीं हो पा रहा है जिससे कई नये किसानों के द्वारा भूमि की खरीदी करने के बाद भी कई सप्ताह तक ऋण पुस्तिका नहीं बन पाता और वह ऋण पुस्तिका के लिए पटवारियों के यहां चक्कर लगाने के लिये मजबूर हो जाते है।

> विधानसभा लोकसभा चुनाव के कारण राजनांदगांव प्रिंटिगं प्रेस में थोड़ा विलंब हुआ, वैसे बीच में कभी दो सौ तो कभी पांच सौ आया है, जिसे पटवारियों को वितरण कर दिया गया था। इसके बाद भी ऋण पुस्तिका की कमी बनी हुई है इसके लिए पांच सौ का मांग पत्र भेजा गया है।
>
> **-राजकुमार मराती,** प्रभारी तहसीलदार बेमेतरा।

### सभी कार्य के लिए आवश्यक है ऋण पुस्तिका

छत्तीसगढ़ में किसानों के भूमि संबंधित सभी समस्त जानकारी देने के लिये शासन द्वारा किसान किताब किसानों को दिया जाता है जिसे बोलचाल की भाषा में किसानों के द्वारा ऋण पुस्तिका के रूप में जाना जाता है कृषि कार्य के सभी कामों के लिये ऋण पुस्तिका की उतनी ही जरूरत है जितना की किसानों के लिए कृषि भूमि का होना जरूरी रहता है और वर्तमान में कृषि भूमि लेकर नये किसान बनने वाले के लिए तो सबसे पहले अपने कृषि भूमि का उपज को धान खरीदी केन्द्रो में बेचने के लिये पंजीयन करना जरूरी है परंतु ऋण पुस्तिका की किल्लत के चलते कई किसानों को पंजीयन कराने में दिक्क त हो रही है। इसके अतिरिक्त कृषि कार्य के लिये सभी तरह की ऋण पुस्तिका होना आवश्यक है। साथ ही किसी की न्यायालय में जमानत के लिया जाता है। यदि ऋण पुस्तिका नहीं है तो किसान के पास चाहे कितना भी जमीन हो उसे वि य नहीं कर सकता इसी तरह परिवारिक संपत्ति का बंटवारा अथवा नामांतरण के लिये भी इसकी अनिवार्यता है। इसीलिए सभी नये अथवा पुराने कृषक सबसे पहले ऋण पुस्तिका को सुरक्षित रखतें है ताकि जरूरत के समय तत्काल उपलब्ध हो सके। ऋण पुस्तिका की कमी से कई लोगों को समय पर ऋण पुस्तिका नहीं मिल पा रही है वही दूसरी इस बात की चर्चा भी सरे आम हो रही है कि पहुंच और रसूकखदारों को अथवा अधिक कीमत देने के शर्ते पर ऋण पुस्तिका की व्यवस्था होता है जो सामान्य लोगों के पहुंच से बाहर की बात है। परंतु इस दिषा पर गंभीरता से जांच किया जाये तो इसका और खुलासा भी हो सकता है बहरहाल ऋण पुस्तिका की कमी को दूर करने के लिये तत्काल उपलब्ध कराने की जरूरत नये किसानों के लिए है।

# शारदा विद्यालय रिसाली के विद्यार्थियों ने रचा इतिहास



पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित अंतरशालेय खेल प्रतियोगिता 2019-20 में शारदा विद्यालय, रिसाली की छात्रा समृद्धि शर्मा ने जोनल स्केटिंग में अपनी प्रतिभागिता दर्ज करते हुए 500 मी. रेस में प्रथम तथा 1000 मी. रेस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता का कार्यकाल 12 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक था।

जिसमें बारह वर्शीय आयु समूह में क्वाड वर्ग के अंतर्गत भाग लेकर स्वर्ण एवं रजत पदक प्राप्त कर समृद्धि ने विद्यालय की गौरवशाली उपलब्धियों में एक और अध्याय जोड़ दिया है। इसी के साथ विद्यालय अपने उन किसलयों के प्रति भी गौरवान्वित है, जिन्होंने दो दिवसीय राज्यस्तरीय कराते प्रतियोगिता में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यार्थी हर्ष ओझा ने राज्य शालेय जीत-कुने-डो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली स्पर्धा में अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित की है। इसके अलावा 'हेरिटेज फेस्ट' में भी विद्यालय के इक्कीस विद्यार्थियों ने भाग लेकर क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया है। छात्रा प्रगति ओझा ने जहां हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रोत्साहन एवं लगन को सार्थकता दी है, वहीं नृत्यधाम कला समिति द्वारा आयोजित 'हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायन प्रतियोगिता' में विद्यार्थी लोमेश पाटिल ने विषेश योग्यता प्राप्त की है। सभी विद्यार्थियों की इन अप्रतिम उपलब्धियों पर शकुंतला ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर संजय ओझा ने उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उन्हें एवं उनके पालकों को बधाई दी एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। हर्ष की इस घड़ी में चेयरमैन स्कूल मैनेजिंग कमेटी विपिन ओझा, मैनेजर ममता ओझा, विभोर ओझा, प्राचार्य गजेन्द्र भोई, हेडमिस्ट्रेस पुष्पा सिंह एवं सीनियर मिस्ट्रेस पूजा बब्बर ने भी उन्हें बधाई दी एवं भविष्य में उत्तरोत्तर उन्नति के लिए प्रोत्साहित किया।

# राष्ट्रीय पेंशन योजना के संबंध में कार्यशाला आयोजित

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत सभा कक्ष में राष्ट्रीय पेंशन योजना के संबंध में कार्यशाला एवं प्रशिक्षण का आयोजन कलेक्टर शिखा राजपूत तिवारी की उपस्थिति व मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान कार्मिक संपदा एवं जीपीएफ अनपोष्ट क्रेडिट की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अंशदायी पेशंन सीपीएस तथा कार्मिक संपदा ई.कर्मचारी सॉप्टवेयर में कर्मचारियों, अधिकारियों की व्यक्तिगत जानकारी समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना की संरचना एवं विभिन्न नियमों तथा प्रक्रियाओं के संबंध में अवगत कराया।

जिलाधीश ने जीपीएफ विसंगतियों के लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। सीपीएस एम्प्लाई सेवा निवृत्ति, मृत्यु पश्चात, सेवा त्याग के मामले में सीपीएस में जाम राशि का भुगतान किस प्रकार से होगा कार्यशाला में इस बाबत् जानकारी दी गई। जिला कोषालय अधिकारी पीएल साहरा ने बताया कि 1 नवम्बर 2004 के बाद जो भी एम्प्लाई नियुक्त हुए है, उनको अंशदायी पेंशन का लाभ मिलेगा। उन्हें पेंशन की पात्रता नहीं है। इसके पूर्व जो भी एम्प्लाई नियुक्त हुए है, उन्हें ही पेंशन का लाभ मिलेगा। एक दिवसीय कार्यशाला में बेमेतरा के 87 आहरण संवितरण अधिकारियों के लगभग 140 अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। पेंशन निधी विनियामक एवं विकास प्राधिकरण पीएफ आरडी द्वारा अधिकृत मास्टर ट्रेनर मोहम्मद साहिद हुसैन ने राष्ट्रीय पेंशन योजना के संबंध में लाभ, टैक्स छूट, राशि आहरण, एनयूटी ऋय के विविध पहलुओं के बारे में अवगत कराया। इसके साथ ही योजना में आहरण एवं संवितरण अधिकारियों डीडीओ के कार्यो एवं दायित्वों की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश कुमार सर्वेए परियोजना अधिकारी बी आर मोरे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### अंकुश बने जीवनदीप समिति के सदस्य

**भिलाई।** युवा कॉंग्रेस अध्यक्ष भिलाई विधायक के कट्टर समर्थकअंकुश पिल्ले को शासकीय चिकित्सालय दुर्ग के जीवनदीप समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। अंकुश पिल्ले की नियुक्ति पर कॉंग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व पार्षदों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### कोलकाता से ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** 25 लाख एवं कार का लक्की विजेता होने का झांसा देकर 2 लाख 35 हजार रूपये की ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने कोलकाता पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार कर अदालत में पेश जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार करगाडीह निवासी-हीरालाल बांधे ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि, उनके मोबाईल पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपने मोबाईल से 25 लाख रूपये का लक्की विजेता एंव चार पहिया वाहन का लोभ देकर अलग-अलग 4 खातों में विभिन्न प्रक्रिया शुल्कों के नाम पर 2 लाख 35 हजार 100 रूपये जमा कराया।

# शिवसेना जिला अध्यक्ष बने राजकुमार तिवारी

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शिवसेना के संगठन में बदलाव करते हुये सहकारी विपरण समिति के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी को बेमेतरा जिला शिवसेना का जिला अध्यक्ष बनाया गया। इसके पूर्व प्रदेश शिवसेना के प्रमुख धंनजय परिहार सहित अन्य शिवसेना के पदाधिकारियों का आतिषबाजी एवं गाजे बाजे के साथ शिवसेना के कार्यकताओं ने घड़ी चौक में स्वागत किया गया।

तदुपरांत सभी स्थानीय विश्राम गृह में पहुंचे जहां पर षिवसेना के प्रमुख धंनजय परिहार ने बताया कि बेमेतरा जिला शिवसेना के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी को बनाया गया है। इसके आलावा उन्होने बताया की शहर शिवसेना के अध्यक्ष बेमेतरा नगरपालिका के पूर्व पार्षद हिरेन्द्र मिश्रा वही जिला महिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी चंद्रकांता दुबे को परिहार ने जानकारी देते हुये बताया कि नगरीय निकाय चुनाव तथा त्रिस्तरीय पंचायती राज के चुनाव को ध्यान में रखकर एक बार संगठन की सक्रियता आवश्यक हो गई थी। जिसके चलते यह निर्णय लिया गया है उन्होंने बताया कि राजकुमार तिवारी पहले भी शिवसेना के एक सक्रिय कार्यकर्ता ही नहीं वरन प्रदेश पदाधिकारी भी रह चुके है तथा उनके आने से जिले में शिवसेना काफी मजबूत होगी तथा संगठन की गतिविधियां भी सक्रिय होगी। उन्होने कहा कि पूर्व में भाजपा सरकार के खिलाफ भी शिवसेना के द्वारा मोर्चा खोला गया था तथा वर्तमान में कांग्रेस सरकार की जानविरोधी नीति तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ भी षिवसेना आने वाले उिदनों में जल्दी एक बड़ा आंदोलन करेगी।

# आयोडीन नमक, शक्ति और बुद्धि का रक्षक

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

आयोडिन एक आवश्यक पोषक तत्व है। हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत आवश्यक है। आयोडीन की कमी होने से बच्चों की बौद्धिक क्षमता आईक्यू कम हो जाती है। परन्तु रोजाना आयोडीन युक्त नमक खाने से इससे बचा जा सकता है। आयोडीन की कमी से गंभीर स्वास्थ्य समस्यायें हो सकती है, जिनका कोई इलाज नहीं है, परन्तु बचाव बहुत ही आसान है, निरंन्तर केवल आयोडीन नमक का प्रयोग करें। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वैश्विक आयोडीन अप्लता विकार नियंत्रण दिवस 21 अक्टूबर को कलेक्टर शिखा राजपूत तिवारी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 21 अक्टूबर को चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला से खाद्य सामाग्रियों में आयोडीन एवं खाद्य सामाग्रीयों की गुणवत्ता का परीक्षण कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बेमेतरा के प्रांगण में प्रातः 11 बजे से किया जायेगा, जिसमें स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायोग से ऐसे फ र्म जो कि आंगनबडी केन्द्र, मध्यान भोजन संचालित स्कूल, समस्त बालक एवं बालिका छात्रावास के रसोई घर, अस्पताल में संचालित कैंटिन एवं जीएसएसके के अंतर्गत अनुबंधित भोजन की व्यवस्था कराता है उनके द्वारा नमक, खाद्य सामाग्री जैसे दाल, आटा, बेसन, मसाले, दूध इत्यादि को करीब 50 ग्राम की मात्रा में चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में परीक्षण हेतु उपलब्ध कराया जायेगा एवं जनसामान्य द्वारा अपने दैनिक उपयोग की जाने वाली खाद्य सामाग्री को उपलब्ध करा सकते है, ताकि उनके उपयोग किये जा रहे खाद्य सामाग्रियों की गुणवत्ता का आंकलन किया जा सके।




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ एस के शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की बच्चों में आयोडीन की कमी के कारण निम्नलिखित परिणाम सामने आते है जैसे मन्दबुद्धि, कम बौद्धिक क्षमता, शारीरिक कमजोरी और मांसपेशी संबंधि विकार, अपंगता, बौनापन, बहरापन, गूंगापन, भैंगापन, घेंघा रोग इत्यादि हो सकते है।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में भर्ती, आवेदन 4 नवम्बर तक

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत रिक्त संविदा पदों की भर्ती हेतु आवेदन 04 नवम्बर 2019 तक निर्धारित प्रपत्र में स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पुराना जिला अस्पताल परिसर बालोद में मंगाए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एल.रात्रे ने बताया कि कम्यूनिटी नर्स, मेडिकल ऑफिसर (आरबीएसके), फार्मासिस्ट (आरबीएसके), सियेट्रिक नर्स, प्रोग्राम एसोसिएट-पीएचएन, ओटी टेक्नीशियन, फिजियोथेरेफिस्ट, आक्यूपेशनल थेरेपिस्ट, डेन्टल असिस्टेंट, साइकोलाजिस्ट क्लीनिकल, ऑडियोलाजिस्ट, सोशल वर्कर, आडियोमेट्रिक असिस्टेंट, इंस्ट्रक्टर फ ोर हियरिंग इम्पेयर्ड चिल्ड्रन, डीईओ(एनसीडी), डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम को-आर्डिनेटर (आरएनटीसीपी), लैब टेकनीशियन(आरबीएसके), जुनियर सेक्रेटेरियल असिस्टेंट (एनएचएम), लैबोरेट्री टेक्नीशियन(एनएचएम), वीबीडी टेक्नीकल सुपरवाईजर, स्टाफ नर्स(एनआरसी), स्टाफ नर्स (24 पीएचसी), एएनएम(एचडब्ल्यूसी) और आयाबाई के लिए विज्ञापन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। उन्होंने बताया कि विस्तृत जानकारी बालोद जिले की वेबसाईट बालोद डॉट जीओवी डॉट इन पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता हैं।

# गोवर्धन पूजा के दिन मनाया जाएगा गौठान दिवस

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

- राज्य शासन ने सभी कलेक्टरों को जारी किए निर्देश

प्रदेश में दीपावली त्यौहार के पश्चात गोवर्धन पूजा की मान्यता तथा परम्परा है। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी सुराजी गांव योजना के अंतर्गत निर्मित गौठानों में गोवर्धन पूजा के दिन गौठान दिवस मनाया जाएगा।

राज्य सरकार के कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा सुराजी गांव योजना के तहत गोवर्धन पूजा के दिन गौठान दिवस मनाए जाने के संबंध में प्रदेश के सभी कलेक्टरों और मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर शिखा राजपूत तिवारी ने जिले के सभी चार जनपद पंचायत बेमेतरा नवागढ़, साजा, एवं बेरला के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को गौठान दिवस मनाने के संबंध में निर्देश जारी किए है।

जारी निर्देश के अनुसार सुराजी गांव योजना के तहत चयनित गांवों में गौठान निर्मित किए गए हैं, जहां गौवंश प्रतिदिन आते है। गोवर्धन पूजा के दिन उन गौठानों में गौठान दिवस मनाने का निर्णय राज्य शासन द्वारा लिया गया है। कार्यक्रम में परम्परागत पूजा.अर्जना की जाएगी। इसके अतिरिक्त गौठान दिवस के पूर्व गौठान सेवा समिति का गठन सुनिश्चित करने और गौठान सेवा समिति को औपचारिक रूप से कार्यभार गौठान दिवस में सौंपे जाने के संबंध में निर्देश दिए गए हैं।

गौठान समिति के बैंकों में तत्काल खाता खुलवाने के निर्देश दिए गए हैं ताकि नवम्बर माह से इन खातों में आबंटन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया स्थापित हो सके। जिलों के सभी गौठान सेवा समिति के सदस्यों के नाम और खातों की जानकारी 10 नवम्बर तक संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। यदि नवीन गौठान चयनित और स्वीकृत हों तो उनका भूमि.पूजन भी पंचायत एवं ग्राम के समक्ष गौठान दिवस पर कराया जाएगा।

महिला स्व.सहायता समूहों को जो गौठान में कार्य करते हैं और जो भविष्य में गौठान सेवा समिति के साथ गौठान कार्यों का संपादन करेंगेए इन सभी स्व.सहायता समूहों की सहभागिता भी गौठान दिवस के कार्यक्रम में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।


### जिला चिकित्सालय में अस्थायी संविदा पदों की भर्ती आवेदन 30 तक

**बालोद।** जिला चिकित्सालय में विभिन्न पदों पर रिक्त अस्थायी संविदा पदों की भर्ती हेतु आवेदन 30 अक्टूबर 2019 तक निर्धारित प्रपत्र में स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, पुराना जिला अस्पताल परिसर बालोद में मंगाए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री बी.एल.रात्रे ने बताया कि चिकित्सकीय विशेषज्ञ, स्टाफनर्स, वार्ड ब्वाय एवं वार्ड आया पद के लिए विज्ञापन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। उन्होंने बताया कि पदों की विस्तृत जानकारी बालोद जिले के वेबसाईट बालोद डॉट जीओवी डॉट इन पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

## दो परियोजना अधिकारी और पॉच सेक्टर सुपरवाइजर को कारण बताओ नोटिस

# आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों को सुपोषित करने गंभीरतापूर्वक कार्य करें : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रानू साहू संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित महिला एवं बाल विकास विभाग की बैठक में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आंगनबाड़ी केन्द्रों के शतप्रतिशत बच्चों को सुपोषित करने गंभीरतापूर्वक कार्य करें। बच्चों के शारीरिक, बौद्धिक विकास के लिए सुपोषण बहुत जरूरी है। आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चे सुपोषित और स्वस्थ हों। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारियों तथा सेक्टर सुपरवाइजरों से आंगनबाड़ी केन्द्रों के भ्रमण की जानकारी ली। गुरूर के परियोजना अधिकारी, देवरी के प्रभारी परियोजना अधिकारी सहित जेवरतला, जाटादाह, देवरी, नाहदा और मंगचुवा के सेक्टर सुपरवाइजरों द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों के कम भ्रमण की जानकारी पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने परियोजना अधिकारियों तथा सेक्टर सुपरवाइजरों से कहा कि वे प्रतिमाह अपने क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्रों का भ्रमण करें। प्रतिमाह बच्चों का वजन कराएँ। कुपोषित बच्चों की पूर्णतः जानकारी रखें। कुपोषित बच्चों के माता पिता से भेंटकर बच्चों को सुपोषित किए जाने हेतु काउंसलिंग करें। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री एच.आर.राना सहित परियोजना अधिकारी और सेक्टर सुपरवाइजर आदि उपस्थित थे।

### स्कूल का निरीक्षण,शिक्षकों-छात्रों की उपस्थिति की जानकारी ली

कलेक्टर रानू साहू बालोद विकासखण्ड के ग्राम पीपरछेड़ी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने वहां शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर ने कक्षा बारहवीं के विज्ञान संकाय तथा कला संकाय की क्लास में पहुंचकर छात्र-छात्राओं से विषय से संबंधित सवाल किए और लगन व मेहनत से पढ़ाई करने उनका मनोबल बढ़ाया। कलेक्टर ने प्राचार्य तथा शिक्षकों से कहा कि वे छात्र-छात्राओं को जिम्मेदारीपूर्वक बोर्ड परीक्षा के अनुसार तैयारी कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्कूल परिसर को स्वच्छ रखने के निर्देश दिए।



### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कों का निरीक्षण

कलेक्टर रानू साहू जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत विभिन्न सड़कों का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम मोहंदीपाट से जेवरतला मार्ग का निरीक्षण कर गुणवत्ता देखी। उन्होंने बोड़ेना पहुॅच मार्ग पर निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण कर एप्रोच रोड का निर्माण शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मेंटनेंस की सड़क अर्जुन्दा से गब्दी एवं चिचलगोंदी से सनौद का निरीक्षण किया। उन्होंने बारिश से हुए गड्ढे को शीघ्र भरने तथा सभी निर्माण कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरा कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता सुनील नामदेव, उप अभियंता आर.के.वर्मा और मुरारी साहू सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।



### कम हुआ मंगल भवन का किराया

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई चरौदा में सम्पन्न परिषद् की सामान्य सभा में मंगल भवन भिलाई 03 एवं चरौदा के आरक्षण पर किराया राशि एवं अन्य राशि के साथ ही नियम शर्तो के निर्धारण के लिये श्रीमती चंद्रकान्ता मांडले महापौर की अध्यक्षता में विजय जैन सभापति, किशोर साहू प्रभारी लोककर्म विभाग, संतोष तिवारी नेता प्रतिपक्ष, दिलीप पटेल सचेतक पार्षद दल, राजेश दांडेकर वार्ड पार्षद, श्रीमती अपर्णा दास गुप्ता वार्ड पार्षद, किर्तीमान सिंह राठौर आयुक्त, आर के चंद्राकर कार्यपालन अभियंता, अश्वनी चंद्राकर सचिव नगर निगम भिलाई चरौदा को शामिल करते हुये समिति गठित की गई।

## क्विक न्यूज

### पहले की छेड़छाड़ फिर दी एसीड फेंकने की धमकी

**रायगढ़।** 17 अक्टूबर को थाना पुसौर में नाबालिग बालिका से छेड़खानी व धमकी दिये जाने की रिपोर्ट निरीक्षक अंजना केरकेट्टा चौकी प्रभारी जुटमिल द्वारा दर्ज किया गया है। बालिका के पिता ने बताया कि 15 अक्टूबर को बालिका को स्कूल के पास ग्राम जतरी का राजेन्द्र विश्कर्मा उस पर अश्लील कमेंटस किया जिसकी शिकायत बालिका अपने शिक्षक के पास करने गयी तो राजेन्द्र विश्वकर्मा वहां से भा ग गया। जब बालिका स्कूल से घर आ रही थी तो रास्ते में राजेन्द्र उसका रास्ता रोककर मेरी क्या शिकायत की हो, तेरे ऊपर तेजाब फेंक दूं गा कहकर धमकी दिया और छेडखानी करने ल गा। बालिका घर आकर घटना परिजनों को बतायी और पिता के साथ थाना पुसौर में रिपोर्ट दर्ज करायी।

### शादी समारोह में खुले तारों से बिजली व्यवस्था पर हुई थी दुर्घटना

**रायगढ़।** शादी समारोह में विद्युत व्यवस्था के दौरान करंट की चपेट में आने से एक व्यक्ति के मौत के मामले में पुलिस ने जांच उपरांत मकान मालिक टेंट ठेकेदार व इलेक्ट्रीशियन पर जुर्म पंजीबद्ध कर लिया है। घटना कोतरा रोड़ क्षेत्र की है। मिली जानकारी के अनुसार कोतरारोड थाना के मृतक भोकोदाउ कंवर पिता स्व0 ज गत राम कंवर उम्र 55 वर्ष सा कलमी की मृत्यु बिजली करेंट के चपेट में आने से हुई थी। मर्ग जांच पर पाया गया कि गांव में महेत्तर कंवर के लडके परमेश कुमार कंवर का शादी कार्यक्रम 8 मई से चल रहा था। शादी मे गांव का अजय डनसेना अपना टेन्ट ल गाया था।

### चोरों ने दुकान में की सेंधमारी

**रायगढ़।** पुलिस कप्तान द्वारा वि गत सप्ताह धरमजय गढ़ अनुविभागीय क्षेत्र में थाना प्रभारियों में प्रभार में फेरबदल किया था। इसमें घरघोड़ा टीआई को कापू का प्रभार सौंपा था वही नए टीआई ने पद भार सम्हालते ही चोरो ने मुख्य मा र्ग में मौजूद थाने से महज 300-400 मीटर की दूरी पर दुकान का दीवाल तोडक़र सेंधमारी की वारदात को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि उक्त दुकान घरघोड़ा निवासी तुलसी केशरवानी का है जो वर्षो से किराना दुकान का संचलान करते आ रहे है। सेंधमारी की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले पर मुआयना कर रही है। थाना घरघोड़ा में रिपोर्टकर्ता तुलसी केशरवानी उम्र 39 वर्ष वार्ड क्रमांक 10 महंतपारा घरघोडा द्वारा आज अपने जनरल स्टोंर्स में चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि राय गढ रोड में केशरवानी जनरल स्टोर्स के नाम पर इनकी दुकान है।

# जिंदल के मानसरोवर के पास मिली सिर कटी लाश

## मामले की जांच में जुटी पुलिस, कोतरा रोड थाना क्षेत्र का मामला

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

शहर से तकरीबन 8 किलोमीटर दूर जिंदल के मानसरोवर के पास एक सिर कटी लाश मिलने से इस क्षेत्र में सनसनी फैल गई । घटना की सूचना के बाद पुलिस के बड़े अधिकारियों के साथ-साथ कोतरा रोड पुलिस मौके पर पहुंचकर हर बिंदुयों पर जांच कर रही है। मृतक व्यक्ति भगवान में रहते हुए जिंदल उद्यो ग में ठेकेदार के पद पर कार्यरत था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह जिंदल एयर स्ट्रिप के समीप स्थित मानसरोवर डेम के करीब एक नौजवान युवक की लाश मिली लाश तीन टुकड़ों में बंटा हुआ जिसका सर अब तक नही मिला है। धड़ और पैर कुछ दूरी पर मिला। वही पर काम करने वाला एक कर्मचारी ने सुबह कटा लाश देखा। जिसकी जानकारी वह अपने अधिकारियों को फिर जानकारी पुलिस तक पहुंचना बताया जा रहा है।



पुलिस पूरे मामले पर अपनी पैनी नजर ल गाते हुए विवेचना में पंचनामा वै गरह कर शव को पीएम के लिए कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं बताया जा रहा है कि सिर की खोज की जा रही है। मृतक जिंदल में ठेकेदारी का काम करता था। अब पुलिस इस मामले में उसके काम से लेकर तमाम बिंदुओं पर अपनी विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस विभा ग के मौजूदा क्राइम विवेचक घटना स्थल और आस पास की गहराई से जांच परखकर हत्या से जुड़े सुरा ग खं गाल कर घटना के तह तक जाने में जुट गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने बताया कि पंचनामा व गैरह की कार्रवाई की जा रही है प्रारंभिक जांच कार्रवाई के बाद ही इस मामले में कुछ कहा जा सके गा। फिलहाल जब तक सिर नही मिल जाता तब तक ज्यादा कुछ नहीं कहने की बात कही जा रही है। आखिर किस वजह से उसकी हत्या हुई है आ गे की कार्यवाही के बाद ही पता चल सकेगा।

### क्या कहते हैं पुलिस अधीक्षक

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह का कहना था कि इस मामले में पुलिस की अलग-अलग टीम बनाई है। उन्होंने बताया कि मामला पुरानी रंजिश से जुडा हो सकता है और घटना स्थल के पास से कई महत्वपूर्ण सुरा ग मिलने से जल्द ही हत्यारों तक पहुंचा जा सके गा। उनका कहना है कि मृतक की शिनाख्त होनें के बाद यह भी पता लगाया जा रहा है कि कल से वह किनके साथ घुम रहा था और इसकी किससे दुश्मनी हो सकती है। पुलिस अधीक्षक ने यह भी बताया कि मामला हत्या का है और हत्यारे ने उसके शरीर पर कई गंभीर वार करने के बाद सिर काटकर कहीं और ठिकाने ल गाया है जिसकी तलाश की जा रही है।

# बदले मौसम के मिजाज से किसानों की चिंता बढ़ी

### फसल खराब होने की आशंका



पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

चक्रवात के चलते दोपहर 12 बजे से मौसम के बदले मिजाज ने सारं गढ बरमकेला के किसानों के होस उड़ा दिए है दोपहर से रुक रुक हो रही ल गातार बारिस से सैकड़ों एकड़ फसल बर्बाद होने के क गार पर है ।

जानकारों की माने तो अभी भी खेतो में पिछले बारिस के पानी भरे हुए थे जिससे फसल के सड़ने के डर से किशान अपने खेतों में कीड़े मारने की दवाई का छिडक़ाव कर ही रहे थे की अचानक बदले मौसम ने किसानों के मेहनत पर पानी फेर दिया जिससे क्षेत्र के किशानो के होस उड़े हुए है किशान आज रुक रुक कर हो रही बारिश से डरे हुए है अब उनको अ गली सुबह का इंतेजार है जब मौसम खुले और तेज धूप निकले ताकि खेतों में भरे पानी सुख जाये और जयादा फसल का नुकसान न हो।

गौरतलब हो कि छत्तीस गढ़ के मौसम विभाग के द्वारा जारी किये गए पत्र में अगले 24 घंटों तक प्रदेश के कई ज गहों पर गरज के साथ भारी बारिश होने की चेतावनी दी गई थी जिसका असर राय गढ़ जिला मुख्यालय के साथ सारंगढ़, बरमकेला, सरिया में ज्यादा तर देखने को मिला।

# फ्लोरा क्लब शक्ति के तत्वाधान में ओपन चैलेंज फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com

शहर के नंदेलीभाटा स्थित वन परिक्षेत्र विद्यालय मैदान में 19 अक्टूबर को फ्लोरा क्लब शक्ति द्वारा स्व. विक्की सहिस की स्मृति में ओपन चैलेंज फुटबॉल प्रतियोगिता 2019 का शुभारंभ किया गया, इस अवसर आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार आदित्य ने किया, श्री आदित्य ने कहा कि खिलाड़ियों में खेल भावना होनी चाहिए हार जीत तो लगी रहती है, शक्ति शहर फुटबॉल के लिए बहुत पहले से प्रसिद्ध है और यह आयोजन अपनी सफ्लताओं की ऊंचाइयों को छुएगा, मेरी शुभकामनाएं हैं।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शोभराज अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि श्यामसुंदर अग्रवाल अध्यक्ष नगर पालिका परिषद शक्ति,पंडित दिगंबर चौबे पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता संघ,विद्वान अधिवक्तता गिरधर जायसवाल संयुक्त महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी, त्रिलोकचंद जायसवाल दादू शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, अलका जयसवाल उपाध्यक्ष महिला कांग्रेस, समाज सेवक पिंटू ठाकुर उपस्थित थे।

# नजूल विभाग के सर्वे से छोटे अतरमुड़ा क्षेत्र में मचा हड़कंप

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा पट्टा वितरण किया जाना है जिसको लेकर नजूल विभा ग की टीम काम मे लगी हुई हैं। वही वार्ड 26 के लो गो ने बताया कि वह शहर क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 26 में निवासरत है हाल ही में पट्टा वितरण को लेकर नजूल की टीम द्वारा वार्डो में सर्वे किया जा रहा है। जिसमें यहां के कुछ लोगों की जमीन को ग्रामीण क्षेत्र में बताया जा रहा है। जिसको लेकर इस वार्ड की महिलाओं ने बताया कि अपनी जमीन का टेक्स भी न गर नि गम में पटा रहे हैं। फिर भी सर्वे में उनकी जमीन को ग्रामीण में क्षेत्र में होना बताया जा रहा है। कां ग्रेस नेता विमल यादव के नेतृत्व में महिलाओं ने विधायक प्रकाश नायक से मुलाक़ात कर पूरी बात उनके समक्ष रखी है। जिस पर विधायक ने उनको न्याय दिलाने की बात की है। पिंकी यादव, चंद्रकला यादव, मधु चौहान, सुशीला, लक्ष्मी श्रीवास नानबाई, पदमा पटेल, फ गनी उरांव इनकी उपस्थिति के साथ भारी संख्या में वॉर्ड वासी उपस्थिति रहे. नानबाई, पदमा पटेल, फगनी उरांव इनकी उपस्थिति के साथ भारी संख्या में वॉर्ड वासी उपस्थिति रहे।

# प्लास्टिक डिस्पोजलों का उपयोग बंद

- देवांगन समाज के मृत्यु भोज कार्य में स्टील के बर्तनों का उपयोग
- श्री राधाकृष्ण मंदिर के अध्यक्ष विनोद बंसल के ने उपलब्ध करवाए बर्तन

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com



नवरात्रि पर्व से पूर्व जन जागरण समिति एवं राज्य तथा केंद्र सरकार द्वारा निरंतर प्लास्टिक डिस्पोजल के उपयोग न करने को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता अभियान का असर शहर सहित पूरे अंचल में देखने को मिल रहा है। जहां शहर में नवरात्रि पर्व पर इक्का.दुक्का दुर्गा पंडालों एवं भंडारों में ही प्लास्टिक डिस्पोजल का उपयोग हुआ तो वहीं अब मांगलिक कार्यों एवं मृतक भोज के कार्यों में भी लोग प्लास्टिक डिस्पोजल की जगह स्टील के बर्तनों का उपयोग करने लगे हैं तथा इन कार्यों में बकायदा शहर की धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाएं भी लोगों को स्टील के बर्तन उपलब्ध करवाकर उन्हें सहयोग कर रही है।

इसी श्रृंखला में शहर की हटरी धर्मशाला, श्री राम मंदिर ट्रस्ट एवं श्री राधाकृष्ण मंदिर सेवा समिति द्वारा भी निरंतर लोगों को स्टील के बर्तनए थाली, गिलास, कटोरी उपलब्ध करवाए जा रहे हैं, 19 अक्टूबर को शक्ति शहर के डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार सामुदायिक भवन में देखने को मिला जब शहर के एक प्रतिष्ठित देवांगन समाज के यहां मृतक भोज का आयोजन किया गया थाए तथा उक्त परिवार के गोविंद देवांगन ने प्लास्टिक डिस्पोजल के उपयोग न करने को लेकर चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान से प्रेरणा लेकर अपने इस भोज कार्यक्रम में भी प्लास्टिक डिस्पोजल की जगह स्टील के बर्तनों का उपयोग किया जिसकी लोगों ने सराहना कीए तथा प्रशंसा की तथा गोविंद देवांगन की इस इच्छा पर शहर के श्री राधाकृष्ण मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष विनोद बंसल ने उन्हें सहयोग करते हुए मंदिर से लगभग ढाई सौ की संख्या में स्टील की खंड वाली थाली, गिलास उपलब्ध करवाएं तथा मंदिर समिति के पास पर्याप्त गिलास नहीं थे उसके बावजूद मंदिर समिति के अध्यक्ष ने गिलास क्रय कराकर उन्हें उपलब्ध करवाएं, जिसकी लोगों ने प्रशंसा की है तथा मंदिर समिति को भी साधुवाद दिया है, वहीं गोविंद देवांगन ने भी कहा कि वे पूरे देश में चल रहे प्लास्टिक डिस्पोजल के प्रतिबंध को स्वयं अपने घर से ही लागू करना चाहते हैं तथा उन्होंने अपनी 19 अक्टूबर को दिवंगत दादी के मृतक भोज कार्य में किसी भी प्रकार के प्लास्टिक डिस्पोजल का उपयोग नहीं किया है।

# महंगाई आर्थिक संकट के खिलाफ किसान सभा का प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com



देश मे बढती महं गाई, बेरोजगारी, तालाबंदी के खिलाफ आज छत्तीस गढ किसान सभा के बैनर तले कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन में मुख रूप से महंगाई पर अंकुश लगाने, बेरोजगारो को रोजगार व बेरोजगारी भत्ता देने, मनरेगा के तहत ग्रामीण परिवारों को साल मे 200 दिन काम उपलब्ध कराने, मनरेगा के बकाया मजदूरी का भुगतान जल्द करने के साथ ही मनरे गा मे काम करने वाले सभी श्रमिकों को 15 दिनों में मजदूरी भु गतान करने, असं गठित मजदूरों को न्यूनतम मासिक 18 हजार रूपये वेतन सुनिश्चित करने, किसानों के लिए भी मासिक तीन हजार रूपये पेंशन का प्रावधान करने, किसानों की आत्महत्या रोकने उनके फसल का दाम ला गत मूल्य के डेढ गुना निर्धारित करने, उनके सभी प्रकार के कर्ज माफ करने जैसी मांगे शामिल है। प्रदर्शन के पूर्व अम्बेडकर चौक में हुये सभा को किसान सभा के नेता समयलाल यादव, लंबोदर साव ने संबोधित किया। वक्ताओं ने मोदी सरकार की उस आर्थिक नीतियों का जमकर आलोचना करते हुये कहा कि कार्पोरेट घराने को राहत देने से देश मे व्याप्त आर्थिक संकट का निदान संभव नहीं है। क्योंकि आर्थिक संकट अंदरूनी बाजार के संकुचित के कारण उत्पन्न हुई है, अंदरूनी बाजार के विस्तार के लिए जरूरी है कि ग्रामीण गरीब जनता का क्रयशक्ति बढ़ाना।मोदी सरकार उस रास्ते के बदले जिस तरह कार्पोरेट घरानों के मुनाफा को सुनिश्चित करने के लिए उन्हे करो मे छूट दे रहे है उससे यह संकट और गहरा होने वाला है। वक्ताओं ने इन नीतियों के खिलाफ संघर्ष को तेज करने का आव्हान किया ।

## प्रथम पेज का शेष...

### कुलपति के लिए मैनें कोई आवेदन ...

होने के कारण अमृता सिंह के नाम की चर्चा भी इस पद के लिए हो रही है। राज्यपाल की कुलपतियों के साथ बैठक में यह मुद्दा आया। इन चर्चाओं के बीच देर शाम अमृता सिंह ने फेसबुक पर इसे अफवाह करार दिया। अमृता सिंह ने फेसबुक पोस्ट कर लिखा है कि एक खबर बहुत जोरों से चलायी गई है कि मैंने एक आवेदन दिया है और छत्तीसगढ़ के राज्यपाल से कहा है कि मुझे एक विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर बना दें। पिछले साल मैंने सुना था कि मैं तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के खिलाफचुनाव लड़ने जा रही हूं। बाद में कभी लोकसभा चुनाव तो कभी मेयर की लाइन में भी मुझे खड़ा कर दिया गया। यहां सब कुछ होता रहता है बस मुझे ही खबर नहीं होती कि मैं क्या करने जा रही हूं।

**कोई सच्चाई नहीं-** अमृता सिंह ने आगे लिखा कि मध्य प्रदेश,छत्तीसगढ़ की मीडिया के ज्यादातर साथी मेरे व्यक्ति गत संपर्क में रहते हैं। अक्सर बात भी करते रहते हैं लेकिन जाने क्यों मेरे खुद के मामलों में अंतरयामी बन जाते हैं। मैंने न कोई आवेदन किया है न ही कोई ऐसा पद मांगने या ग्रहण करने की संभावना है। ये खबर सिर्फऔर सिर्फउस फेक दिव्यदृष्टि का कमाल है जो तथ्य से परे गप्प गढ़ भी लेती है और प्रचारित कर भी देती है। उन्होंने कहा कि इसमें कुछ भी सच्चाई नहीं है।

### यह दिवाली छत्तीसगढ़ियां रंग ...

अन्य त्यौहारों के समय में छत्तीसगढ़ के कुम्हारों, हस्तशिल्पियों, बुनकरों एवं अन्य कारीगरों द्वारा बनाये गए दीये, वस्त्र, सजावट की वस्तुएं, उपहार एवं अन्य सामग्री की अधिकाधिक खरीदी करने की अपील की है। लोगों के इस छोटे से प्रयास से इन छोटे-छोटे कामों में लगे राज्य के लाखों लोगों के जीवन में खुशियां आ सकेंगी। इस अवसर पर रायपुर नगर निगम के महापौर प्रमोद दुबे, राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, विधायक कुलदीप जुनेजा, कलेक्टर रायपुर डॉ. एस भारतीदासन, जिला पंचायत के सीईओ डॉ गौरव कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित थे।

### राज्यपाल सुपेबेड़ा जाए ...

डीकेएस और एम्स में किया जाएगा। सुपेबेड़ा मामले में राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके द्वारा दिए बयान पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि अगर वे वहां जाना चाहती है तो जाए उनका स्वागत है। बता दें कि राज्यपाल अनुसुईया उइके ने सुपेबेड़ा में कथित किडनी की बीमारी से हो रही मौतों पर चिंता जताते हुए कहा था कि इस घटना से वे बेहद दुखी हैं। उन्होंने कहा कि मुझे हवाई सेवा मिले न मिले पर मैं 22 अक्टूबर को सड़क मार्ग से ही सुपेबेड़ा जाउंगी। इधर चित्रकोट उपचुनाव प्रचार के लिए रवाना होने से पहले मीडिया कर्मियों से राज्यपाल के इस बयान पर पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि राज्यपाल के इस बयान से वे काफी हतप्रत है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भी इस मामले में काफी गंभीर व चिंतित है। श्री बघेल ने कहा कि राज्यपाल अगर सुपेबेड़ा जाती हैं तो अच्छी बात है, उनका स्वागत है। उन्होंने कहा कि हम भी जानना चाहते हैं कि सुपेबेड़ा में किडनी की बीमारी की असली वजह क्या है।

### गढ़कलेवा 30 से हो जायेगा ...

व्यंजन विशेष तौर पर आर्डर किये जाने लगे थे। वर्तमान में इसका संचालन मोनिषा स्व सहायता समूह की महिलाएं कर रही थीं। 2016 से वे इसका संचालन कर रहे थे लेकिन टेंडर इन्हे तीन साल के लिए मिला था। जो कि 30 अक्टूबर को खत्म हो रहा है। इस बीच नये टेंडर में दो लोगों ने आवेदन किया था,पर अभी तक वर्क आर्डर नहीं मिल पाने के कारण असमंजस की स्थिति बनी हुई है। यदि इस तारीख के पहले आदेश नहीं मिला तो गढ़कलेवा में 30 तारीख से ताले लग जायेंगे। इसके बंद होने से सीधे तौर पर इससे जुड़े करीब 80 से 100 लोग बेरोजगार भी हो जायेंगे। वहीं स्वाद के चाहने वालों में भी निराशा है।

**CHANGE OF NAME**

I, Maya Rajesh Chaurasia W/o Rajesh Kumar Chaurasia, resident of Abhishek Bhawan, Shanti Vihar Colony, Dangania, Raipur - 492013 do hereby solemnly affirm and declare as under - (1) That my name has been recorded as Maya Chaurasia (Old name) in all the educational certificates and in other relevant documents. (2) That now I have changed my name as Maya Rajesh Chaurasia (New Name) in place of the previous name i.e. Maya Chaurasia. (3) That, in future I will be known by new name i.e. Maya Rajesh Chaurasia (4) That, my statement is true and correct.

Deponent
*- Maya Rajesh Chaurasia*

**CHANGE OF NAME**

I, Rajesh Kumar Chaurasia S/o Late M.P. Chaurasia, resident of Abhishek Bhawan, Shanti Vihar Colony, Dangania, Raipur - 492013 do hereby solemnly affirm and declare as under - (1) That my name has been recorded as Rajesh Chaurasia (Old name) in all the educational certificates and in other relevant documents. (2) That now I have changed my name as Rajesh Kumar Chaurasia (New Name) in place of the previous name i.e. Rajesh Chaurasia. (3) That, in future I will be known by new name i.e. Rajesh Kumar Chaurasia (4) That, my statement is true and corrected.

Deponent
*- Rajesh Kumar Chaurasia*

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, बलौदाबाजार, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

Tel No. 07727-221138, E-mail :cmobalodabazar@rediffmail.com & cmobalodabazar@ymail.com

क्रमांक/1021/लो.नि.वि./न.पा./2019 बलौदाबाजार, दिनांक 18.10.2019

### //निविदा आमंत्रण सूचना//

नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर द्वारा प्रचलित पी.डब्ल्यू.डी. बिल्डिंग एस.ओ.आर. 01.01.2015 से प्रभावशील दर पर (निविदा खोलने के दिनांक तक समस्त संशोधन के साथ) कम या अधिक या सामान्य दरों पर सामान दरों पर प्रतिशत दर पर मेन्यूअल निविदा फार्म वेबसाईट से डाउनलोड कर त्री-लिफाफा पद्धति के माध्यम से मोहरबंद लिफाफा स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैः-

01. निविदा प्रारूप में निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 11.11.2019, समय-दोपहर - 03.00 बजे तक।
02. प्राप्त निविदाएं खोलने की तिथि - 11.11.2019, समय - संध्या 04.30 बजे से।

| क्र. | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा फार्म शुल्क | निविदा प्रपत्र | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | वार्ड क्र. 02 अटल आवास सामुदायिक सह सार्वजनिक शौचालय मरम्मत कार्य। | 0.71 | 2000.00 | 350.00 (डी.डी.) के माध्यम से) | फार्म ''A'' | कार्यादेश अनुसार |
| 2. | वार्ड क्र. 02 अटल आवास जिला अस्पताल के सामने सामुदायिक सह सार्वजनिक शौचालय मरम्मत कार्य। | 0.96 | 2000.00 | 350.00 (डी.डी.) के माध्यम से) | फार्म ''A'' | कार्यादेश अनुसार |
| 3. | वार्ड क्र. 02 कलेक्टोरेट परिसर में सामुदायिक सह सार्वजनिक शौचालय मरम्मत कार्य। | 0.88 | 2000.00 | 350.00 (डी.डी.) के माध्यम से) | फार्म ''A'' | कार्यादेश अनुसार |
| 4. | वार्ड क्र. 02 डी.के. कॉलेज परिसर में सामुदायिक सह सार्वजनिक शौचालय मरम्मत कार्य। | 0.72 | 2000.00 | 350.00 (डी.डी.) के माध्यम से) | फार्म ''A'' | कार्यादेश अनुसार |
| 5. | वार्ड क्र. 06 सोलहा तालाब में सामुदायिक सह सार्वजनिक शौचालय मरम्मत कार्य। | 0.77 | 2000.00 | 350.00 (डी.डी.) के माध्यम से) | फार्म ''A'' | कार्यादेश अनुसार |
| 6. | वार्ड क्र. 06 पिपराहा तालाब में सामुदायिक सह सार्वजनिक शौचालय मरम्मत कार्य। | 0.77 | 2000.00 | 350.00 (डी.डी.) के माध्यम से) | फार्म ''A'' | कार्यादेश अनुसार |
| 7. | वार्ड क्र. 08 लवन रोड सामुदायिक सह सार्वजनिक शौचालय मरम्मत कार्य। | 0.74 | 2000.00 | 350.00 (डी.डी.) के माध्यम से) | फार्म ''A'' | कार्यादेश अनुसार |
| 8. | वार्ड क्र. 08 पटेल पारा सामुदायिक सह सार्वजनिक शौचालय मरम्मत कार्य। | 0.71 | 2000.00 | 350.00 (डी.डी.) के माध्यम से) | फार्म ''A'' | कार्यादेश अनुसार |
| 9. | वार्ड क्र. 10 मवेशी मार्केट में सामुदायिक सह सार्वजनिक शौचालय मरम्मत कार्य। | 0.79 | 2000.00 | 350.00 (डी.डी.) के माध्यम से) | फार्म ''A'' | कार्यादेश अनुसार |
| 10. | वार्ड क्र. 13 मण्डी परिसर में सामुदायिक सह सार्वजनिक शौचालय मरम्मत कार्य। | 0.78 | 2000.00 | 350.00 (डी.डी.) के माध्यम से) | फार्म ''A'' | कार्यादेश अनुसार |
| 11. | वार्ड क्र. 16 लोहिया नगर में सामुदायिक सह सार्वजनिक शौचालय मरम्मत कार्य। | 0.88 | 2000.00 | 350.00 (डी.डी.) के माध्यम से) | फार्म ''A'' | कार्यादेश अनुसार |
| 12. | वार्ड क्र. 17 रिसदा रोड सामुदायिक सह सार्वजनिक शौचालय मरम्मत कार्य। | 0.76 | 2000.00 | 350.00 (डी.डी.) के माध्यम से) | फार्म ''A'' | कार्यादेश अनुसार |
| 13. | वार्ड क्र. 18 रानीसागर तालाब में सामुदायिक सह सार्वजनिक शौचालय मरम्मत कार्य। | 0.75 | 2000.00 | 350.00 (डी.डी.) के माध्यम से) | फार्म ''A'' | कार्यादेश अनुसार |
| 14. | वार्ड क्र. 21 बस स्टैण्ड में सामुदायिक सह सार्वजनिक शौचालय मरम्मत कार्य। | 0.75 | 2000.00 | 350.00 (डी.डी.) के माध्यम से) | फार्म ''A'' | कार्यादेश अनुसार |

**नियम एवं शर्तेः-** शर्तें कार्यालय के निर्माण शाखा में देखी जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय जानकारी http://www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, बलौदाबाजार**

## क्विक न्यूज

### जनप्रतिनिधियों ने गांधी के जीवन मूल्यों पर विचार प्रकट किए

**महासमुंद।** जिला स्तर पर गांधी विचार पद यात्रा का समापन खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के तमोरा में संपन्न हुआ। यात्रा के दौरान गांधी विचार पद यात्रियों का ग्रामीणों ने स्वागत किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को राशन कार्ड वितरण किया। बसना विधायक देवेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में बसना में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 150 वीं जयंती के अवसर पर पद यात्रा के अंतिम दिन गांधी विचार पद यात्रा पठियापाली पहुँची। यात्रियों का ग्रामवासियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर बसना विधायक प्रतिनिधि मनजीत सिंह सलूजा, इश्तियाक खैरानी, तनवीर सईद, गांधी विचार पद यात्रा प्रभारी मंदाकिनी साहू, मोहम्मद खालिद दानी, परदेशी यादव,दुकाली बाई,निर्मल दास,नरेंद्र साव, यास्मीन बेगम, कैलाश प्रधान, अतीत बाघ,रियाज मोहम्मद, रमेश दास,गौतम बंजारा और पत्रकार सीडी बघेल उपस्थित रहे।

### अजा-जजा आवेदकों को मिलेगा ऋण, 26 तक आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार।** उद्योग विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत ऋण प्राप्त करने के लिए अजा.जड़ा एवं अन्य वर्ग के लोगों से जिला उद्योग कार्यालय में 26 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के अंतर्गत चयनित उम्मीदवारों को स्वरोजगार के लिए बैंक के जरिए लोन और अनुदान दिया जाता है। उद्योग स्थापना के लिए 25 लाखए सेवा क्षेत्र के लिए 10 लाख और व्यवसाय के लिए 2 लाख रुपए तक का ऋण योजना में दिया जाता है। किराना व्यवसाय के लिए फि लहाल लोन स्वीकृत नहीं किया जा रहा है। महाप्रबंधक बघेल ने बताया कि हितग्राहियों को स्वीकृत ऋण का 25 प्रतिशत अथवा अधिकतम 1.50 लाख रुपए तक अनुदान दिया जाएगा। इच्छुक लोग विस्तृत परियोजना प्रतिवेदनए जाति प्रमाण पत्रए आधार कार्ड, ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्रए जनसंख्या प्रमाण पत्रएभूमि.भवन का दस्तावेज, अनुभव प्रमाण पत्र, अंकसूची, पासपोर्ट साइज के फोटो सहित आवेदन पत्र की दो प्रति लेकर 26 अक्टूबर तक जिला कार्यालय स्थित उद्योग कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# जशपुर जिले को प्लास्टिक मुक्त बनाने निकाली शव यात्रा

अभियान की शुरुआत 20 सितंबर को नीलेश कुमार क्षीरसागर ने प्रारंभ की थी

पायनियर संवाददाता < मनोरा/जशपुर
www.dailypioneer.com



जिले को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए जिस अभियान की शुरुआत 20 सितंबर को कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर ने प्रारंभ की थी उसी दिन से प्लास्टिक प्रबंधन एवं प्लास्टिक प्रतिबंध हेतु कलेक्टर निलेश कुमार महादेव के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एसके मंडावी के सानिध्य में ग्राम पंचायत दुलदुला में प्लास्टिक मुक्ति हेतु स्वस्थ जीवन समृद्ध जीवन स्वच्छ वातावरण हेतु प्लास्टिक मुक्त शव यात्रा निकाली गई शव यात्रा में ग्राम पंचायत के उपसरपंच रमेश चंद्र गुप्ता सचिव रामदेव नायक वार्ड पंच स्व सहायता समूह की महिलाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र.छात्राओं में उत्साह के साथ प्लास्टिक मुक्त शव यात्रा ग्राम पंचायत भवन से अटल चौक,जनपद चौक बाजार एवं गांव में निकाली गई जिसमें प्लास्टिक मुक्त बनाने हेतु संदेशों का वाचन करते हुए यात्रा निकाली प्लास्टिक मुक्त हेतु यह पहली शव यात्रा है जशपुर जिला में जो यात्रा का उद्देश्य आम जीवन को स्वस्थ बनाना एवं बीमारियों पर होने वाले खर्च को कम करने का एक स्वच्छ वातावरण का निर्माण कराना है। उक्त शव यात्रा में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत जिला सलाहकार राजेश जैन शव यात्रा में कंधा लगाते हुए प्लास्टिक मुक्त पिलास्टिक प्रतिबंध नारा लगाते हुए ग्रामीणों से अपील की कि अपने दैनिक दिनचर्या उसे प्लास्टिक को कम से कम उपयोग करें आज प्लास्टिक मानव जीवन को आश्वस्त बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है इसका उपयोग कम से कम करना है। शव यात्रा को प्लास्टिक से प्लास्टिक बॉटल डिस्पोजल थाली एव समस्त सिंगल यज प्लास्टिक पर प्रतिबंध करना अनिवार्य है। शव यात्रा को प्लास्टिक से सुसज्जित किया गया।

**दांतों तले उंगलियां दबाने लगे लोग:** शव यात्रा को देखकर पहले तो लोगों ने खूब ठिठोली की किंतु जब शव यात्रा के पश्चात जिला सलाहकार राजेश जैन ने प्लास्टिक के दुष्परिणामों को बतलाया तब लोगों ने दांतों तले उंगलियां दबाने लगे और अपनी चर्चा में बतलाया यदि हमारे जीवन से प्लास्टिक समाप्त हो जाए तो हमारा जीवन स्वास्थ्य समृद्धि की ओर अग्रसर हो सकता हैए आज प्लास्टिक कैंसर का बहुत बड़ा कारण है जिससे लाखों की संख्या में लोग केन्सर से पीड़ित है। परिणाम स्वरूप जिंदगी भर की कमाई हुई पूंजी दवाइयों में खर्च हो जाती है और गरीब पीछा नहीं छोड़ती प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग से आम रास्ता चौक चौराहे पर गंदगी का अंबार लगा रहता है, प्लास्टिक जल्द समाप्त ना होने वाले वस्तु है, इसके बढ़ते उपयोग से उपजाऊ भूमि बंजर बन रही है एवं प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग से भूजल में कमी हो रही है, कलेक्टर के द्वारा प्लास्टिक मुक्त जशपुर बनाने के लिए महिलाओं को अग्रणी रखते हुए दोना पत्तल का कार्यक्रम एवं रणनीति तैयार की जा रही है, जिसके तहत महिलाओं को प्रशिक्षित कर दोना पत्तल बनाने हेतु प्रशिक्षित बनाया जाएगा नतीजा सामूहिक कार्यक्रम सांस्कृतिक कार्यक्रम शासकीय कार्यक्रमों में उपयोग होने वाले प्लास्टिक का उपयोगिता बंद होना चाहिए। ताकि हमारा जशपुर प्राकृतिक रूप से सुंदर मनोरम और समृद्ध जशपुर के नाम से देश में अपना नाम शीर्ष पर रख सकें।

### मैं धरती को बंजर बनाती हूं, भू जल कम करती हूं

मैं धरती को बंजर बनाती हूं, भू जल कम करती हूं, केन्सर फैलाती हूं के माध्यम से प्लास्टिक कैंसर का कारक है प्लास्टिक पर्यावरण के लिए हानिकारक है, प्लास्टिक मानव जनजीवन के लिए हानिकारक है, प्लास्टिक मवेशियों के लिए हानिकारक है, नारों के माध्यम से जानकारी से अवगत कराया आज की प्लास्टिक मुक्त शव यात्रा में लगभग 500 छात्रों एवं ग्रामीण महिलाओं एवं युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया दुलदुला और जशपुरिया को प्लास्टिक मुक्त बनाने हेतु यह संकल्प लिया कि हम अपने दैनिक कार्यो में प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करेंगे और पर्यावरण पर स्वच्छ बनाने में स्वच्छता सिपाही के रूप में करेंगे।

# गांधी विचार यात्रा का घड़ी चौक में हुआ समापन



पायनियर संवाददाता < बैकुण्ठपुर
www.dailypioneer.com

विधायक अम्बिका सिंह देव ने विगत 11 अक्टूबर को मुख्य अतिथि की आसंदी से महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर विकासखंड बैकुण्ठपुर के ग्राम आमापारा में गांधी विचार यात्रा का शुभारंभ किया। इसी दिन ग्राम मोदीपारा, जमगहना, बिशुनपुर, 12 अक्टूबर को ग्राम पटना, सोरगा, मुरमा, डुमरिया, 14 अक्टूबर को ग्राम सलका, 15 अक्टूबर को ग्राम बुड़ार, 16 अक्टूबर को ग्राम चेरवापारा में गांधी विचार यात्रा का आयोजन किया गया तथा आज 17 अक्टूबर तक जिला मुख्यालय स्थित घड़ी चौक सहित विभिन्न जगहों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पदयात्रा, रैली, गांधी जी के जीवनी के संबंध में भाषण, वाद विवाद एवं नाटक का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की स्वीकृति आदेश पत्र, राशन कार्ड, परिवार सहायता राशि एवं आर्थिक सहायता राशि का वितरण सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को दिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आम नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं शासकीय अधिकारी.कर्मचारियों ने भाग लिया।

# राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता बेलादुला में आज से

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com

जैजैपुर से पूर्व दिशा की ओर ग्राम पंचायत बेलादुला में जहां पर मॉ चण्डी दाई की पावन भूमि दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरूष दोनों भाग लेंगे। यह कबड्डी प्रतियोगिता 20 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक होगा इसमें महिला खिलाड़ी पेन्ड्रा.कोटा. बिलासपुर.भाठापारा के खिलाड़ी शिरकत करने जा रहे है तथा वही पर अन्य जिले के खिलाड़ी भी शिरकत करेंगे । ग्राम पंचायत बेलादुला में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन केशव प्रसाद चन्द्रा विधायक जैजैपुर, अध्यक्षता चन्द्र कुमार चन्द्रा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत जैजैपुर, विशिष्ठ अतिथि राधेश्याम चन्द्रा विधायक प्रतिनिधि के कर कमलों से होगा समापन 23 अक्टूबर को रवि भारद्वाज पूर्व सांसद प्रत्याशी, अध्यक्षता उमेश शर्मा संयोजक जिला कॉग्रेस कमेटी, विशिष्ठ अतिथि टेकचंद चन्द्रा जिला पंचायत सदस्य एवं राजेश लहरे ब्लाक अध्यक्ष अनु.जा.प्रकोष्ठ होंगे । उक्त जानकारी देवसिंह चन्द्रा ने देते हुए कहा कि कबड्डी प्रतियोगिता की गरिमा को बनाने के लिए आप सभी अधिक से अधिक संख्या मे पहुच कर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करें।

# 76 ग्राहकों के लाखों रुपए गबन करने वाले तीन फरार

## आरोपियों ने 4.85 लाख का किया था अफरा-तफरी




पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

76 ग्राहकों से दोपहिया वाहन के लोन का किस्त की रकम गबन करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार। पूजा फ ायनलीज कंपनी ब्रांच गरियाबंद में फ ायनेंसर के पद पर पदस्थ थे तीनों आरोपी। थाना सिटी कोतवाली गरियबांद में पंजीबद्ध अपराध जिसमें प्रार्थी ऋषि राज कुल्हाड़े स्टेट लीगल हेड पूजा फायनलीज कंपनी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में लिखित शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया कि पूजा फायनलीज कंपनी में फ ायनेंसर के पद पर कार्यरत मिथलेश साहू (27)पिता राजेन्द्र साहू ग्राम नागाबुड़ा थाना व जिला गरियाबंद, लिलेश चक्रधारी(25) पिता ओकेश चक्रधारी ग्राम पाण्डुका जिला गरियाबंद और लीलाशंकर साहू(28) मोतीराम साहू ग्राम वार्ड नं 08 भैंसमुड़ी थाना मगरलोड़ जिला धमतरी के द्वारा गरियाबंद तथा पाण्डुका क्षेत्र के ग्राहकों को दोपहिया वाहन खरीदने हेतु पूजा फायनलीज कंपनी से दोपहिया वाहन को विभिन्न ग्राहकों को फाइनेंस किया गया था जिनसे प्रतिमाह लोन की राशि की जमा हेतु किस्त प्राप्त कर कंपनी में जमा करना था लेकिन उक्त तीनों आरोपियों के द्वारा किश्त की राशि कंपनी में जमा न करके स्वयं उपयोग कर लिया। जब कंपनी द्वारा ग्राहकों को लीगल नोटिस जारी हुआ कि आपने अपने किश्त की भुगतान कंपनी को नहीं कर रहें हैं तो ग्राहकों ने कंपनी को बताया कि उनके द्वारा लगातार किश्त की राशि जमा की जा रही है, किश्त की राशि उक्त तीनों आरोपियों को देना बताया।

# गांधीजी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए है यह पदयात्रा : आलोक

- स्थानीय विश्राम गृह में कांग्रेस जिलाध्यक्ष पत्रकारों से हुए रू-ब-रू

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

महात्मा गांधी के 150 वीं जयंती पर पूरे प्रदेश में विगत 11 अक्टूबर से गांधी पदयात्रा निकाली जा रही है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में महासमुंद संगठन को 13 इकाई में बांटकर पदयात्रा निकाली गई है। पदयात्रा के 6वें दिन महासमुंद कांग्रेस जिलाध्यक्ष आलोक चन्द्राकर सरायपाली पहुंचे थे। उन्होंने विभिन्न ग्रामों की पदयात्रा में सम्मिलित होकर लोगों को एक दूसरे से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। स्थानीय पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में आयोजित एक प्रेस वार्ता में चन्द्राकर ने गांधी पदयात्रा के बारे में विस्तार से चर्चा की. उन्होंने कहा कि गांधी जी के विचारधारा पर ही कांग्रेस चल रही है एवं उसी के आधार पर काम भी कर रही है. आगामी चुनाव के कारण पदयात्रा निकाले जाने की बात पर उन्होंने पत्रकारों से कहा कि यह पदयात्रा चुनाव की तैयारी के लिए बिल्कुल नहीं है. यह तो गांधीजी के विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने के लिए एवं लोगों को एक-दूसरे से जोड़ने के लिए निकाली गई है. पत्रकारों द्वारा यह पूछने पर कि गांधी जयंती को लेकर भाजपा स्वच्छ भारत का संदेश दे रही है तो वहीं कांग्रेस पदयात्रा निकाल रही है, इसे किस तरह से देखा जा रहा है, तो उन्होंने कहा कि भाजपाजन सुबह गांधीजी के चित्र पर माल्यार्पण करते हैं और शाम को उन्हीं के हत्यारे को प्रणाम करते हैं. इस तरह भाजपा का हाल है। कांग्रेस सरकार द्वारा इन दिनों पार्षदों के बीच से अध्यक्ष चुने जाने से भाजपा के द्वारा विरोध पर उन्होंने कहा कि यदि उन्हें विरोध करना ही था तो लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भी करना था. उसी के तर्ज पर नगरीय निकाय के चुनाव भी होना है।

# निकाय चुनाव की तिथि नजदीक आते ही वार्डो में चुनावी हलचल बढ़ी

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



नगरीय निकाय चुनाव की तिथि नजदीक आते ही वार्डो में चुनावी हल चल शुरू हो गयी है । कई दावेदार वार्डो में अपनी अपनी ताल ठोक रहे है। पर र्वाडवासियों ने इस बार वार्ड के दबंग मिलानसार छात्र जीवन से राजनीति में सक्रिय रहे विरेन्द्र साहू को गोवर्धन नगर वार्ड क्रमांक 11 से प्रबल दावेदार के रूप में उभर कर सामने आये है, जिन्हें वार्डवासी भी चाह रहे है। इस वर्ष के नगरीय निकाय चुनाव में जुझारू प्रत्यासी के रूप में वार्ड में विकास की उम्मीद लगाए हुए है। नगर में और भी कई प्रत्याशी दांव पेंच आजमाने में लगे हुये है ।यहां वार्ड में प्रमुख रुप से उघान,वाचनालय, बाजार,पानी टंकी, सड़क बिजली खम्बा, की व्यवस्था को प्रमुख रुप से प्राथमिकता दी जायेगी गोवर्धन नगर की जनता भी चाह रही है कि शिक्षा में निपूर्ण व अखिल भारतीय विधार्थी परिषद के पूर्व शहर अध्यक्ष,विश्व श्रीराम सेना के प्रदेशाध्यक्ष व नारी हिन्दूवाहिनी के प्रदेश संयोजक रायपुर संभाग युवा प्रकोष्ठ प्रदेश साहू संघ के संगठन सचिव, तिल्दा नेवरा तहसील साहू संघ के मीडिया प्रभारी विरेन्द्र को वार्ड 11 से पार्षद पद के लिए मौका मिलना चाहिए ।

# ज्ञान प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों से 2 तक आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता < बैकुण्ठपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत चिन्हित विद्यार्थियों से 2 नवंबर तक समस्त प्रमाणित दस्तावेजों के साथ आवेदन जिला षिक्षा कार्यालय में आमंत्रित किये गये हैं। चिन्हित 28 विद्यार्थियों को 15 हजार रूपये प्रति विद्यार्थी की मान से छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी।

कक्षा 10 वीं हेतु सरस्वती शिशु मंदिर बड़ा बाजार चिरमिरी के मोहनिश कुर, शासकीय हाईस्कूल आमाडांड के आदित्य, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भखार की कलावती, सरस्वती शिशु मंदिर चरचा कालरी के अनिष कुमार, आदर्श सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुण्ठपुर की शबनम पैकरा, सरस्वती षिषु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरभोका के परवेष कुमार सिंह, एकलव्य संयुक्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोंडीडीह की अनुगृहिता बखला एवं दुर्गा सिंह, गोविन्द सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजय नगर के जसवंत एवं पिंकी सिंह, विजय इंग्लिष उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़ के सिनरैला दास, ज्योति निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुग्ला की मनिशा लकड़ा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिशुनपुर की निशा पैकराए षासकीय आजाक कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ की दुर्गा सिंह, शासकीय हाईस्कूल रजौली के राहुल कुमार और डीएव्ही पब्लिक स्कूल झिलमिली के तुषार शर्मा का चयन मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत किया गया है। कक्षा 12वीं हेतु यमुना प्रसाद शास्त्री स्कूल खोंगापानी के विकास कुमार, सेसन मेमो इंग्लिश मिडियम चरचा कालरी की परवीन किरन, शासकीय आजाक हाईस्कूल बरदिया की सुमन, सेंट जोसेफ कान्वेंट हाईस्कूल झगराखांड के दिलीप सिंह शासकीय हाईस्कूल कुंवारपुर के बैजनाथ सिंहए आदर्ष सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुण्ठपुर की जसटीन एक्का, विनय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरभोका की अन्नू सिंह, बीआर सरस्वती षिषु मंदिर खरवत के अंकित कुमार, शासकीय हाईस्कूल कटगोड़ी की निशा सिंह, शासकीय आजाक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कछौड़ की सपना सिंह, केंद्रीय विद्यालय चिरमिरी के जीवन लाल रोहितास और जवाहर नवोदय विद्यालय बैकुण्ठपुर की जागृति राज का भी चयन मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत किया गया है।

### समर्थन मूल्य पर धान/ मक्का विक्रय, पंजीयन 31 तक

शासन के निर्देशानुसार खरीफविपणन वर्ष 2019.20 में समर्थन मूल्य पर धान/मक्का विक्रय हेतु कृषकों का पंजीयन 31 अक्टूबर 2019 तक किया जायेगा। खाद्य अधिकारी ने बताया कि ऐसे सभी कृषक जिन्होंने वर्ष 2018.19 में अपना पंजीयन नहीं कराया हैए वे इस वर्ष 2019.20 में धान विक्रय हेतु अपने संबंधित तहसील कार्यालय में निर्धारित प्रारूप.02 में सभी आवश्यक दस्तावेज सहित अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। निर्धारित समय.सीमा के पश्चात् किसान पंजीयन की कार्यवाही नहीं किया जायेगा।

# दिव्यांग क्रिकेटरों को प्रदान किया कीट



**जांजगीर।** कलेक्टर जनक जनक प्रसाद पाठक ने जिले के दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों को कार्पोरेट सहित कीट प्रदान किया। इस दौरान कलेक्टर ने सभी खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे मेहनत से क्रिकेट का अभ्यास कर प्रतियोगिताओं में जिले और राज्य का नाम रोशन करें। कलेक्टर द्वारा कलेक्टर कार्यालय प्रांगण में 37 हजार 85 रूपये के क्रिकेट कीट और कार्पेट खिलाड़ियों को प्रदान किया। उनमें पामगढ़ के ग्राम मेऊ के मंगलूराम,राजकुमार, पामगढ़ तुलाराम, चंडीपारा पामगढ़, बजरंग पटेल और जैजैपुर की अनिता बघेल शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी रायपुर में राज्य स्तरीय दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग ले चुके हैं। दिव्यांग क्रिकेट कोच ओम नेताम ने बताया कि माह नवंबर में जांजगीर में राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का प्रशिक्षण

# फसल कटाई प्रयोग, कम्प्यूटर में प्रविष्टि का काम पूरा करें

पायनियर संवाददाता < जांजगीर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जनक प्रसाद पाठक ने जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का गंभीरता से क्रिन्यावयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि सभी पटवारी चयनित खसरों में फसल प्रयोग कटाई का काम मौके पर जाकर करें और कम्प्यूटर में प्रविष्टि का कार्य समय.सीमा में पूर्ण करें ताकि पात्र किसान फसल बीमा योजना के लाभ से वंचित ना होने पाये।

कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आज आयोजित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रशिक्षण में उपस्थित तहसीलदारों, राजस्व निरीक्षकों, पटवारियों को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि वे पटवारियों को फसल कटाई प्रयोग से संबंधित तथ्यों को कम्प्यूटर में एंट्री की व्यावहारिक जानकारी दें। उन्होंने पटवारियों से एंट्री का कार्य स्वयं करने तथा एंट्री के काम में किसी भी प्रकार का संदेह हो तो उसका प्रशिक्षण में निराकरण करने कहा ताकि बीमा योजना से संबंधित प्रारंभिक कार्य शत.प्रतिशत सही हो सके और पात्र किसानों को उसका लाभ मिल सके।

### निशुल्क कोचिंग के लिए प्राक्कयन परीक्षा 25 को

**जांजगीर-चांपा।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास रायपुर द्वारा संचालित ट्रायबल यूथ हॉस्टल नई दिल्ली संघलोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग के लिए अभ्यर्थियों के चयन हेतु 25 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11 बजे से प्राक्कयन परीक्षा का आयोजन किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरूष अभ्यर्थियों के लिए प्रयास बालक आवासीय विद्यालय सड्डू रायपुर में और महिला अभ्यिर्थियों के लिए प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी रायपुर में आयोजित होगा।

# एकलव्य विद्यालय में अतिथि शिक्षक के लिए 26 तक आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता < बैकुण्ठपुर
www.dailypioneer.com

एकलव्य संयुक्त आदर्श आवासीय विद्यालय पोंड़ीडीह में शारीरिक शिक्षा एवं संगीत तथा एकलव्य संयुक्त आदर्श आवासीय विद्यालयए सोनहत में गणितए विज्ञानए अंग्रेजीए संस्कृत एवं कला आदि विषयों के अध्यापन के लिए टीण्जीण्टी स्तर के अतिथि शिक्षक हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रत्येक विषय के लिए 01.01 पद निर्धारित है। अतिथि शिक्षक के पद हेतु न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता में छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना, टीजीटी हेतु मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ संबंधित विषय में स्नातक उपाधि, आयु 23 वर्ष से 35 वर्ष एवं रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन सहित बीएड की उपाधि शामिल है। इस हेतु इच्छुक आवेदक 26 अक्टूबर तक आवेदन पत्र सहित आवश्यक दस्तावेजों को सत्यापित कर कलेक्टर कार्यालय स्थित आदिवासी विकास विभाग में स्वयं जमा कर सकते हैं अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकते हैं।

## क्विक न्यूज

### समृद्धि लाने के संकल्प के साथ गांधी विचार पद यात्रा का समापन

**बिलासपुर।** महात्मा गांधी जी की 150वीं जयंती के अवसर पर विगत 11 अक्टूबर से आयोजित गांधी विचार पद यात्रा का समापन गुरुवार को हो गया, इस पद यात्रा में जिले भर के सभी वर्ग के लोगों ने उत्साह से भाग लेकर गांधी जी के विचारधारा को आगे बढ़ाकर देश में सुख, शांति और समृद्धि लाने का संकल्प लिया। बिलासपुर में पद यात्रा का समापन नेहरू चौक से देवकीनंदन चौक होते हुए रिवर व्यू में हुआ।

### उर्वरकों के संतुलित उपयोग करने एक दिवसीय प्रशिक्षण 22 को

**मुंगेली।** भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय तथा छत्तीसगढ़ शासन कृषि एवं किसान कल्याण और जैव प्रौद्योगिकी विभाग मंत्रालय रायपुर के निर्देशानुसार जिले के प्रगतिशील कृषकों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग करने के संबंध में 22 अक्टूबर को प्रातः 10.30 बजे से एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### नामदेव समाज की बैठक आज

**बिलासपुर।** नामदेव समाज की आवश्यक बैठक 20 अक्टूबर रविवार को दोपहर 3 बजे से संत नामदेव भवन नूतन कॉलोनी चौक सरकंडा में आयोजित की गई है। श्री नामदेव समाज विकास परिषद एवं युवा प्रकोष्ठ जिला शाखा बिलासपुर द्वारा आयोजित बैठक में आगामी 8 नवम्बर को संत शिरोमणी नामदेव महाराज जी की 749वीं जयंती पर्व मनाने हेतु रूप रेखा तैयार की जावेगी एवं श्री नामदेव समाज विकास परिषद एवं युवा प्रकोष्ठ जिला शाखा बिलासपुर के कार्यकारिणी गठन के संदर्भ में विचार विमर्श कर कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की जावेगी।

# सामाजिक अंकेक्षण-ग्राम सभा का ग्रामवासियों ने किया बहिष्कार

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत मुंगेली के अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरकोना में 17 अक्टूबर को सामाजिक अंकेक्षण के तहत ग्राम सभा का आयोजन किया गया था ग्राम सभा के बैठक के दौरान ग्रामवासियों ने सरपंच एवं सचिव से 2015-16 से आज पर्यन्त किये गये विकास कार्यो की विधिवत जानकारी मांगने पर सचिव एवं सरपंच के द्वारा जानकारी नहीं दिये जाने पर आयोजित ग्राम सभा का बहिष्कार किया गया। ग्रामवासियों ने आय व्यय का लेखा जोखा व पूरी प्रमाणित जानकारी मिलने पर ही अब बैठक में सामिल होने की बात कही है।

उल्लेखनीय है कि जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरकोना में गुरूवार को सामाजिक अंकेक्षण के तहत ग्राम सभा की बैठक ग्राम पंचायत भवन में हुई। आयोजित ग्राम सभा का ग्रामवासियो के द्वारा बहिष्कार किया गया। बैठक में हिरा सिह कश्यप, दिलीप सिंह कश्यप, भवर कश्यप, ज्ञान कश्यप, प्रमोद कश्यप, खेदू कश्यप, अजय कश्यप, रामचंद्र, शिवप्रसाद, गेंदू कश्यप, राजू साहू, अर्जून साहू, हलधर साहू, अमोनिया बाई, ललीता बाई, सुनिता साहू, सुनिता, रोशनी, यशोदा, गुलाबा, अदालत साहू, बल्लू कश्यप, नंदराम कश्यप, झरोखा कश्यप, अनुज कश्यप, भागवत कश्यप ने बताया कि सरपंच एवं सचिव के द्वारा ग्राम सभा की बैठक में आय व्यय की जानकारी देने की मांग कई बार की गई है। लेकिन सचिव एवं सरपंच के द्वारा हर बार आय व्यय की जानकारी देने में टाल मटोल की गई है। ग्राम पंचायत में केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना आवास निर्माण, शौचालय निर्माण, सडक निर्माण, नाली निर्माण, भवन निर्माण सहित 13-14 वे वित्त की राशि में बड़े पैमाने में भ्रष्टाचार कि गई है। ग्रामीणो द्वारा शासन की योजनाओ से हो रही विकास कार्यो के पुरा व अधुरा होने की जानकारी भी अनेक बार चाही गई है। लेकिन ग्राम पंचायत के सरपंच व सचिव के द्वारा आज पर्यन्त आय व्यय की जानकारी नही दी जाती।

ग्रामवासी हीरा कश्यप एवं दिलेश कश्यप ने बताया की गेंदू के घर से तालाब तक नाली निर्माण, पुनिया के घर से दशरथ साहू के घर तक सी.सी. रोड़, लोरी के घर से अजब के घर तक सी.सी. रोड़ निर्माण, सीताराम साहू के घर से महावीर के घर तक नाली निर्माण, कोटवार के घर से सोमन के घर तक सी.सी.रोड़ निर्माण, नरेन्द्र एवं मुख्य मार्ग से निलेश के घर तक सी.सी. रोड़ निर्माण, जय के घर से हल्लू साहू के घर तक सी.सी. रोड़ निर्माण कार्यो में बड़े पैमाने में अनियमितता की गई है।

ग्रामवासीयो ने सरपंच एवं सचिव पर मनमानी को आरोप लगाते हुये कहॉ है कि जब तक सरपंच व सविच वित्तीय वर्ष 2015-16 से आज तक आय व्यय का पुरा लेखा जोखा और पुरे और अधूरे निर्माण कार्यो की प्रमाणित जानकारी नहीं देंगे तब तक कोई भी ग्रामवासी किसी प्रकार के बैठक में शामिल नहीं होगा।

# गांधीजी के विचारों को आत्मसात कर देश हित में योगदान दें : साव

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बताए मार्गो पर चल रही है भाजपा नित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार सांसद अरूण साव ने गांधी के 150वीं जयंती के अवसर पर भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व के आव्हान आयोजित गांधी संकल्प यात्रा के दौरान कही।

साव बेलतरा विधानसभा के मंगला बस्ती, धुरीपारा, अभिषेक विहार, दीनदयाल कॉलोनी, चांटीडीह, चिंगराजपारा, रामायण चौक, अमरैया चौक, लिंगियाडीह, रामनगर, श्यामनगर, राजकिशोर नगर,मोपका, खूंटीपारा सहित विभिन्न स्थानों में पहुंचकर क्षेत्र के नागरिकों से गांधी के आदर्शो एवं विचारों को आत्मसात करने का आव्हान किया। केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार विकास की ओर तेजी से अग्रसर है। आज विश्व के पटल पर भारत का मान सम्मान बढ़ा है तो देश की 125 करोड़ जनता ने मोदी एवं भाजपा पर विश्वास जताते हुए केन्द्र में दुसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई है। देश की जनता जान चुकी है अगर देश को विकास के रास्ते पर कोई ले जा सकता है तो वह सिर्फभारतीय जनता पार्टी ही है।

जनता के विश्वास पर खरा उतरते हुए मोदी ने देश को विश्व के सामने शक्तिशाली भारत के नव निर्माण के लिए ऐतिहासिक काम किया है। केन्द्र सरकार ने सभी वर्गो के उत्थान के लिए काम कर रही है। गांवए गरीब, किसान, युवा सभी के लिए अनेक योजना, संचालित है। समाज के अंतिम पंक्ति तक के व्यक्ति के लिए सरकार कार्य कर रही है, जिसका लाभ देश की जनता को सीधे प्राप्त हो रहा है।

गांधी संकल्प यात्रा में बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक रजनीश सिंह एवं जिला महामंत्री घनश्याम कौशिक,तिलक साहू,सल्लामुद्दीन अशरफ ी, दारा सिंह ठाकुर, प्रणव शर्मा, रमेश पटेल, मंडले सिंह, मनीष कौशिक,राजेन्द्र ठाकुर, आर्यन, पटेल, अनिज गुप्ता, अंकुश गुप्ता,रूपाली गुप्ता, लखन प्रजापति, ईश्वर यादव, यश देवांगन, जित्तू साहू, बंशी साहू, नारद साहू, भगवती साहू, शिवचरण साहू, संता ठाकुर, अनमोल झा,

ऋषभ चतुर्वेदी,अंकूर सिंह, रेखा सूर्यवंशी, शैलू गोरख, विवेक तिवारी,सत्यप्रकाश शुक्ला सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे। आज 19 अक्टूबर को गांधी संकल्प यात्रा बेलतरा विधानसभा के बहतराई रामायण चौक से प्रारंभ कर प्रगति विहार, अशोक नगर, खमतराई, बिरकोना कोनी पहुंच कर समापन हुआ ।

# ‘अम्बेडकर ने अछूतों का नेतृत्व हाथ में लेने साम्राज्यवादियों की मदद ली’

- गांधी शांति प्रतिष्ठान के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुमार प्रशांत का व्याख्यान

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने अछूतों का नेतृत्व हाथ में लेने के लिए साम्राज्यवादियों की मदद ली। अंग्रेज भारतीय समाज में फूट डालने के लिए उन्हें आगे कर रहे थे। फूट डालकर राज करने का यही काम आज हिन्दुत्व संगठन भी कर रहे हैं। गांधी का लक्ष्य भारतीय समाज के सभी वर्गो को एक साथ लेकर आजादी हासिल करना था और आपस के मसले हल करने का काम अंग्रेजों को नहीं सौंपना चाहते थे। अम्बेडकर की सोच इससे अलग थी। यह महात्मा गांधी का ही विशाल व्यक्तित्व था कि अम्बेडकर को उन्होंने महाराष्ट्र से बाहर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दी। गांधी के प्रयासों से ही कांग्रेस नेताओं के भारी विरोध के बावजूद उन्हें संविधान सभा में रखा गया तथा केन्द्रीय मंत्रिमंडल में जगह दी गई।

यह कहना है कि गांधी शांति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष कुमार प्रशांत का । बिलासपुर के समीप गनियारी में उनका दो दिन का व्याख्यान शुक्रवार की शाम को शुरू हुआ। यह कार्यक्रम जन स्वास्थ्य सहयोग केन्द्र और राष्ट्रीय युवा संगठन मध्यप्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में रखा गया है। शनिवार की शाम को पांच बजे वे गनियारी में गांधी और भारत विभाजन विषय पर दो घंटे का व्याख्यान देंगे। महात्मा गांधी और अम्बेडकर विषय पर अपनी बात शुरू करते हुए कुमार प्रशांत ने कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर और महात्मा गांधी के बीच मतभेदों को लेकर बहुत सी चर्चा होती रहती है। देशभर में वे घूमकर अपना व्याख्यान देते हैं जो 25.30 निश्चित सवालों के बीच घूमता है।

### अम्बेडकर कभी जेल नहीं गये, न कोई चुनाव जीत पाये

कुमार प्रशांत ने बताया. गांधीजी ने कहा है कि वेदए पुराणए उपनिषद् उन्होंने भी पढ़ा है। इनमें अछूतों का कोई जिक्र नहीं है। यदि कहीं पर लिखा है तो आप मुझे दिखा दें फिर मैं इन पुराणों, उपनिषद् को भी मानने से मना कर दूंगा। गांधी का साथ नहीं मिलता तो अम्बेडकर आजादी के पहले के काशीराम होते। अम्बेडकर एक जाति का नेतृत्व कर रहे थे पर गांधी पूरे भारतीय समाज काए जिसमें अमीर गरीब, मजदूर किसान, राजा.महाराजा सभी शामिल थे। गांधीजी ने अम्बेडकर को प्रस्ताव दिया था कि वे न केवल अछूतों का आंदोलन अपने हाथ में ले लें बल्कि वे कांग्रेस का भी नेतृत्व संभालें। अम्बेडकर इसके लिए राजी नहीं हुए। उन्होंने कहा कि हमारे लिये देश की आजादी से भी बड़ा सवाल दलितों को मनुष्य का अधिकार दिलाना है।

# जलेश यादव बना जिले का चुनाव में डिस्ट्रिक्ट आइकॉन

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कहते है जब निष्ठा और लगन से किसी चीज को पाने के लिए मेहनत की जाय तो कामयाबी मिलना तय हो जाता है। जिस बात को सही साबित किया नगर के जलेश यादव ने, नगर का युवा अपनी निष्ठा और लगन के भरोसे आज एक के बाद एक कामयाबी हासिल करता जा रहा है। शुरवाती दौर में महज छोटे से चाय दुकान के भरोसे अपने सपनों की उड़ान की शुरूआत करने वाले इस युवा ने प्रतिभावान बच्चों का क्रिकेट जैसे महंगे खेल के लिए प्रेरित करना प्रारंभ किया जिसके लिए सनराइस क्रिकेट सोसायटी लगभग 8 साल पहले गठित की, और उसके कठिन परिश्रम की बदौलत आज लगभग 50 से अधिक बच्चों ने स्टेट व नेशनल में अपनी प्रतिभा दिखाई है। आज मेंहनत और लगन के परिणाम स्वरूप सन राइस ि केट सोसाइटी के संचालक व कोच जलेश यादव को जिले के कलेक्टर जिला ने निवार्चन आयोग द्वारा 2019 -20 के लिए फोटोयुक्त नामावलियों में पात्र मतदाताओं का नाम जोड़ने काटने संशोधन हेतु व्यापक प्रचार,- प्रसार के लिए जिला स्तर पर डिस्ट्रिक्ट आइकॉन नियुक्त किया है।

### सीपत में कन्या छात्रावास एवं उप तहसील कार्यालय का कमिश्नर ने किया निरीक्षण

**बिलासपुर।** छात्रावासों में बिजलीए पानीए खान.पान एवं साफसफाई पर विशेष ध्यान दें। ताकि बच्चों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो और वे मन लगाकर प?ाई कर सके। संभागायुक्त बीएएलएबंजारे ने सीपत स्थित कन्या छात्रावास का सघन निरीक्षण करते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों को उक्त निर्देश दिये। संभागायुक्त ने कन्या छात्रावास के रसोई का भी निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने भोजन की गुणवत्ता एवं बच्चों को दिये जा रहे मीनू एवं मात्रा की जानकारी ली। तत्पश्चात् कमिश्नर ने उप तहसील कार्यालय का भी निरीक्षण किया।

# आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के लिए घरेलू रसोई गैस से बनेंगे भोजन



- बच्चों को मिलेंगे कम समय में स्वादिष्ट भोजन
- सिलेण्डर वितरण का कार्य प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देश पर खाद्य विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों को घरेलू गैस सिलेण्डर प्रदान करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसी कड़ी में आज आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यकर्ताओं को घरेलू रसोई गैस का भरा हुआ सिलेण्डर प्रदान किया गया। कलेक्टर डॉ. भुरे ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के लिए अब घरेलू रसोई गैस से भोजन बनेंगे और बच्चों को कम समय में स्वादिष्ट भोजन मिलेंगे। घरेलू रसोई गैस मिल जाने से आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए भोजन बनाने वाली सहायिकाओं को धुएं से मुक्ति मिलेगी।

समस्त विभागों के आला अफसर रैली में शामिल हुए

# तम्बाकू के दुष्प्रभाव पर शपथ ग्रहण समारोह, रैली

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अन्तर्गत जिले को पूर्णतः तम्बाकू मुक्त बनने जाने के उद्देश्य से पूरे जिले में कोटपा अधिनियम 2003 का सफ लता पूर्वक लागू किया जाना है।

कोटपा अधिनियम की धारा 4 के अन्तर्गत सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान एवं तम्बाकू का इस्तेमाल किया जाना अपराध है इसके लिए समस्त सार्वजनिक स्थलों पर बोर्ड के माध्यम से स्थान प्रभारी का नाम अंकित कर सम्पर्क नंबर दिया जाना अनिवार्य होगा। शपथ समारोह में कलेक्टर अतिरिक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला नोडल अधिकारी, समस्त कमांडिंग ऑफिसर 7 सीजी बटालियन भारतीय नगर बिलासपुर, समस्त स्कूलों एवं कॉलेजो के विद्यार्थी एव शहरी मितानिन शामिल हुए।

गैर संचारी रोग के नोडल डाण् के के जयसवाल ने बताया धारा 6 अ के तहत 18 वर्ष से कम आयु वर्ग से तम्बाकू पदार्थ खरीदना एवं बिक्री किया जाना अपराध है तथा ब शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के इलाके में तम्बाकू पदार्थ बेचना कानूनी अपराध है शहर में इस कानून का खंडन कई जगहों पर किया जाता है इन्ही सारी गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर बिलासपुर डा. संजय अलंग और स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक अभियान किया जा रहा है जिसमे समस्त विभाग नगर निगम, एनसीसी, समस्त शासकीय महाविद्यालय, श्रम विभाग, परिवहन विभाग,खाद्य एवं औषधि विभाग, पुलिस विभाग, यातायात विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा 21 अक्टूबर को शहर के बड़ चौकों पर जागरूकता कार्यक्रम एवं चालानी कार्रवाई की जाएगी।

जिसमे मुख्यतः खाद्य एवं औषधि विभाग, पुलिस विभाग,श्रम विभाग, नगर निगम, यातायात विभाग के निरक्षक एव एनसीसी के कैडेट्स सहयोग प्रदान करेंगे। ताकि लोगों में तम्बाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता आये एवं कोटपा अधिनियम को पूरे बिलासपुर शहर में लागू किया जा सके।



ग्रामीण क्षेत्रों से लिया जा चुका है मिठाइयों का सैम्पल

# शहरी मिठाई वालों पर विभाग मेहरबान, खाद्य एवं औषधि प्रशासन की भूमिका संदिग्ध

## मिलावटी मिठाई बेचने वालों को सहयोग कर रहा प्रशासन, सैम्पल की जांच रिपोर्ट मिठाई बिकने के बाद आएगी

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

त्यौहारी सीजन में संस्कारधानी में मिलावटी मिठाइयों के बेचे जाने के मामले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की भूमिका भी संदिग्ध नजर आती है। दिवाली पर मिठाई की मांग ज्यादा होती है और इसके मुकाबले आपूर्ति कम होती है। मिलावटखोर मांग और आपूर्ति के इस फर्क का फायदा उठाते हुए बाजार में मिलावटी सामग्री से बनी मिठाइयां बेचने लगते हैं। इससे उन्हें तो खासी आमदनी होती है, लेकिन खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ता है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा छापेमारी कर और नमूने लेकर खानापूर्ति कर ली जाती है। फिर कुछ दिन बाद मामला रफा-दफा हो जाता है। दरअसल मिलावटखोरी पर रोक लगाने के लिए इतनी सख्ती नहीं बरती जाती जितनी बरती जानी चाहिए।

पायनियर ने अपने कल के अंक में बताया था कि किस तरह से दिवाली के सीजन में नकली मिठाइयों का व्यपार किया जाता है और आम जनता की सेहत पर इसके कितने बुरे परिणाम हो सकते हैं। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने पिछले दिनों खैरागढ़ के बीकानेर स्वीट्स और छुईखदान के कृष्णा स्वीट्स से मिठाइयों के सैम्पल एकत्र किये हैं जबकि शहरी क्षेत्र में किसी भी दूकान से सैम्पल नहीं लिया गया है जो समझ से परे है। मिलावटी मिठाइयों के मामले का एक पहलू यह भी है कि यदि शहर में इस तरह की मिठाइयों बेची जानी हैं तो अब तक उनकी पहली खेप शहर में आ चुकी होगी लेकिन अब तक प्रशासन ने इस सम्बन्ध में ना तो किसी दुकान से सैम्पल लिया है और ना ही किसी प्रकार कि कोई जांच कि गई है।

पायनियर लगातार


त्यौहारी सीजन में संस्कारधानी में बिकेंगी जमकर नकली मिठाइयां, घर पर ही बनाएं सभी व्यंजन
नकली खोवा व रासायनिक पदार्थों से बनी मिठाइयों से हो सकती है बीमारियां, घर पर ही शुद्ध रूप से बनाइए मिठाई
इस तरह से होता है मिलावट
ऐसे पहचानें नकली मिठाइयों को
जानिये फैक्ट फाइल के आंकड़ों को
सेहत पर पड सकता है बुरा असर

### खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग मिलावटखोरों को दे रहा कमाई का पूरा मौका

त्यौहार के सीजन में मिलावटखोरों को अघोषित तौर पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग एवं जिला प्रशासन का सहयोग मिल रहा है। किसी भी मिठाई दूकान से यदि जांच के लिए सैम्पल लिया जाता है तो उसे जांच के लिए रायपुर भेजा जाता है और उसकी जांच रिपोर्ट आने में कम से कम पंद्रह दिन का समय लगता है अब ऐसे में यदि खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग अब इस समय सैम्पल लेने निकलेगा तो भी जांच रिपोर्ट दिवाली के बाद आएगी और तब तक आम जनता इन मिलावटी मिठाइयों का सेवन कर चुकी होगी। इस तरह से विभाग द्वारा मिलावटखोरों का सहयोग किया जा रहा है

### हो सकती है जेल या 10 लाख रुपये का जुर्माना, मिलावटखोरों के लिए ये है कानून

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की स्थापना खाद्य सुरक्षा और मानक विधेयक 2006 के तहत खाद्य पदार्थों के विज्ञान आधारित मानक निर्धारित करने एवं निर्माताओं को नियंत्रित करने के लिए 5 सितंबर 2008 को की गई। यह प्राधिकरण अंतरराष्ट्रीय तकनीकी मानकों और घरेलू खाद्य मानकों के बीच मध्य सामंजस्य को बढ़ावा देने के साथ घरेलू सुरक्षा स्तर में कोई कमी न होना सुनिश्चित करता है। इसके प्रावधानों के तहत पहले काम कर रहे कई नियम.कानूनों ;1.फ्रूट प्रोडक्ट्स आर्डर, 1955 2.मीट फूड प्रोडक्ट्स आर्डर, 1973 3. मिल्क एंड मिल्क प्रोडक्ट्स आर्डर, 1992 4.सालवेंट एक्सट्रैक्टेड आयल, डी.आयल्ड मील एंड एडिबल फ्लोर कंट्रोल, आर्डर, 1967 5.विजिटेबल्स आयल प्रोडक्ट्स रेगुलेशन आर्डर, 1998 6.एडिबल आयल्स पैकेजिंग रेगुलेशन आर्डर, 1998 7. खाद्य अपमिश्रण निवारण कानून, 1954, का प्रशासनिक नियंत्रण को इसमें शामिल किया है। निम्न स्तरए मिलावटी, नकली माल की बिक्री, भ्रामक विज्ञापन के मामले में संबंधित प्राधिकारी 10 लाख रुपये तक जुर्माना लगा सकते हैं। इसके लिए अदालत में मामला ले जाने की जरूरत नहीं है। दूसरी श्रेणी में जुर्माने और कैद का प्रावधान है। इन मामलों का फैसला अदालत में होगा। मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से अगर किसी की मौत हो जाती हैए तो उम्रकैद और 10 लाख रुपये तक जुर्माना भी हो सकता है। पंजीकरण या लाइसेंस नहीं लेने पर भी जुर्माने का प्रावधान है। छोटे निर्माता, रिटेलर, हॉकर, वेंडर, खाद्य पदार्थों के छोटे व्यापारी जिनका सालाना टर्नओवर 12 लाख रुपये से कम हैए उन्हें पंजीकरण कराना जरूरी है। इसके उल्लंघन पर उन पर 25 हजार रुपये तक जुर्माना हो सकता है। 12 लाख रुपये सालाना से ज्यादा टर्नओवर वाले व्यापारी को लाइसेंस लेना जरूरी है। ऐसा न करने पर पांच लाख रुपये तक जुर्माना और छह महीने तक की सजा हो सकती है। इसी तरह घटिया खाद्य पदार्थों की बि ी पर पांच लाख रुपये, गलत ब्रांड खाद्य पदार्थों की बि ी पर तीन लाख, भ्रामक विज्ञापन करने पर 10 लाख रुपये और खाद्य पदार्थ में अन्य चीजों की मिलावट करने पर एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

### मिलावटी मिठाइयों के दुष्प्रभाव के विषय में क्या कहते हैं चिकित्सक



मिलावटी मिठाइयों की वजह से होने वाली बीमारियों के विषय में रायपुर डीकेएस अस्पताल के प्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ नेफ्रोलॉजिस्ट डाक्टर प्रफुल्ल दावले बताते हैं कि इससे किडनी व लीवर खराब हो सकता है। मिठाइयों में मिश्रित किए जाने वाले रासायनिक रंगों से गैस समस्याए अल्सर, फूड पॉइजन जैसी घातक बीमारिया हो सकती हैं। मिलावटी दूध व मावे से बनी मिठाई, पनीर व घी खाने से किडनी व लीवर को काफी नुकसान होता है। इसके साथ ही सिर दर्द, पेट दर्द व त्वचा रोग हो सकते हैं। इससे पेट खराब होने और पीलिया या आंतों में संक्रमण जैसी बीमारियां हो सकती है। मिलावटी मावा या मिठाई से किडनी को भी नुकसान पहुंच सकता है। डाक्टर दावले ने बताया कि मिलावटी मिठाईयों के उपयोग से मनुष्यों में विभिन्न प्रकार के रोग उत्पन्न होते हैं जैसे विभिन्न प्रकार के कैंसर जैसे.ब्रेन कैंसर, माउथ कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर, ल्यूकेमिया आदि विभिन्न प्रकार की एलर्जी,श्वास संबंधी रोग,लिम्फेटिक ट्यूमर,डर्मेटाइटिस त्वचा रोग विभिन्न प्रकार के अल्सर, किडनी इंफेक्शन, स्नायू.तंत्र संबंधी रोग,मानव जननतंत्र संबंधी रोग, क्रोमोसोम्स डिजेनेरेशन, गेस्ट्रोइन्टसटाइनल डिस्आर्डर पेट संबंधी रोग आदि हो सकते हैं। इसलिए मिलावटी मिठाई का सेवन करने से बचें।

कुछ जगहों से मिठाइयों का सैम्पल लिया गया है आगे भी शहरी क्षेत्र में कार्यवाही की जायेगी। मिठाइयों का सैम्पल रायपुर जाता है जिसकी जांच रिपोर्ट आने में चौदह से पंद्रह दिन का समय लगता है। हांलाकि तब तक दिवाली का सीजन निकल चुका होगा। ऐसी मशीनें बननी चाहिए जिससे जांच रिपोर्ट आने में ज्यादा समय ना लगे।

**-संजय झाड़ेकर,** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, राजनाँदगाँव

## सहारा ने नहीं लौटाया पैसा, दफ्तर में हुआ विवाद

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

सहारा क्रेडिट कॉपरेटिव सोसायटी लिमिटेड के ग्राहकों को अपने ही पैसों के लिए अब प्रबंधन के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। अपनी देनदारियों को लेकर मुकदमे का सामना कर रहा सहारा समूह बांड धारकों को उनके ही पैसे लौटा नहीं पा रहा है। ताजा मामला शनिवार को सामने आया है जिसमें बांड धारकों और प्रबंधन के बीच आरोप.प्रत्यारोप का दौर बड़ी बहस तक पहुंच गया। मामले में पुलिस को दखल देना पड़ा। यहां मौजूद दो बांड धारकों ने आरोप लगाया कि उनके फि क्स डिपॉजिट की मैच्योरिटी के बाद भी उन्हें भुगतान नहीं किया जा रहा है। सहारा समुह की विश्वसनीयता को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। शहर के रामाधीन मार्ग स्थित दफ्तर में आज ऐसे ही मुद्दे को लेकर बात काफी बढ़ गई। दरअसल



भरकापारा निवासी सौरभ वासनिक पिछले 9 साल से यहां पैसे जमा कर रहे हैं। पहले उन्होंने आरडी खोली और फिर अपने, अपनी पत्नी और बच्चे के नाम पर उन्होंने यहां पैसे फिक्स डिपॉजिट किए। लेकिन इनकी मैच्योरिटी पूरे होने के साल भर बाद भी उन्हें प्रबंधन भुगतान करने से परहेज करते हुए दोबारा पैसे फिक्स डिपॉजिट करने का दबाव बना रहा है। सौरभ वासनिक ने बताया कि मेरे पास 25.25 हजार की दो और 60 हजार का एक फि क्स डिपॉजिट बांड है। इन्हें पूरे हुए साल बीतने जा रहा है लेकिन इसका भुगतान नहीं किया जा रहा है। प्रबंधन का कहना है कि वह सिर्फएक 25 हजार का ही भुगतान करेगा और बाकी की रकम फिर से फिक्स डिपॉजिट कर दी जाएगी। सामने बड़ा पर्व है, मैं बीमार भी हूं मुझे पैसों की जरुरत है।

ऐसे में प्रबंधन की बात मैं कैसे मान लूं। कम से कम मुझे 60 हजार के फि क्स डिपॉजिट की मैच्योरिटी का भुगतान किया जाए, लेकिन प्रबंधन इस पर भी तैयार नहीं है।

इस दौरान यहां एक और बांड धारक अपने 2 लाख 40 हजार के भुगतान के लिए अड़े रहे। काफी गहमागहमी के बाद अंत में प्रबंधन ने उन्हें पूरा भुगतान एक साथ न कर पाने की बात कही।

## पदयात्रा के समापन पर बुजुर्ग कांग्रेसीजन सममानित

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com

नगर में गांधी विचार पदयात्रा का समापन हुआ। 11 से 17 अक्टूबर तक जारी रहे पदयात्रा के समापन दिवस मोहड़ से माथलबरी, कोहका होते हुए के अंतिम पड़ाव के बतौर डोंगरगांव नगर में देर शाम समापन हुआ। उपरांत कालेजरोड की ओर से पदयात्रा नगर में पहुंची। पदयात्रा में खास बात ये रही कि नगर में पहुँचे पदयात्रा में नगर के कांग्रेसीजन कमतर शामिल हुए। वहीं ग्रमीण क्षेत्र के नेतागण, पदाधिकारी व कार्यकर्ता अधिक शामिल हुए। पीसीसी के दिशानिर्देश पर सप्ताहभर जारी रहे गाँधी विचार पदयात्रा का 17 अक्टूबर को डोंगरगांव नगर में पुराने बसस्टैंड परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम व काब्यपाठ के मध्य समापन हुआ। विधायक ने गांधी के आदर्शो पर चलने आव्हान किया। एम मोहन अय्यर ने सप्ताहभर में विभिन्न रूटों में लगभग 80 किमी पदयात्रा करने कार्यकर्ताओं की प्रशंसा की। नपंअध्यक्ष संध्या नरेन्द्र साहू ने महात्मा गाधी की जीवनी को उकेरा। महात्मा गांधी के जीवनकाल व कार्यो को करीब से देखने वाले एवं शतायु पार कर चुके मोहभठ्ठा के सदारामजी ने महात्मा गांधी पर गीत की प्रस्तुति दी। अंत में ब्लाकाध्यक्ष बलीराम साहू ने पदयात्रा में शामिल होने वाले सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट की।



**शतायु बुजुर्गो ने की पदयात्रा**

पदयात्रा में शामिल रहे मोहभठ्ठा के सदारामजी, तुमड़ीबोड के मीलूदासजी, मटिया के मिलनरामजी और मेढ़ा के मीलूदासजी का सम्मान हुआ। प्रतिदिन पदयात्रा में शामिल कार्यकर्ताओं की प्रशंसा हुई। तीरंदाजी में परचम लहराने वाले खिलाड़ी/बच्चे व कोच भी सम्मानित हुए। इस दौरान जयश्रीसाहू, प्रीतिभेलस साहू, डॉ नरेन्द्र साहू, विरेन्द्र बोरकर, मदन साहू, देवेन्द्र दुबे, सुयश नाहटा, रोहित सोनकर, टिकेश साहू,महेन्द्र साहू व जमुना साहू तथा युकां व एनएसयूआई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

**पदयात्रा में राशनकार्ड वितरण**

बोदेला में पदयात्रा पहुंचने पर ग्रामीणों ने अनिनंदन किया। इस दौरान एपीएल राशनकार्ड वितरित हुए। विधायक दलेश्वर साहूए डोंगरगांव ब्लाक प्रभारी राजकुमारी सिन्हा, जयश्री साहूए बलीराम साहू, महेन्द्र यादव, मदन साहू, महेन्द्र साहू, मनोज सिन्हा, खेलूराम साहू, चितेश साहू, श्याम कोरी, कुंभ जोशी, पुरषोत्तम साहू व सुरेन्द्र लिल्हारे शामिल हुए। प्रशासन की पदयात्रा में अमरनाथ साहू के मार्गदर्शन में काब्यपाठ हुए।

इलाके में सनसनी, हत्या क्यों और कैसे हुई अब तक अज्ञात

## दुर्ग निवासी नक्सल क्षेत्र में रहकर डॉक्टरी भी करता था, हत्या के बाद टांग दिया शव

पायनियर संवाददाता < मानपुर
www.dailypioneer.com

राजनांदगाव जिले के नक्सल प्रभावित मानपुर वनांचल में सुबह.सुबह पेड़ पर लटकी लाश देखकर लोगों के बीच सनसनी फैल गई। मानपुर ब्लॉक मुख्ययालय से महज 3 किमी दूर राजहरा मुख्य मार्ग पर तुमडीकसा मोड़ में सुबह पेड़ पर लाश फांसी पर टंगी मिली। मृतक का मुह व दोनों पैर रस्सी से बंधे हुए हैं। वहीं पड़ पर लटकी इस शव के पैर भी जमीन को छू रहे हैं।

**ऊँचापुर में रहता था, लाश मिली 20 किमी दूर तुमडीकसा में**

सुबह ग्रामीणों की सूचना उपरांत मानपुर पुलिस ने यहां पहुचकर मौका मुआयना व जरूरी जांच पड़ताल की। मृतक के जेब से आधार कार्ड निकला है। जिसके आधार पर मृतक को दुर्ग जिले के ओटेबन्द ग्राम का निवासी भागवत गिरी गोश्वामी बताया जा रहा है। जो कि वर्तमान में कोहका थानाक्षेत्र अन्तर्गत महाराष्ट्र सीमावर्ती धुर नक्सल प्रभावित ऊंचापुर गाँव में छोटा सा किराना दुकान चलाकर यही रहता था।

## साहू युवा संघ करेगा कार्यशाला का आयोजन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ दुर्ग संभाग की आवश्यक बैठक राजनांदगांव के ग्राम सुरगी में रखी गई, जिसमें संभाग संयोजक आनंद साहू के मार्गदर्शन में दुर्ग संभाग के सभी पांच जिलों दुर्गए राजनांदगांव, बालोद,बेमेतरा और कवर्धा में युवा प्रकोष्ठ के कार्यकरिणी विस्तार के सम्बंध में आवश्यक चर्चा की गई। जिसमें दुर्ग जिले से प्रेमकिशन साहू,लोकेश साहू, संजू साहू,चंद्रकांत साहू,राजनांदगांव से शैलेन्द्र साहू, तिमेश साहू,महेंद्र साहू, परदेशी साहू, खेमलाल साहू,खिलेश्वर साहू बालोद से टूमन साहू,पंकज चौधरी कवर्धा से चोवराम साहू,रामचन्द्र साहू,डॉ नारायण साहू, बेमेतरा से स्वतन्त्र साहू, गौकरण साहू प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



इस दौरान सामाजिक गतिविधियों में रक्तदान, समाज के प्रतिभाशाली युवाओं का सम्मान, धर्म परिवर्तन जैसे गम्भीर विषयों पर चर्चा की गई। संभाग के सभी पांचों जिलों में कार्यशाला आयोजन कर सामाजिक युवाओं को जागरूक बनाने विस्तृत चर्चा की गई।

## भड़के मजदूर, राजाराम मेज प्रोडक्ट के खिलाफ खोला मोर्चा



**मजदूरों ने खोली प्रबंधन की पोल, बताया नहीं मिल रहा हक**

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मेसर्स राजाराम मेड प्रोडक्ट एक बार फिर विवादों में है। इस बार यहां कार्यरत मजदूरों ने कारखाने के खिलाफमोर्चा खोल दिया है। यहां के मजदूरों में नियम संगत बोनस न दिए जाने और श्रम अधिनियमों के विरुद्ध जाकर काम लेने को लेकर आक्रोष है। यह आक्रोश शनिवार को फू ट पड़ा। मजदूरों ने यहां कारखाना प्रबंधन के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। मजदूरों ने बताया कि मोहड़ में राजाराम मेड प्रोडक्ट सन 1983 से संचालित हो रहा है। यहां मजदूरों को प्रतिवर्ष 20 प्रतिशत एक्रीमेंट दिया जाना है। लेकिन वर्ष 2017.18 में उन्हें महज 15 प्रतिशत बढ़ोत्तरी मिली और इसका कारण मंदी को बताया गया। वर्ष 2018.19 में अब प्रबंधन दोबारा बहाना बनाते हुए मजूदरों को महज 8.33 फीसद लाभ दे रहा है। इस विषय को लेकर मजदूरों में गुस्सा है। दूसरी ओर प्रबंधन ने कारखाना सुचारू रूप से नहीं चल पाने को इसकी वजह करार दिया है।

**मजदूरों ने कहा, खून चूस रहा प्रबंधन**

मजदूर धनाजीत गोड़, हरी राम साहू ने बताया कि कारखाना मालिक मजदूरों का शोषण कर रहे है। यहां काम के बदले हमारा खून चूसा जा रहा है। उन्होंने बताया कि बंद के दिन भी हमसे काम लिया जाता है जिसका भुगतान एक हाजिरी का वेतन दिया जाता है। 8 घंटे ड्यूटी के उपरांत ओवरटाइम का पैसा भी नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ श्रम अधिनियम 1948 के 37 (अ) के अंतर्गत न्यूनतम वेतनमान के कारखाना के मालिक द्वारा खुला उलंघन किया जा रहा है। मजदूरों ने एक स्वर में कहा कि उनकी शिकायतों पर अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। ऐसे में वे कारखाना बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर उग्र आंदोलन पर उतर आए हैं। मजदूरों ने यहां कार्यरत व्यक्ति मूलचंद साहू पर भी आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि छुट्टी और कैजुअल छुट्टी टाइम कीपर द्वारा भरा जाता है जो अपनी मनमानी करता है।

### निकाय चुनाव : रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने नगर पालिका आम चुनाव 2019.20 के अंतर्गत जिले के 7 नगरीय निकायों के निर्वाचन के लिए रिटर्निंग ऑफि सर और सहायक रिटर्निंग ऑफि सर ;नगर पालिकाद्ध की नियुक्ति कर दी है। इनमें नगर पालिक निगम राजनांदगांवए नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ तथा नगर पंचायत छुईखदान, गंडई,डोंगरगांव, छुरिया और अंबागढ़ चौकी शामिल हैं। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार नगर पालिक निगम राजनांदगांव के निर्वाचन के लिए कलेक्टर रिटर्निंग ऑफि सर तथा एसडीएम राजनांदगांव मुकेश रावटे सहायक रिटर्निंग ऑफि सर होंगे। नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के लिए एसडीएम डोंगरगढ़ अविनाश भोई रिटर्निंग ऑफि सर तथा तहसीलदार डोंगरगढ़ अविनाश ठाकुर सहायक रिटर्निंग ऑफि सर नियुक्त किए गए हैं।

दीवाली पूर्व हॉटबाजार व नवंबर दिसंबर में पट्टे की घोषणा

## दिवाली से पहले दलेश्वर का चुनावी धमाका

रज्जा राणा < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर के व्यापारियों को अब हॉटबाजार कांप्लेक्स में दुकान आबंटन तय हो गया है। विधायक ने एक सभा में नगर के व्यापारियों को दीवाली से पहले हाटबाजार की दुकानों की चाबी सौंपने की औपचारिक घोषणा कर दी है। वहीं नवंबर के अंत में नगर के बाकी रह गए मकान पट्टे का वितरण भी होने जाने विधायक ने नागरिकों को आश्वस्त कर दिया है। आगामी निकाय चुनाव के लिहाज से राजनैतिक गलियारे में हाटबाजार कांप्लेक्सए सब्जी/फु टकर व्यावसायी सहित प्रतिक्रिया भी होने लगी है।

उल्लेखनीय है कि नगर में हॉटबाजार के प्रथम फेस का कार्य पूर्ण हो चुका है। लगभग 80 दुकानें बनकर तैयार है। मुखयमंत्री द्वारा लोकार्पण भी कराया जा चुका है। इधर नगर पंचायत ने भी अस्थाई बाजार में विस्थापित प्रथम फेस के व्यवसायियों को हॉटबाजार में शिफ्ट करने की तैयारी तेज कर दी है। निकाय के परिषद में 19 जून को परिषद ने लगभग 80 नवनिर्मित दुकानों में व्यवसायियों को स्थापति करने मास्टर प्लान में सहमतिपूर्वक प्रस्ताव पारित किए हैं। हॉटबाजार के प्रथम फेस की 82 में 36 दुकाने स्थाई आबंटित होंगी। वहीं चारो कोण में 8 दुकानों के लिए निकाय द्वारा स्वंतत्र नीलामी प्रक्रिया पर 4 माह पूर्व सहमति बन चुकी है।




**नगर में अब राजनैतिक बवंडर**

उल्लेखनीय है कि आधे से अधिक सब्जी वि ेताओं एवं फुटकर व्यावसायियों ने हाटबाजार निर्माण होने पर पुराने बाजार इलाके में ही व्यवस्थापन किए जाने कांग्रेस एवं भाजपा के नेताओं के मध्य पुर्व से ही मांग कर रखी है। ऐसे में हाटबाजार आबंटन होते ही सब्जी वि ेताओं एवं फुटकर व्यावसायियों के साथ ही नगर की राजनीति में भूचाल आने के आसार हैं।

**विधायक की घोषणा से गफलत**

विधायक दलेश्वर साहू ने 17 अक्टूबर को गांधी विचार पदयात्रा के समापन अवसर पर उक्त घोषणा कर नगर में आगामी निकाय चुनाव पुर्व हलचल मचा दी है। इधर विधायक द्वारा दीवाली पूर्व हाटबाजर आबंटन की घोषणा कर देने से नगर प्रशासन पर तथा निकाय चुनाव के संभावित आचार संहिता दौरान पट्टा वितरण संबंधी घोषणा से राजस्व प्रशासन अतिरिक्त दबाव की स्थिति निर्मित हो गई है। पेश.ए.नजर है कि हाटबाजार संबंधी दसतावेजी कार्य शासन के पास ही लंबित है।

### गोवर्धन पूजा के दिन मनाया जाएगा गौठान दिवस

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य में दीपावली त्यौहार के पश्चात गोवर्धन पूजा की मान्यता तथा परम्परा है। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी सुराजी गांव योजना के अंतर्गत निर्मित गौठानों में गोवर्धन पूजा के दिन गौठान दिवस मनाया जाएगा। राज्य सरकार के कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा सुराजी गांव योजना के तहत गोवर्धन पूजा के दिन गौठान दिवस मनाए जाने के संबंध में प्रदेश के सभी कलेक्टरों और मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। जारी निर्देश के अनुसार सुराजी गांव योजना के तहत चयनित गांवों में गौठान निर्मित किए गए हैं, जहां गौवंश प्रतिदिन आते है। गोवर्धन पूजा के दिन उन गौठानों में गौठान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय राज्य शासन द्वारा लिया गया है। कार्य म में परम्परागत पूजा-अर्जना के अतिरिक्त गौठान दिवस के पूर्व गौठान समिति का गठन और गौठान समिति को औपचारिक रूप से कार्यभार गौठान दिवस में दिया जाएगा।

# चित्रकोट विधानसभा उपचुनाव निर्वाचन की तैयारी पूरी

- एक लाख 67 हजार 911 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग
- 916 मतदान कर्मी कराएंगे मतदान

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

जिला निर्वाचन कार्यालय जगदलपुर बस्तर द्वारा चित्रकोट विधानसभा उप निर्वाचन की तैयारी पूरी कर ली गई है। मतदान दल रविवार 20 अक्टूबर को सुबह से निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना होंगे। मतदान सामग्री का वितरण धरमपुरा स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में सुबह 6.30 बजे से होगा। सबसे पहले दूर के मतदान दलों को रवाना किया जाएगा। सुकमा जिले के 16 मतदान केन्द्रों के लिए भी मतदान दलों को मतदान सामग्री जगदलपुर में ही वितरित की जाएगी। शनिवार 5 बजे से चुनावी प्रचार थम गया। अब प्रत्याशी घर-घर जाकर प्रचार कर सकेंगे। मतदान सोमवार 21 अक्टूबर को सवेरे 8 बजे से शाम 5 बजे तक होगा।

चित्रकोट विधानसभा उप निर्वाचन के लिए 229 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें 213 मतदान केन्द्र बस्तर जिले में और 16 मतदान केन्द्र सुकमा जिले में स्थित




है। इन मतदान केन्द्रों के लिए 916 मतदान कर्मियों को तैनात किया गया है। इनमें पीठासीन के साथ ही मतदान दल के तीन और अधिकारी शामिल हैं। निष्पक्ष और स्वतंत्रतापूर्वक मतदान सुनिश्चित करने के लिए 58 संवेदनशील मतदान केन्द्रों में माईक्रो आब्जर्वर भी तैनात रहेंगे।

चित्रकोट विधानसभा उपचुनाव में एक लाख 67 हजार 911 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 79 हजार 284 पुरुष मतदाता और 88 हजार 626

# आयुष्मान की ऑनलाइन सूची में जिन परिवारों का नाम, सिर्फ उन्हीं का बनेगा कार्ड

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

साल 2011 की जनगणना के आधार पर बनी आयुष्मान सूची में जिन परिवारों का नाम हैं, कियोस्क सेंटरों पर उन्हीं के सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बन रहा है। इस सूची में कोई भी किसी के परिवार को न जोड़ सकता है, न ही किसी परिवार का नाम उससे हटाया जा सकता है। यह प्रक्रिया छत्तीसगढ़ के दुर्ग-भिलाई में भी जारी है। कियोस्क सेंटर या अस्पतालों के आयुष्मान मित्र, सूची में शामिल परिवारों का केवल छूटा हुआ डाटा जैसे मोबाइल नंबर, आधार कार्ड, मुखिया, परिवार में आने वाले सिर्फनए सदस्यों के ही नाम जोड़ रहे हैं।

**ऐसे देखे आयुष्मान सूची में स्वयं का नाम:** इस वेबसाइट पर जाकर आयुष्मान की सूची में स्वयं के परिवार का नाम है या नहीं जाना जा सकता है। इसके लिए सबसे पहले वेबसाइट पर जाकर अपना मोबाइल नंबर और कैप्चा भरने के बाद ओटीपी फीड करना होगा। आगे जो पेज खुलेगा उस पर स्वयं के बारे में मांगी गई सूचना फीड कर देख सकते हैं। इसके अलावा लोग जिला अस्पताल दुर्ग के आयुष्मान दफ्तर, नगर पालिका निगम भिलाई के कियोस्क पर, लाल बहादुर शास्त्री अस्तपाल, सुपेला और भिलाई-3 हास्पिटल में आयुष्मान मित्र के पास जाकर इससे जुड़ी जानकारी को समझ सकते हैं।

आयुष्मान की आन लाइन सूची में जिन परिवारों के नाम हैं, उनके इलाज के लिए किसी कार्ड की जरूरत नहीं है। अपनी सहूलियत के लिए ऑनलाइन अपना नाम चेक करने के बाद वह किसी भी कियोस्क सेंटर या चयनित अस्पताल में जाकर अपना केवाईसी अर्थात छूटा हुआ डाटा फीड करा सकते हैं। केवाईसी कराने के बाद स्मार्ट कार्ड धारियों को भले ई-आयुष्मान कार्ड मिल जा रहा है, लेकिन इलाज उन्हें 50 हजार रु. तक ही मिलेगा। क्योंकि पूर्व से संचालित मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एक ही डाटा बेस पर संचालित हो रही हैं। कार्ड बदलते ही वे 5 लाख के उपचार श्रेणी में आ जा रहे हैं।

## एसएसपी आरिफ शेख का प्रभार डीआईजी अजय यादव को

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आरिफ शेख के 12 दिन के अवकाश पर जाने के बाद उनकी जगह डीआईजी इंटेलीजेंस अजय यादव को एसएसपी का प्रभार दिया गया है।


ज्ञात हो कि रायपुर एसएसपी आरिफ शेख एक महत्वपूर्ण सेमीनार में शामिल होने के लिए विदेश दौरे पर हैं। श्री शेख करीब 12 दिन अवकाश पर रहेंगे। इस दौरान कामकाज को सुचारू रूप से चलाने के लिए उनके स्थान पर डीआईजी इंटेलिजेंस अजय यादव को रायपुर एसएसपी का प्रभार सौंपा गया है। इसके पूर्व अजय यादव अन्य जिलों में भी पुलिस अधीक्षक के पद पर रह चुके हैं।






## भाजपा ने आदिवासियों को ठगा-भूपेश बघेल

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



चित्रकोट उपचुनाव प्रचार के दौरान सीएम भूपेश बघेल ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। सीएम बघेल ने कहा कि पिछली सरकार ने अदिवासियों को सिर्फठगने का काम किया। भाजपा पर आदिवासी और मंत्री कवासी लखमा का अपमान करने का भी आरोप लगाया। सीएम ने रमन सिंह पर तंज कसते जवाब मांगा कि यूपी सरकार ने पच्चीस हजार होमगाईर्स को क्यों निकाला। वहीं रमन सिंह के आरोपों का भी सीएम बघेल ने जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि पूर्व में रमन टैक्स वसूला जा रहा था। क्या इस बात को रमन सिंह कबूल करेंगे। बता दें रमन सिंह ने बयान दिया था कि शराब को लेकर भूपेश टैक्स वसूला जा रहा है।

# झुग्गीवासियों को स्थायी पट्टा देने की योजना पर काम शुरू

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

शहरी क्षेत्रों के आवासहीन एवं भूमिहीन नागरिकों को पट्टा देने की योजना पर तेजी से सर्वे हो रहा है। सर्वे में दुर्ग जिले के नगरीय निकायों में 12 प्राधिकृत अधिकारी जो डिप्टी कलेक्टर रैंक के हैं झुग्गी बस्तियों का दौरा कर रहे हैं और लोगों से निर्धारित प्रारूप के अनुरूप फीडबैक ले रहे हैं।

झुग्गीवासी लोगों को अधिभोग की भूमि का पट्टा भी मिल सके, इसके लिए राजीव गांधी आश्रय योजना की अवधि का विस्तार कर इसे 19 नवंबर 2018 तक बढ़ाया गया। इस पहल से बड़ी संख्या में आवासहीन एवं भूमिहीन लोगों को पट्टा मिल सकेगा। भिलाई के वार्ड क्रमांक -23 में सर्वे के लिए पहुंचे डिप्टी कलेक्टर अरुण वर्मा ने बताया कि झुग्गी बस्तियों में व्यापक सर्वे किया




जा रहा है। सर्वे कार्य 30 अक्टूबर तक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं और 25 नवंबर तक पट्टा वितरण का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। पट्टे की पात्रता के लिए राशन कार्ड को आधार बनाया जाएगा। राशन कार्ड नहीं होने की स्थिति में नियम में उल्लेखित अन्य प्रामाणिक दस्तावेजों के आधार पर सत्यापन के पश्चात पट्टा प्रदान किया जाएगा।

### बालिग महिला सदस्य का नाम भी होगा सम्मिलित

योजनांतर्गत पट्टाधारी नागरिक को प्रतिवर्ग फुट विकास शुल्क के रूप में मामूली राशि देनी होगी जो नगर पंचायत क्षेत्र में पांच रुपये प्रति वर्ग फुट, नगर पालिका क्षेत्र में 10 रुपये प्रति वर्ग फुट एवं नगर निगम क्षेत्र में भी 10 रुपये प्रति वर्ग फुट होगी। यथासंभव झुग्गीवासियों को उसी स्थान पर व्यवस्थित किया जाएगा परंतु यदि व्यापक जनहित में झुग्गियों को अन्यत्र स्थानांतरित किया जाना आवश्यक है तो यह निर्णय उच्च स्तरीय समिति द्वारा लिया जाएगा। यदि कोई झुग्गीवासी किरायेदार के रूप में निवास कर रहा है तब भी पट्टे की पात्रता उसे ही होगी।













सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा दबंग दुनिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि. पानी टंकी के पास मोवा रोड, दलदल सिवनी, दुबे कॉलोनी, रायपुर, छत्तीसगढ़ पिन-492001 से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-मोहन राव* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, प्रबंध संपादक-ए.एन. द्विवेदी, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403